

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित





देश

## आज भारत-वेस्टइंडीज के बीच मुकाबला, मौसम बड़े मुकाबले में खलल डाल सकती है

## बंगाल में बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए लक्ष्य से ढाई गुना जमा हुए आवेदन

शुक्ल पक्ष, अश्लेषा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • रविवार • 01 मार्च 2026 • वर्ष 27 • अंक 90 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,51,000 | ₹ 2,95,000 |

## आज का इतिहास

**1901 :** भारत की जनगणना, ब्रिटिश राज की चौथी और पहली विश्वसनीय जनगणना थी।

**2005 :** भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक फैसले में उन लोगों के लिए मौत की सजा का फैसला सुनाया, जिन्होंने 18 साल की उम्र से पहले अपराध किया था और इसे असंवैधानिक कहा।

## न्यूज बाइट्स

### शिक्षा विभाग का बड़ा फैसला, 8386 पंचायतों के उत्क्रमित स्कूलों को मिलेंगे पीटी टीचर

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए शिक्षा विभाग ने एक बड़ा निर्णय लिया है, जिससे अब इन स्कूलों में खेल और स्वास्थ्य गतिविधियों को नया विस्तार मिलेगा । विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, जो मध्य विद्यालय अब उच्च माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित हो चुके हैं, वहां नामांकित सभी छात्र-छात्राएं शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक की सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे । सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश की सभी 8386 पंचायतों को एक-एक उच्च माध्यमिक विद्यालय से आच्छादित किया गया है । चूंकि ये उच्च माध्यमिक विद्यालय मूल रूप से मध्य विद्यालयों से ही उत्क्रमित हुए हैं, इसलिए इन परिसरों में पहले से सृजित शारीरिक शिक्षक या अनुदेशक के पद प्रभावी रहेंगे।

### होली पर जहरीली शराब रोकने को बिहार पुलिस की विशेष टीमें गठित

**पटना (नि.सं.)।** होली पर शराब तस्करी रोकने और जहरीली शराब घटनाओं से बचाव के लिए बिहार पुलिस की मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने सभी जिलों के एसपी को विशेष तौर पर अलर्ट किया है। इसके साथ ही विशेष कार्रवाई के लिए मुख्यालय स्तर से पांच टीमों का गठन किया गया है। इन सभी टीमों का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) कर रहे हैं। होली से पहले शराब के लिए बदनाम रहे क्षेत्रों को हाट स्पाट के रूप में भी चिह्नित किया गया है।शराब की होम डिलीवरी करने वालों को भी चिह्नित कर पकड़ा जाएगा।

### कैंसर से सुरक्षित रहेंगी बिहार की बेटियां

# 13 लाख किशोरियों के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

निज संवाददाता | पटना

देशभर में बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के अजमेर से राष्ट्रीय स्तर पर एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान का लक्ष्य प्रत्येक वर्ष देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 1.15 करोड़ 14 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों को मुफ्त टीका उपलब्ध कराना है। यह टीका निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क लगाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा राष्ट्रनिर्माण का आधार है।

राष्ट्रीय अभियान के साथ ही बिहार में भी राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान परिसर में किया गया। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि यह राज्य के लिए गर्व का विषय है कि बिहार ने देश में सबसे पहले एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत की थी। उन्होंने बताया कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों के लिए दो-डोज प्रणाली के तहत एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था। अब तक राज्य में 6 लाख 79 हजार से अधिक किशोरियों को प्रथम डोज तथा 85 हजार से अधिक को द्वितीय डोज दिया जा चुका है। शेष पात्र किशोरियों को निर्धारित समयावधि पूर्ण होने पर दूसरी खुराक दी जाएगी। अब यह राज्य योजना भारत सरकार के राष्ट्रीय कार्यक्रम में समाहित कर दी जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी दी कि वर्ष 2026 के लिए बिहार को 14–15 वर्ष आयु वर्ग की 13 लाख किशोरियों के टीकाकरण का लक्ष्य मिला है। राज्य के सभी जिलों एवं प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में स्तन कैंसर के बाद दूसरा सबसे आम कैंसर है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने संकल्प लिया है कि बेटियों को इस घातक बीमारी से सुरक्षित रखा जाएगा और इससे होने वाली मृत्यु दर को कम किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक अमित कुमार पांडेय, संयुक्त सचिव अनुपमा सिंह, आप्त सचिव अमिताभ सिंह, प्रशासी पदाधिकारी राजेश कुमार, आईजीआईएमएस के चिकित्सक अधीक्षक मनीष मंडल सहित कई अधिकारी, चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नारीशक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम : प्रधानमंत्री



पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अजमेर से एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है। ये अभियान देश की नारीशक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम है। हम सब जानते हैं कि परिवार में जब मां बीमार होती है, तो घर बिखर सा जाता है। अगर मां स्वस्थ है, तो परिवार हर संकट का सामना करने में सक्षम रहता है। इसी भाव से भाजपा सरकार में महिलाओं को संबल देने वाली अनेक योजनाएं चलाई हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि हमने 2014 से पहले का वो दौर देखा है, जिसमें शौचालय के अभाव में बहनों-बेटियों को कितनी पीड़ा और अपमान झेलना पड़ता था। बच्चियां स्कूल छोड़ देती थी, क्योंकि वहां अलग टॉयलेट की सुविधा नहीं होती थी। पहले जो सत्ता में रहे, उनके लिए ये छोटी बातें थी, इसलिए इन समस्याओं की चर्चा तक नहीं होती थी। उन्होंने कहा, "हमारे लिए ये बहन-बेटियों को बीमार करने वाला, उनके अपमान से जुड़ा संवेदनशील मसला था। इसलिए इनका मिशन मोड़ पर समाधान किया। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान कुपोषण माताओं के जीवन के लिए बहुत बड़ा खतरा होता था। हमने सुरक्षित मातृत्व के लिए योजना चलाई। मां को पोषक आहार मिले, इसके 5 हजार रुपए बहनों के खाते में जमा करने की योजना शुरू की। मां धुएं में खांसती रहती थी, लेकिन उफ्फ तक नहीं करती थी। हमने कहा कि ये नहीं चलेगा और इसलिए उज्ज्वला गैस योजना बनी। ये सब इसलिए संभव हुआ, क्योंकि भाजपा सरकार सत्ताभाव से नहीं, संवेदनशीलता के साथ काम करती है।

### स्वस्थ बेटी, सुरक्षित बिहार का संकल्प : स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय

मंगल पांडेय ने स्वस्थ बेटी, सुरक्षित बिहार – सशक्त होगा हमारा संसार के संकल्प के साथ अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने राज्य स्वास्थ्य समिति, जिला स्वास्थ्य अधिकारियों और सभी स्वास्थ्यकर्मियों से समन्वित प्रयास करने की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार निर्धारित 13 लाख टीकाकरण लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से प्राप्त कर स्वास्थ्य क्षेत्र में नई मिसाल कायम करेगा।

### सीएम ने बांस घाट और अन्य परियोजनाओं का लिया जायजा

# देशरत्न राजेंद्र प्रसाद स्मृति समारोह में शामिल हुए सीएम, बांस घाट परियोजनाओं का किया निरीक्षण

निज संवाददाता | पटना



राजधानी पटना में आयोजित देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उनके साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान दोनों नेताओं ने देश के प्रथम राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण किया। समारोह के उपरांत मुख्यमंत्री ने पटना में चल रही कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बांस घाट स्थित विद्युत शवदाह गृह, मंदिरी नाला निर्माण कार्य तथा नए बांस घाट में बन रहे विद्युत शवदाह गृह की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि आम नागरिकों को बेहतर एवं आधुनिक सुविधाएं मिल सकें। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, जल निकासी व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

### औद्योगिक विकास पर उपमुख्यमंत्री का बयान

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में औद्योगिक विकास को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बिहार में औद्योगिक निवेश में तेजी आई है। राज्य में कई बॉटलिंग प्लांट की स्थापना का कार्य प्रारंभ हो चुका है और एक प्रमुख बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन भी किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की पूर्व निर्धारित व्यस्तता के कारण वे स्वयं उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि 500 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली जेके सीमेंट फैक्ट्री का भी उद्घाटन किया जाएगा। इस परियोजना से राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

## 51 लाख आंगनबाड़ी बच्चों को मिलेंगे दो-दो सेट ड्रेस



**पटना(नि.सं.)।** राज्य के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दो-दो सेट ड्रेस उपलब्ध कराए जाएंगे। ग्रामीण विकास विभाग की इस पहल की औपचारिक शुरुआत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन के अवसर पर रविवार को की जाएगी। विभागीय मंत्री श्रवण कुमार राज्य स्तर पर इस योजना का शुभारंभ करेंगे। प्रथम चरण में लगभग 51 लाख आंगनबाड़ी बच्चों को दो-दो सेट ड्रेस देने की तैयारी की गई है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत मंत्री श्रवण कुमार पश्चिम चंपारण से ड्रेस वितरण की शुरुआत करेंगे। इसके बाद बगहा में भी बच्चों को पोशाक वितरित की जाएगी। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2022 में मुंगेर जिले से शुरू हुआ बिहार का पहला 'दीदी सिलाई केंद्र' अब राज्य के 15 जिलों में 25 आधुनिक सिलाई उत्पादन-सह-प्रशिक्षण केंद्रों तक विस्तारित हो चुका है। इसके अतिरिक्त सभी प्रखंडों में दो-दो उप-सिलाई केंद्र संचालित हैं। इस प्रकार कुल 1050 सिलाई केंद्रों के माध्यम से लगभग एक लाख जीविका दीदियां आजीविका से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। मंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चे बिहार की पहली पाठशाला के विद्यार्थी हैं। उनके सपने भले छोटे हों, लेकिन संभावनाएं असीम हैं। जीविका दीदियों द्वारा तैयार की गई पोशाक केवल वस्त्र नहीं, बल्कि समानता, आत्मविश्वास और सम्मान का प्रतीक है। प्रत्येक ड्रेस में मेहनत के साथ संवेदना और समर्पण भी जुड़ा है। सरकार का उद्देश्य इस पहल के माध्यम से बच्चों को समान अवसर उपलब्ध कराना और महिला स्वयं सहायता समूहों को स्थायी आजीविका से जोड़ना है।

## बिहार में अभेद्य सुरक्षा : होली और रमजान को लेकर 25 हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों की तैनाती



पटना। आगामी होली (3-4 मार्च) और जारी रमजान माह को देखते हुए बिहार में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। राज्य पुलिस मुख्यालय ने पूरे प्रदेश में शांति, सौहार्द और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी जिलों को संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्यभर में बड़े पैमाने पर अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसमें बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की 35 कंपनियां, रेंज रिजर्व की 12 कंपनियां और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 3 कंपनियां शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त 18,822 नवनियुक्त प्रशिक्षु सिपाही, 2,768 प्रशिक्षु सहायक अवर निरीक्षक और 5,100 गृह रक्षकों को भी तैनात किया गया है। राज्य के प्रमुख शहरों, चौक-चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की अतिरिक्त मौजूदगी सुनिश्चित की गई है। विशेष रूप से बाइकर्स गैंग, सड़क पर रेसिंग करने वालों और त्योहार की आड़ में शांति भंग करने की कोशिश करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी की गई है।

विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की विभिन्न धाराओं के तहत उपद्रवियों के खिलाफ निवारक कार्रवाई कर रही है। थाना और जिला स्तर पर शांति समितियों की बैठकें आयोजित की जा रही हैं, ताकि स्थानीय स्तर पर संवाद और समन्वय बना रहे। साथ ही असामाजिक तत्वों के खिलाफ सघन गश्ती, वाहन जांच और छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश जारी किए गए हैं। पिछले वर्षों की घटनाओं के आधार पर चिन्हित संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। उग्रवाद प्रभावित जिलों में भी विशेष निगरानी रखी जा रही है।

### सोशल मीडिया पर 24x7 निगरानी

अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय और जिला स्तर पर सोशल मीडिया सेल को 24 घंटे सक्रिय कर दिया गया है। फेसबुक, एक्स (पूर्व में ट्विटर) और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक या भ्रामक सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी अफवाह का तत्काल खंडन किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सही जानकारी साझा की जाएगी।

## ग्रामीण सड़कों को तय समय में पूरा करने के लिए चलेगा विशेष अभियान



निज संवाददाता | पटना

ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य को तय समय-सीमा में पूरा करने के लिए राज्य सरकार विशेष अभियान चलाएगी। शनिवार को अधिवेशन भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सचिव दिवेश सेहरा ने की। बैठक में राज्य प्रायोजित एवं केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इनमें मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना, ग्रामीण टोला निश्चय योजना, राज्य योजना (नाबार्ड), मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ नवीनीकरण एवं अनुरक्षण कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना, ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना, सुलभ संपर्कता योजना, सात निश्चय पार्ट-3 तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना शामिल हैं। सात निश्चय पार्ट-3 के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों को चरणबद्ध तरीके से चौड़ीकरण कर उन्हें 5.5 मीटर चौड़ी इंटरमीडिएट लेन में परिवर्तित किया जाना है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

राज्य में कुल 1,29,990 बसावटों और 1,33,675 किलोमीटर सड़कों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित है, साथ ही 4,655 पुलों का निर्माण प्रस्तावित है। इसके विरुद्ध अब तक 1,20,876 बसावटों को संपर्कता प्रदान की जा चुकी है।

इसके अतिरिक्त 1,19,915 किलोमीटर सड़कों तथा 2,750 पुलों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। समीक्षा बैठक में विशेष सचिव मनोज कुमार, अपर सचिव संजय कुमार, अपर सचिव अभय झा, अभियंता प्रमुख जय किशोर ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सरकार का मानना है कि निर्धारित समय में सड़क परियोजनाओं को पूरा करने से ग्रामीण संपर्कता मजबूत होगी और राज्य के समग्र विकास को गति मिलेगी।

## सीओ समेत राजस्व अधिकारियों की हड़ताल की चेतावनी, दो मार्च को राज्यव्यापी पेन डाउन

- 5 फरवरी को उपमुख्यमंत्री व विभागीय प्रधान सचिव के साथ वार्ता में सात बिंदुओं पर बनी थी सहमति

निज संवाददाता | पटना

बिहार में अंचल अधिकारी (सीओ) सहित राजस्व सेवा के अधिकारियों ने एक बार फिर आंदोलन की चेतावनी दी है। बिहार राजस्व सेवा संघ ने सरकार से पूर्व में हुए समझौतों को लागू नहीं किए जाने पर 2 मार्च को राज्यव्यापी सामूहिक कलमबद्ध (पेन डाउन) और काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया है। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि इसके बाद भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो अधिकारी हड़ताल सहित अन्य कड़े कदम उठाने के लिए स्वतंत्र होंगे।

संघ के अध्यक्ष आनन्द कुमार और महासचिव सौरभ कुमार ने इस संबंध में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को पत्र भेजकर निर्णय की जानकारी दी है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि संघ के अधिकारी 2 से 6 फरवरी तक सामूहिक अवकाश पर रहे थे। इस दौरान 5 फरवरी को उपमुख्यमंत्री और विभाग के प्रधान सचिव के साथ वार्ता हुई थी, जिसमें सात बिंदुओं पर सहमति बनी थी। संघ का कहना है कि सहमति के अनुसार डीसीएलआर (डिप्टी कलेक्टर लैंड रिफॉर्म्स) के पद पर राजस्व सेवा के अधिकारियों की ही तैनाती की जानी थी। यह पद परंपरागत रूप से बिहार राजस्व सेवा के प्रोन्नति पद के रूप में माना जाता रहा है। अधिकारियों को आश्वासन दिया गया था कि 12 फरवरी तक इस संबंध में विभागीय आदेश जारी कर दिया जाएगा, लेकिन अब तक आदेश निर्गत नहीं हुआ है। संघ ने आरोप लगाया है कि कई बार विभाग का ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद कोई ठोस पहल नहीं की गई। इसी के विरोध में 2 मार्च को सामूहिक कलमबद्ध का निर्णय लिया गया है। संघ ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित तिथि तक सरकार की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया गया तो आगे की रणनीति पर स्वतंत्र रूप से निर्णय लिया जाएगा।

संघ की प्रमुख मांगों में डीसीएलआर के 101 पदों पर राजस्व अधिकारियों की तैनाती, इस पद को सामान्य प्रशासन विभाग से वापस लेना, प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की तैनाती पर रोक, अनुमंडल राजस्व पदाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में सर्वे कार्य को शामिल करना तथा सामूहिक अवकाश की अवधि का समायोजन कर सेवा निरंतरता बनाए रखना शामिल है।

### होली के अवसर पर घर लौटना महंगा, बिहार आने वाले यात्रियों के लिए चुनौतीपूर्ण

## मुंबई–पटना फ्लाइट बैंकॉक से दोगुनी, 200 से अधिक स्पेशल ट्रेनों में भी 'नो रूम'

निज संवाददाता | पटना




होली के अवसर पर दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे महानगरों से बिहार आने वाले यात्रियों के लिए इस बार सफर चुनौतीपूर्ण और महंगा साबित हो रहा है। ट्रेनों में सीटों की भारी कमी है, जबकि हवाई किराया भी आसमान छू रहा है। रेलवे द्वारा 200 से अधिक होली स्पेशल ट्रेनें चलाए जाने के बावजूद अधिकांश ट्रेनों में 'नो रूम' की स्थिति बनी हुई है। कंफर्म टिकट के लिए अब यात्रियों की उम्मीद केवल तत्काल कोटे पर टिकी है। बड़े शहरों से पटना आने वाली फ्लाइट के किराए में भी भारी उछाल दर्ज किया गया है। शुक्रवार दोपहर तक 1 मार्च के लिए मुंबई से पटना की फ्लाइट का किराया 23,453 रुपये तक पहुंच गया। यह किराया उसी तारीख को दिल्ली से बैंकॉक जाने वाली फ्लाइट (9,483 रुपये) के मुकाबले दोगुने से भी अधिक है। इससे साफ है कि त्योहार के समय डिमांड बढ़ने के कारण एयरलाइंस ने किराए में उल्लेखनीय वृद्धि कर दी है।

होली में बिहार आने वाले यात्रियों के लिए दिल्ली, हरियाणा, झारखंड और पश्चिम बंगाल से राज्य परिवहन निगम द्वारा 51 स्पेशल बसों का परिचालन किया जा रहा है। इन बसों में 90 प्रतिशत सीटें पहले ही बुक हो चुकी हैं। यात्रियों को ऑन-द-स्पॉट टिकट की सुविधा दी जा रही है, लेकिन उपलब्धता सीमित है।

### होली के बाद वापसी के लिए 118 बसें

त्योहार के बाद वापस लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और गया सहित अन्य जिलों से देश के विभिन्न शहरों के लिए 118 बसों का परिचालन किया जाएगा। ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा राज्य परिवहन निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। त्योहार के इस सीजन में बढ़ती मांग के कारण रेल, हवाई और बस सेवाओं पर जबरदस्त दबाव है। ऐसे में यात्रियों को समय रहते टिकट की व्यवस्था करने की सलाह दी जा रही है।

### रेलवे में भी दबाव, फ्लेक्सी फेयर बढ़ा

रेलवे की नियमित ट्रेनों के साथ-साथ होली स्पेशल ट्रेनों में भी सीटें लगभग भर चुकी हैं। कई ट्रेनों में फ्लेक्सी फेयर लागू होने के कारण किराया सामान्य दिनों की तुलना में डेढ़ गुना तक पहुंच गया है। वेटिंग लिस्ट लंबी हो चुकी है और तत्काल टिकट ही एकमात्र विकल्प बचा है, वह भी सीमित सीटों के साथ।

### उप मुख्यमंत्री ने किया सीमेंट संयंत्र का उद्घाटन

## बक्सर बनेगा उद्योग का नया केंद्र : सम्राट चौधरी

निज संवाददाता | ब्रह्मपुर (बक्सर)




जिले के कांट गांव में देश की अग्रणी सीमेंट कंपनी जेके सीमेंट के नए संयंत्र का शनिवार को भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी और उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने संयुक्त रूप से रिमोट बटन दबाकर संयंत्र का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बक्सर में उद्योग की स्थापना जिले और राज्य दोनों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि बिहार में औद्योगीकरण के लिए अनुकूल माहौल तैयार हो चुका है और आने वाले समय में राज्यभर में उद्योगों का विस्तार होगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और उन्हें काम की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उद्योगों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। निवेशकों को निर्भय वातावरण उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक सुरक्षा हेतु एक नई बटालियन का गठन किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि निवेशकों को परेशान करने वाले अपराधियों के खिलाफ पुलिस त्वरित और कठोर कार्रवाई करेगी।

उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति के कारण निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और लगातार नए निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं। सरकार उद्योगपतियों को हर प्रकार की सुविधा और सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में कंपनी की ओर से डिप्टी चेयरमैन डॉ. निधि पति सिंघानिया ने अतिथियों का स्वागत किया।

## मार्च 2026 में 12 दिन बंद रहेगा शेयर बाजार

**नई दिल्ली(ए.)।** भारतीय शेयर बाजार के निवेशकों के लिए मार्च का महीना काफी छुट्टियों वाला रहने वाला है। आमतौर पर शनिवार और रविवार को बाजार बंद रहता है, लेकिन मार्च 2026 में सप्ताहांत के अलावा तीन बड़े त्योहारों के कारण ट्रेडिंग नहीं होगी। इस प्रकार, पूरे महीने में कुल 12 दिनों तक स्टॉक मार्केट में कोई गतिविधि नहीं होगी, जो महीने के कुल समय का लगभग 40 प्रतिशत है। मार्च के महीने में 3 विशेष ट्रेडिंग हॉलिडे, इस महीने में नौ दिन शनिवार और रविवार की छुट्टियां हैं, जिनमें चार शनिवार और पांच रविवार शामिल हैं। इनके अतिरिक्त, तीन प्रमुख त्योहारों के अवसर पर इक्विटी, कमोडिटी, डेरिवेटिव्स और करेंसी मार्केट जैसे सभी सेगमेंट्स पूरी तरह बंद रहेंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर के बच्चें गए शैक्षणिक परिभ्रमण पर

**कौआकोल**। बिहार शैक्षणिक दर्शन 2025-26 के अंतर्गत प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत राजगीर,नालन्दा एवं पावापुरी का भ्रमण किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार ने बताया कि परिभ्रमण का उद्देश्य बच्चों को कक्षा के बाहर भी व्यावहारिक ज्ञान देना है,ताकि वे ऐतिहासिक,वैज्ञानिक और पर्यावरणीय स्थलों को नजदीक से देख सकें। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को नालन्दा जिला के प्रसिद्ध पावापुरी मंदिर,राजगीर के शांति स्तूप,नालन्दा खंडहर आदि ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण कराकर उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिवम शुक्ला,अमन कुमार,विकास,आलोक आदि मौजूद थे।

### कौआकोल अंचल में भू-लगान बकायेदारों को दी जा रही नोटिस

**कौआकोल**। बिहार में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने ऑनलाइन लगान रसीद अनिवार्य कर दी है। इसी कड़ी में विभाग के निर्देश पर भू-लगान के राजस्व बकायेदारों को नोटिस देकर शीघ्र ही ऑनलाइन भुगतान करने का सीओ द्वारा नोटिस जारी किया जा रहा है। सीओ मनीष कुमार ने बताया कि सभी बड़े बकायेदारों को नोटिस दिया जा रहा है और बकाए की वसूली न होने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। सीओ ने बताया कि अंचल स्तर पर बड़े बकायेदारों से लगान वसूली को लेकर लिस्ट तैयार करने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करने को लेकर निर्देश दिए गए हैं। इसे देखते हुए अंचल में बड़े बकायेदारों की लिस्ट तैयार की जा रही है। उन बकायदारों को नोटिस भेजने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। सीओ ने बताया कि रैयतों को ऑनलाइन भुगतान की सुविधा दी गई है। उन्होंने रैयतों से जल्द से जल्द बकाया लगान की राशि जमा करने की अपील भी की है। वहीं उन्होंने निर्धारित समय अवधि तक भुगतान नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई करने की भी बात कही है।

### थानाध्यक्ष ने किया होलिका दहन स्थल का निरीक्षण

**नरहट (नवादा)**। रंगों का त्योहार होली और पवित्र महीना रमजान का शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए शनिवार को थानाध्यक्ष गौतम कुमार एवं बिजली विभाग के जेई धर्मेन्द्र कुमार ने होलिका दहन (अगजा) स्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि झिकरुआ गांव में एवं बरौली गांव के पास होलिका दहन स्थल के ऊपर से 33 हजार बिजली का तार गुजरा है। इस जगह पर होलिका दहन के दौरान आग की लपटें ऊपर उठने से बिजली तार को खतरा हो सकता है। थानाध्यक्ष और जेई ने ग्रामीणों से आग्रह किया है कि बिजली तार से दूर हट कर होलिका दहन करें। ताकि 33 हजार बिजली तार को कोई नुकसान नहीं पहुचे। जेई ने बताया कि बरौली के पास एलटी कभर तार है जिसको खोल दिया जाएगा। थानाध्यक्ष और जेई ने क्षेत्र में कई जगहों पर होलिका दहन स्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों को बिजली तार सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिया।

### शांति समिति की बैठक में भाईचारा के साथ होली मनाने की किया अपील

**नारदीगंज (नवादा)**। होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता सीओ रईस आलम ने की। बैठक में सांप्रदायिक सौहार्द के साथ होली मनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। सीओ ने कहा कि होली खुशियों और भाईचारे का पर्व है, इसे शांति और अनुशासन के साथ मनाया जाए। होलिका दहन के दौरान किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा कि होली के दौरान उपद्रवियों और शराब का सेवन कर हंगामा करने वालों पर विशेष नजर रखी जाएगी। लहेरिया कट बाइक चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। अफवाह फैलाने तथा अश्लील व फूहड़ गाने बजाने वालों पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। बैठक में धनंजय कुमार, संदीप कुमार, विनय कुमार साव, कैलाश प्रसाद यादव, अजय यादव, सुनील सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### खिजिरपुरा के मुशहरी टोला में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**केसरिया, पू.च**। सम्पूर्णता अभियान 2.0 के तहत शनिवार को सीएचसी व डॉक्टर्स फॉर यू के संयुक्त तत्वावधान में खिजिरपुरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 50 के परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब आठ दर्जन लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। शिविर में लोगों ने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्राप्त किया।बीडीओ कुमुद कुमार ने लोगों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों का लाभ उठाने का भी आग्रह किया। वही सीएचसी की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पूजा ने संस्थागत प्रसव के लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि अस्पताल में प्रसव कराने से जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रहते हैं तथा आपात स्थिति में तुरंत उपचार संभव होता है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच कराने की सलाह दी। डॉक्टर्स फॉर यू के बीसी शशिकांत सिंह ने पोषण, प्रसवपूर्व जांच, टीकाकरण और एनीमिया से बचाव पर विस्तार से जानकारी दी। शिविर में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की जांच की गई। डॉ केशी, एसटीएस अनुप्रिया, सीएचओ विजय वर्मा, राजकुमार, रामबाबू कुमार, अनुराधा मिश्रा, एएनएम आराधना कुमारी, चंचल कुमारी, सेविका सुनीता देवी, आशा मालती देवी, विमिला देवी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# कौआकोल में आयोजित पंचायत समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के तहत योजनाएं पारित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

- पंचायत समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की हुई समीक्षा
- लेखापाल एवं बीपीएम के निधन पर एक मिनट का मौन रखकर जताया शोक

**कौआकोल**। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय कौआकोल के सभागार कक्ष में शनिवार को एक साल के लम्बे अंतराल के बाद प्रखण्ड प्रमुख रीना राय की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन बीडीओ सह पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ० अखिलेश कुमार ने किया। बैठक की शुरुआत में बीडीओ सह पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ० अखिलेश कुमार ने प्रमुख रीना राय को एवं सीओ मनीष कुमार ने उपप्रमुख अनन्त कुमार उर्फ नवीन यादव को बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद बीडीओ ने सदन में जानकारी दी कि इस वर्ष कौआकोल प्रखण्ड ने दो होनहार कर्मी पीएम आवास के लेखापाल साधु शरण प्रसाद एवं जीविका के बीपीएम हलधर दास को असामयिक खो दिया। जिनके निधन उपरांत एक मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। इसके बाद गत बैठक की सम्पुष्टि की गई। वहीं बैठक में वर्ष 2025-26 तथा 2026-27 हेतु विभिन्न योजनाओं को अनुमोदन के लिए प्रस्ताव लाया गया। जिस पर सभी सदस्यों ने एक स्वर से योजनाओं के अंतिम चयन के लिए प्रखण्ड प्रमुख को अधिकृत कर दिया। योजनाओं के चयन व अनुमोदन के बाद प्रखण्ड प्रमुख रीना राय के आदेश पर विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में सबसे पहले बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों से कारणपृच्छा करते हुए वरीय अधिकारियों को सूचित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में सदस्यों ने राजस् व,स्वास्थ्य,आपूर्ति,विद्युत आदि विभागों का मामला उठाया। जिस पर सम्बंधित अधिकारियों ने समस्याओं को सुनकर निदान की बात कही। पाण्डेयगंगौट मुखिया



दीपक कुमार ने राशन कार्ड बनाने में एमओ पर अनियमितता का आरोप उठाया। वहीं उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम शुरु होते ही पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। पीएचईडी द्वारा नल-जल योजना में काफी अनियमितता है। जिस पर संज्ञान लेने की आवश्यकता है। पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार ने दर्जनों उपभोक्ताओं द्वारा नियमित बिजली बिल भुगतान करने के बाद भी गुआघोघरा गांव में विद्युत विभाग द्वारा पूरे गांव की बिजली काटे जाने का मुद्दा उठाया। जिस पर जेई अनीश कुमार ने कहा कि विभागीय नियमानुसार गांव की बिजली काटी गई है। ग्रामीणों द्वारा बिल भुगतान किया जा रहा है। गांव में जल्द ही बिजली बहाल कर दी जाएगी। उप प्रमुख नवीन यादव ने पीएम आवास योजना के सर्वे में हो रहे गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। जिस पर बीडीओ ने कहा कि विभागीय नियमानुसार नाम जोड़ने की प्रक्रिया की जा रही है। मौके पर रेंजर सौरभ शांडिल्य, बीसीओ सह बीईओ अजित कुमार, अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अविनाश कुमार, मनरेगा पीओ असलम हुसैन, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल, मुखिया नीभा कुमारी, पंकज कुमार यादव, इसरायल मियां,रेखा देवी, पंचायत समिति सदस्य नोमिंता कुमारी, रेणु कुमारी, देवकी देवी, ताजेंद्र कुमार, निकुंज विश्वकर्मा, रूपा सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि एवं सम्बंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया अपना दम खम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा**। मेरा युवा भारत केंद्र नवादा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कबड्डी एवं एथलेटिक्स फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ में काजल कुमारी नारदीगंज प्रथम अल्पना रंजन कादिरगंज द्वितीय निशु कुमारी नवादा तृतीय 200 मीटर दौड़ में अल्पना रंजन प्रथम खुशबू कुमारी द्वितीय अंजली कुमारी तृतीय लंबी कूद में खुशबू कुमारी प्रथम अंजली कुमारी द्वितीय ईशु कुमारी तृतीय वही 100 मीटर दौड़ में स्नेहा भारती प्रथम स्वीटी कुमारी द्वितीय लक्ष्मी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की बालक वर्ग एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ में पवन राज प्रथम आशीष कुमार साव द्वितीय पीयूष राज तृतीय 200 मीटर दौड़ में आशीष कुमार साव प्रथम धीरज कुमार द्वितीय हिमांशु कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किया कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 8 बालिका टीमों ने भाग लिया जिसमें सरोजिनी नायडू क्लब नवादा ने मदर टेरेसा क्लब फतेहपुर को बजरंग कबड्डी क्लब हरिशचंद्र स्टेडियम नवादा ने कदीरगंज कबड्डी क्लब को कमांडो क्लब लोहरपुरा ने प्रसाद बीघा क्लब को स्काउट क्लब नवादा ने रानी लक्ष्मीबाई क्लब पार नवादा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाया फाइनल मुकाबला बजरंग क्लब नवादा बनाम कमांडो क्लब लोहरपुरा के बीच खेला गया जिसमें लोहरपुरा की टीम ने कड़े मुकाबले में जीत कर विजेता बनी रंगोली प्रतियोगिता में कौवाकोल की टीम विजेता बनी सभी विजेता खिलाड़ियों को जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी ने मेडल प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया वही आयोजक के रूप में शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा स्काउट प्रशिक्षक संतु कुमार कोच कीर्ति रंजन प्रशिक्षक राजीव कुमार सतीश कुमार हरियाली मुरली विकास रिशु राजीव आदि लोगों ने इस प्रतियोगिता को सफल आयोजन में सहयोग दिया।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का शुभारम्भ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**नवादा**। कृषि विभाग, आत्मा द्वारा हरिश्चन्द्र स्टेडियम, नवादा के प्रांगण में दो दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेले के का उद्घाटन जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी,श्री शम्भू शरण पांडेय एवं जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती पुष्पा देवी के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी प्रखंडों से आए प्रगतिशील किसानों द्वारा अपने विशिष्ट कृषि उत्पादों के आकर्षक स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों में उन्नत किस्म के बीज, फल, सब्जियाँ, जैविक उत्पाद तथा आधुनिक खेती से संबंधित नवाचारों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही कृषि यंत्रीकरण से जुड़े विक्रेताओं द्वारा आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिससे किसानों को नई तकनीकों एवं उपकरणों की उपयोगिता की जानकारी प्राप्त हुई।

मेले में कृषि एवं संबद्ध विभागों द्वारा विभागीय स्टॉल भी लगाए गए, जहाँ किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। किसानों ने कृषि यंत्रों के परिचालन, रख-रखाव तथा उनके उपयोग से उत्पादन वृद्धि के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

किसान मेला का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, योजनाओं एवं यंत्रीकरण के प्रति जागरूक करना है, ताकि जिले में कृषि उत्पादन में वृद्धि हो तथा किसानों की आय में सतत बढ़ोतरी सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी श्री अजीत प्रकाश, उपनिदेशक कृषि अभियंत्रण श्री शशि शेखर कुमार, उप परियोजना निदेशक, आत्मा श्री उपेंद्र कुमार, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय ककोलत महोत्सव, 2026 का भव्य आग़ाज़

# सुप्रसिद्ध गायक सलमान अली की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



नवादा के ऐतिहासिक स्थल हरिश्चन्द्र स्टेडियम में तीन दिवसीय ककोलत महोत्सव–2026 का विधिवत उद्घाटन ककोलत के अभीक्षक,श्री यमुना पासवान,जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव धीमान द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। महोत्सव के प्रथम दिवस पर चित्रकला, सुलेखन, मेहंदी प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। संध्या में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायक सलमान अली ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से समां बाँध दिया। जैसे ही उन्होंने मंच संभाला, दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। अपने लोकप्रिय एवं सुपरहिट गीतों की श्रृंखला प्रस्तुत कर उन्होंने पूरे वातावरण को सुरमय बना दिया। उनकी दमदार आवाज, ऊँचे सुरों पर अद्भुत पकड़ तथा भावपूर्ण गायन शैली ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रोमांटिक एवं सूफी गीतों की प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे।

सलमान अली ने मंच से नवादा की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहाँ के लोगों का स्नेह और उत्साह उन्हें पुनः आने के लिए प्रेरित करता है। उनकी प्रस्तुति के दौरान पूरा स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। देर रात तक दर्शक कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे और प्रत्येक प्रस्तुति का भरपूर आनंद उठाया। महोत्सव के दूसरे दिन कवि सम्मेलन, स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति तथा संध्या में प्रसिद्ध गायक कुमार सत्यम की मनमोहक एवं सुरमयी प्रस्तुति आयोजित होगी।

वहीं महोत्सव के तीसरे दिन, दिनांक 01 मार्च 2026 (रविवार) को प्रातः 11:00 बजे से खेल भवन, नवादा में फरोग-ए-उर्दू सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लें तथा स्थानीय कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहित करें।

# समारोह में सेवानिवृत्त महिला पर्यवेक्षिका का कार्यकाल की सराहना



समारोह में उपस्थित सीडीपीओ एवं अन्य

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। शनिवार को समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय नरहट में कार्यरत महिला पर्यवेक्षिका गीता कुमारी के सेवानिवृत्त होने पर कार्यलय परिवार द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता सीडीपीओ ज्योति सिन्हा ने की। समारोह में बाल विकास परियोजना के महिला पर्यवेक्षिका गीता कुमारी के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें उपहार के साथ भावपूर्ण विदाई दी गई। सीडीपीओ कार्यालय के कर्मियों ने भी सेवानिवृत्त महिला पर्यवेक्षिका को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित कर विदाई दी। समारोह में सीडीपीओ ज्योति सिन्हा ने कहा कि सेवानिवृत्त पर्यवेक्षिका पहले सेविका का कार्य करते हुए पर्यवेक्षिका के पद पर चयन हुआ। उन्होंने अपने कार्यकाल में समय और विभागीय दायित्व को बखूबी निभाया। इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं। सीडीपीओ ने कहा सेवानिवृत्त के बाद हर कर्मी को अपने पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्व निर्वहन का सुंदर मौका मिलता है। आंगनबाड़ी सेविकाएं भी उनके सेवानिवृत्त होने पर भावुक होकर उपहार भेंट की। उनके कार्यकाल की सराहना और बेहतर भविष्य की कामना की। अंत में सभी ने एक दूसरे को आपस में गुलाल लगाकर होली मिलन का आनंद लिया। होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। समारोह में महिला सुपरवाइजर सुनीता, बबीता, निर्मला, शिवानी और ब्लॉक कॉर्डिनेटर सोनुमल, सहायक विनय कुमार, ऑपरेटर विशाल सहित सेविकाएं रुखसाना खातून,ऋतु, कंचन आदि शामिल हुए।

# होली के रंग में घुला सामाजिक सद्भाव, पासवान एकता मंच का अनूठा परिवार मिलन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र स्थित पीडब्ल्यूडी डाकबंगला परिसर रविवार को रंग, गुलाल और आपसी भाईचारे की खुशबू से सराबोर हो उठा, जब पासवान एकता मंच के तत्वावधान में पहली बार होली मिलन सह परिवार मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने आपसी भेदभाव भुलाकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। समारोह की शुरुआत आपसी अभिनंदन और रंग-अबीर के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर प्रेम और एकता का परिचय दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंच के सचिव सह पूर्व प्रमुख नरेश पासवान ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि पासवान एकता मंच द्वारा पहली बार आयोजित यह परिवार मिलन समारोह समाज को एक सूत्र में बांधने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह का मुख्य आकर्षण रहा। लोक गायक राजू पासवान, चंदन पासवान एवं मौसम ने पारंपरिक होली गीतों की ऐसी प्रस्तुति दी कि लोग झूम उठे। होली की पारंपरिक धुनों पर युवा, बुजुर्ग देर तक नाचते-गाते रहे। पूरा परिसर "होली है" के उल्लासपूर्ण उद्घोष से गूंजता रहा। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने एक स्वर में ऐसे आयोजनों को समाज की एकता और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने वाला बताया।

समापन के अवसर पर मंच के पदाधिकारियों ने आए हुए अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। रंग, उमंग और एकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ यह होली मिलन समारोह लोगों के दिलों में लंबे समय तक अपनी छाप छोड़ गया। समारोह में व्यंजन का भी लुत्फ़ लोगों ने उठाया।मौके पर पूर्व मुखिया अशोक पासवान, मंच के अध्यक्ष ठेरा पंचायत के पूर्व मुखिया अशोक पासवान, श्रवण पासवान, सरपंच मनती देवी सहित सैकड़ो की संख्या में विभिन्न गावं से आये सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# ककोलत महोत्सव में संस्कृति फाउंडेशन, पटना की मनोहारी प्रस्तुतियों ने जीता दर्शकों का दिल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**नवादा, बिहार**। ककोलत महोत्सव के अवसर पर हरिश्चंद्र स्टेडियम में संस्कृति फाउंडेशन, पटना के कलाकारों द्वारा भव्य एवं आकर्षक लोक-नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। कार्यक्रम का निर्देशन अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त नर्तक एवं कोरियोग्राफर जीतेंद्र चौरसिया ने किया, जिनके कुशल निर्देशन ने पूरी प्रस्तुति को ऊँचाई प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ सृष्टि, सुजाता एवं कुसुम द्वारा शास्त्रीय शैली में "शिव स्तोत्रम" की भावपूर्ण प्रस्तुति से हुआ, जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात सावन माह की लोक परंपरा पर आधारित कजरी प्रस्तुत की गई, जिसमें नायिका ने रिमझिम फुहारों के बीच अपनी विरह-वेदना को गीत "सावन लावेला बाहर पड़े रिमझिम फुहार, मोरा जिया नहीं लगे नईहरवा में" के माध्यम से अभिव्यक्त किया।

तीसरी प्रस्तुति में भोजपुरी लोकनाट्य के अमर रचनाकार भिखारी ठाकुर की प्रसिद्ध कृति "बिदेसिया" पर आधारित नृत्य-नाट्य प्रस्तुत किया गया। इसमें नायक द्वारा नायिका का गौना कर उसे अकेला छोड़ विदेश चले जाने की करुण कथा को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया, जिसने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। अंतिम और अत्यंत मनोहारी प्रस्तुति लोककवि महेंद्र मिश्र की रचना "पूरबी" पर आधारित थी। इस नृत्य-नाट्य में कृष्ण और राधा के प्रेम प्रसंग को सजीव किया गया, जहाँ कृष्ण स्त्री-वेश धारण कर गोदनहरी बनकर राधा के गाँव पहुँचते हैं। राधा उनकी चतुराई को पहचान लेती हैं, किंतु प्रेमवश लोक-लाज त्याग कर कान्हा के साथ नृत्य में मग्न हो जाती हैं। इस प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सभी नृत्य प्रस्तुतियाँ सुप्रसिद्ध लोकगायिका चंदन तिवारी की मधुर गायकी पर आधारित थीं। निर्देशन और गायन के अद्भुत संयोजन ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम में भाग लेने वाली प्रमुख कलाकारों में सृष्टि, कुसुम, सुजाता, माही क्वीन, खुशी एवं इशिता शामिल थीं। संस्कृति फाउंडेशन, पटना की इस प्रभावशाली प्रस्तुति ने ककोलत महोत्सव को सांस्कृतिक गरिमा और लोक-सुगंध से सराबोर कर दिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# इमामगंज नगर पंचायत का 50.01 करोड़ का ऐतिहासिक बजट पारित, हर वार्ड पार्षद को लैपटॉप

## डिजिटल पारदर्शिता की नई पहल, हाईटेक सुविधाओं से सुसज्जित होगा नगर क्षेत्र

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज।** इमामगंज से विकास की दिशा में एक बड़ी और सकारात्मक पहल सामने आई है। नगर पंचायत ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 50.01 करोड़ रुपये का महत्वाकांक्षी बजट पारित किया है। शनिवार दोपहर करीब दो बजे आयोजित विशेष बैठक में सर्वसम्मति से बजट को मंजूरी दी गई। इस बजट में नगर क्षेत्र के संतुलित और समग्र विकास पर विशेष जोर दिया गया है। बैठक के दौरान नगर पंचायत को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से सभी वार्ड पार्षदों को लैपटॉप वितरित किए गए। इसे पारदर्शी, जवाबदेह और आधुनिक प्रशासन की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष सोनम कुमारी ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि इमामगंज के उज्ज्वल भविष्य का रोडमैप है। उन्होंने कहा कि विकास का लाभ नगर पंचायत के हर घर तक पहुंचाना प्राथमिक लक्ष्य है। पारदर्शिता, स्वच्छता और आधुनिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही उन्होंने नगरवासियों को होली की शुभकामनाएं भी दीं।






कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार पांडे ने बजट की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता, सड़क-नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट और नगर सौंदर्यीकरण के लिए पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है। आधारभूत संरचना को मजबूत करने के साथ-साथ कौशल विकास और शहरी सुविधाओं के आधुनिकीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। लक्ष्य है कि इमामगंज को एक मॉडल नगर पंचायत के रूप में विकसित किया जाए। नगर पंचायत क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया गया है। मुख्य सड़कों और गलियों में हाईमास्ट लाइटें स्थापित की गई हैं। अधिकांश बिजली खंभों पर हैलोजन और तिरंगा लाइट लगाई गई है, जिससे रात में पूरा नगर रोशनी से जगमगा उठता है। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 50 से अधिक स्थानों पर अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के माध्यम से असामाजिक गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन का दावा है कि छोटी से छोटी गतिविधि भी कैमरों में रिकॉर्ड हो सकती है, जिससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। नगर पंचायत क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था पूरी तरह लागू है। सुबह-सुबह गलियों में स्वच्छता वाहन की सीटी और जागरूकता गीतों की आवाज सुनाई देती है—"कचरा वाला आया है, कचरा घर से निकालो..."। जगह-जगह डस्टबिन लगाए गए हैं और नियमित सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इससे नगर की स्वच्छता व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है।

बजट सत्र के बाद नगर पंचायत कार्यालय परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। समारोह में मुक्त पार्षद पति धीरज पासवान, उपमुख्य पार्षद पति उपेंद्र रजक, मुख्य परिषद प्रतिनिधि भवानी सिंह, वार्ड पार्षद अखिलेश कुमार दांगी, सुरेश प्रसाद गुप्ता, पंकज कुमार, संतोष सौंडिक, रणजीत मिश्रा, विकास कुमार मिश्रा, दिलबहार कुमार यादव, अनुज पासवान सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इमामगंज नगर पंचायत में इन दिनों विकास कार्यों की रफ्तार तेज है। डिजिटल प्रशासन, आधुनिक रोशनी, सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था और स्वच्छता अभियान के बीच नगर एक नई पहचान गढ़ रहा है। 50.01 करोड़ रुपये का यह बजट आने वाले वर्षों में इमामगंज को एक आदर्श, सुरक्षित और आधुनिक नगर पंचायत के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है।

# बेलागंज में बीस सूत्री बैठक, स्वच्छता वाहन दुरुपयोग और स्टेडियम निर्माण पर उठे सवाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेलागंज, गया।** बेलागंज प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को प्रखंड स्तरीय बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष संजय कुमार ने की, जबकि संचालन बीडीओ डॉ. राघवेंद्र कुमार शर्मा ने किया। शुरुआत पिछली बैठक के निर्णयों की समीक्षा से हुई, इसके बाद विभिन्न विभागों की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सदस्य धनंजय शर्मा ने पंचायत स्तर पर स्वच्छता के लिए खरीदे गए वाहनों के दुरुपयोग का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन वाहनों का इस्तेमाल आम जनता की सेवा के बजाय पंचायत प्रतिनिधियों के निजी कार्यों में किया जा रहा है। इस मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। सदस्य राहुल कुमार ने बेलागंज स्थित ऐतिहासिक पड़ाव मैदान में प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण को लेकर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि यदि सरकार मैदान का उपयोग करना चाहती है तो पूरे भू-भाग को



चिन्हित कर चहारदीवारी का निर्माण कराया जाए। आंशिक घेराबंदी पर भी सवाल उठाए गए। उन्होंने बताया कि यह भूमि केसरी हिंद की है, जहां दोनों समुदायों के धार्मिक अनुष्ठान होते हैं और यह प्रखंड का एकमात्र बड़ा मैदान है, जहां सामाजिक व राजनीतिक सभाएं आयोजित की जाती हैं। धर्मपाल सिंह ने राजस्व से जुड़े मामलों को उठाया। इस पर अंचलाधिकारी गजानंद मेहता ने बताया कि पूर्व सर्वे के बाद हुई जमीन की रजिस्ट्री का दाखिल-खारिज अंचल अमीन की रिपोर्ट के आधार पर किया जा रहा है। ग्रामीण पथ निर्माण विभाग द्वारा बेला पनारी पथ से शिवरामपुर तक सड़क चौड़ीकरण में पईन भरकर निर्माण कराए जाने का मुद्दा भी चर्चा में रहा। सांसद प्रतिनिधि अनिल कुमार ने केंद्र सरकार की सौर ऊर्जा योजना के प्रचार-प्रसार में कमी बताते हुए जागरूकता अभियान तेज करने की आवश्यकता जताई। बैठक में बाल विकास, खाद आपूर्ति, मनरेगा समेत अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपाध्यक्ष दिलीप कुमार, परवेज आलम, दीपक कुमार, इंद्रजीत मांझी, थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे सहित कई जनप्रतिनिधि और विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गया में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 63वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, राष्ट्रनिर्माण में योगदान को किया याद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** देश के प्रथम राष्ट्रपति, महान स्वतंत्रता सेनानी और संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 63वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को गया में श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को याद किया। गया के राजेंद्र टावर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वहीं जिला कांग्रेस कार्यालय 'राजेंद्र आश्रम' में भी श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। नेताओं ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय लोकतंत्र के मजबूत आधार स्तंभ थे। स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका अग्रणी रही और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान की। वक्ताओं ने संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में उनकी भूमिका को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उन्होंने संविधान निर्माण की प्रक्रिया को संतुलित, शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक



तरीके से संचालित किया। भारतीय संविधान के निर्माण में उनका नेतृत्व सदैव स्मरणीय रहेगा।

सभा में गया से उनके ऐतिहासिक और भावनात्मक संबंधों का भी उल्लेख किया गया। उनके महत्वपूर्ण प्रवास और पारिवारिक जुड़ाव के कारण वर्ष 1935 में जिला कांग्रेस कार्यालय का नाम 'राजेंद्र आश्रम' रखा गया था। यह स्थान आज भी उनके आदर्शों और विचारों का प्रतीक माना जाता है। नगर निगम क्षेत्र में स्थापित उनकी प्रतिमा नागरिकों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करती है। वक्ताओं ने उनके छात्र जीवन की प्रतिभा का जिक्र करते हुए बताया कि परीक्षकों ने उनकी उत्तर पुस्तिका पर 'Examinee is better than examiner' जैसी टिप्पणी लिखी थी, जो उनकी असाधारण मेधा का प्रमाण है। उनका जीवन सादगी, त्याग और सेवा का आदर्श उदाहरण रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठु सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर नेताओं ने राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन से गया समाहरणालय गोलंबर पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने की मांग की, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके योगदान से प्रेरणा ले सकें।

# रानीगंज गड़ेरिया में होली मिलन समारोह, रंग-रस के साथ गूंजा सामाजिक एकता का संदेश

## दाँगी बोर्डिंग परिसर में दांगी समाज का भव्य आयोजन, भोजपुरी और मगही गीतों पर झूमे लोग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज।** इमामगंज प्रखंड के रानीगंज गड़ेरिया गांव स्थित दाँगी बोर्डिंग परिसर में दांगी समाज द्वारा भव्य और भावनात्मक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रंग, रस और रिश्तों की मिठास से सराबोर इस आयोजन में समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। पूरे परिसर में उत्साह, उमंग और आपसी अपनापन साफ झलक रहा था। कार्यक्रम का नेतृत्व दांगी समाज के अध्यक्ष डॉ. कृष्ण प्रसाद दांगी तथा जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बृजनंदन प्रसाद दांगी ने किया। आयोजन की शुरुआत आपसी मिलन और गुलाल-अबीर से हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। समारोह में भोजपुरी कलाकार आंती सिंह





और दुष्यंत कुमार की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। आंती सिंह ने होली गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके सुरों पर लोग झूमते और गुनगुनाते नजर आए "फगुआ में रंगवा उड़े ला, सजनवा के अंगना, अबीर गुलाल से भर गइल गाँव के हर दुआरना..." वहीं दुष्यंत कुमार ने मगही रंग में डूबी प्रस्तुति से लोगों का दिल जीत लिया— "होरी खेले चलीं सखी सब मिल-जुल के अंगना, रंग में भींजा देलस सजन, हँसे लागल हर जना..." गीत-संगीत और ठहाकों के बीच लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। हर चेहरे पर मुस्कान और हर दिल में भाईचारे का भाव नजर आया। पूरा परिसर सामाजिक समरसता और एकता के रंग में रंगा दिखा। जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बृजनंदन प्रसाद दांगी ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का पर्व है। ऐसे आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोते हैं और आपसी प्रेम को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी से मिल-जुलकर क्षेत्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर दांगी समाज के अध्यक्ष डॉ. कृष्ण प्रसाद दांगी, मुखिया पिंटू कुमार, डॉ. सत्येंद्र प्रसाद, रौशन कुमार, पिंटू दांगी, किशोरी प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह ने सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक परंपरा की सशक्त मिसाल पेश की।

## ऑपरेशन मुस्कान की सफलता:

# एक साल बाद गुम मोबाइल मिला, असली मालिक को सौंपा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेलागंज, गया।** गया जिले के बेलागंज थाना परिसर में पुलिस के विशेष अभियान 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत एक वर्ष पूर्व गुम हुआ मोबाइल फोन बरामद कर उसके वास्तविक धारक को सौंप दिया गया। शनिवार को थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडे ने देवबंन्त कुमार को उनका मोबाइल वापस किया। थाना प्रभारी ने बताया कि देवबंन्त कुमार का मोबाइल लगभग एक साल पहले गुम हो गया था, जिसकी सनहा बेलागंज थाना में दर्ज कराई गई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से मोबाइल की ट्रैकिंग शुरू की और लगातार खोजबीन जारी रखी।

सघन प्रयास और तकनीकी निगरानी के बाद पुलिस टीम मोबाइल बरामद करने में सफल रही। मोबाइल वापस मिलने पर देवबंन्त कुमार ने



खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इतने लंबे समय के बाद उनका फोन मिल सकेगा। उन्होंने गया पुलिस और बेलागंज थाना की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत गुम हुए मोबाइल, बच्चों और अन्य मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है, ताकि आम लोगों को त्वरित राहत मिल सके। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है।

# बोधगया में भाकपा का प्रखंड कार्यालय घेराव, मनरेगा में 200 दिन काम और 600 रुपये मजदूरी की मांग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बोधगया, गया।** बोधगया प्रखंड कार्यालय परिसर शनिवार को उस समय आंदोलन का केंद्र बन गया, जब भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीणों, खेत मजदूरों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय का घेराव किया और सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाकपा के जिला सचिव सीताराम शर्मा ने किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के कारण मनरेगा योजना का मूल स्वरूप कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा को उसके मूल प्रावधानों के अनुरूप सख्ती से लागू किया जाए। पार्टी की मांग है कि प्रत्येक मजदूर को साल में 200 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया जाए तथा न्यूनतम 600 रुपये प्रतिदिन मजदूरी दी जाए, ताकि बढ़ती महंगाई के बीच मजदूरों का जीवन स्तर सुधर सके।

**खेत मजदूरों के लिए 10 हजार मासिक वेतन की मांग:** धरना में शामिल वक्ताओं ने खेत मजदूरों के लिए 10 हजार रुपये



मासिक वेतन तय करने की मांग को प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में काम की अनिश्चितता और कम आय के कारण मजदूरों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। इसके अलावा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने, बिजली विधेयक और बीज विधेयक में किए गए संशोधनों को वापस लेने की भी मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि इन संशोधनों से छोटे और सीमांत किसानों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

**कानून-व्यवस्था पर भी उठाए सवाल:** सभा के दौरान राज्य में बढ़ती हत्या, लूट और बलात्कार जैसी घटनाओं पर भी चिंता जताई गई। पार्टी नेताओं ने कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार के लिए सरकार को ठोस और सख्त कदम उठाने चाहिए। प्रखंड सचिव रामबली मांझी, सहायक सचिव कन्हैया सिंह, सुरेंद्र दास, रोहित कुमार और सफीक आलम सहित कई नेताओं ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मजदूरों, किसानों और आम जनता की समस्याओं की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**प्रशासन को सौंपा ज्ञापन:** धरना-प्रदर्शन के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड प्रशासन को अपनी मांगों से संबंधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक पहल नहीं की गई, तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। कुल मिलाकर यह धरना-प्रदर्शन क्षेत्र में मजदूर और किसान मुद्दों को लेकर बढ़ती सक्रियता का संकेत माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में 'सुपर संडे' पर सजेगी साइकिलों की कतार, फिट इंडिया अभियान के तहत भव्य कार्यक्रम

**नालंदा।** नालंदा में 1 मार्च को 'सुपर संडे साइकिल' कार्यक्रम का भव्य आयोजन होने जा रहा है। आयोजन युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) के 'फिट इंडिया' अभियान को गति देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। साइकिल एसोसिएशन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के जरिए जिले के नागरिकों को स्वास्थ्य और खेलों के प्रति जागरूक किया जाएगा। तैयारियों को लेकर नालंदा लक्ष्य खेल एकेडमी, नालंदा पारा स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं साइकिल एसोसिएशन के प्रतिनिधि कुंदन कुमार पांडे ने बताया कि यह रैली सुबह 9:00 बजे हरनौत फुटबॉल स्टेडियम से शुरू होगी। सैकड़ों साइकिल सवारों का यह जत्था शहर के अलग-अलग मार्गों से होते हुए गंगा मेमोरियल कॉलेज तक जाएगा। खास बात यह है कि साइकिलिंग के समापन के बाद सभी प्रतिभागी सामूहिक रूप से योगाभ्यास करेंगे। फिटनेस को बढ़ावा देने वाले खेलों में हिस्सा लेंगे। आयोजन समिति ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिले के तमाम खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, कोच, कोचिंग संचालकों और स्कूल संचालकों को सादर आमंत्रित किया है। कुंदन कुमार पांडेय ने अपील करते हुए कहा कि वर्तमान समय में खुद को और आने वाली पीढ़ी को शारीरिक रूप से फिट रखना अनिवार्य है। साइकिल एसोसिएशन के माध्यम से इस खेल गतिविधि में भाग लेकर न केवल लोग स्वयं को स्वस्थ रख सकते हैं, बल्कि पूरे जिले को फिटनेस का एक सकारात्मक संदेश भी दे सकते हैं। रविवार को होने वाले इस आयोजन को लेकर युवाओं और स्थानीय खिलाड़ियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सुरक्षा और सुचारू संचालन के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ताकि 'सुपर संडे' को नालंदा का हर नागरिक जोश और ऊर्जा के साथ मना सके।

### होली पर हुड़दंगियों-शराब तस्करों पर प्रशासन की नजर, सड़कों पर उतरा उत्पाद विभाग, टोल फ्री नंबर जारी किया

**नालंदा।** आने वाले होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने और जिले में पूरी तरह से शराबबंदी को सख्ती से लागू करने के लिए मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग, नालंदा पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। आज शाम को विभाग की ओर से जिले के विभिन्न चौक-चौराहों और मुख्य बाजारों में व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। इस अभियान के जरिए अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त तत्वों को सख्त संदेश दिया गया है। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च का नेतृत्व स्वयं मद्यनिषेध अधीक्षक, नालंदा लाला अजय कुमार सुमन ने किया। उनके साथ उत्पाद थाना के एसएचओ मुन्ना कुमार, अन्य विभागीय पदाधिकारी और भारी संख्या में सशस्त्र बल के जवान मौजूद रहे। टीम ने नगर के संवेदनशील इलाकों, भीड़-भाड़ वाले बाजारों और मुख्य सड़कों पर पैदल और गाड़ी के माध्यम से गश्त की और आमजन को शराबबंदी कानून के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिहार में पूरी तरह से शराबबंदी लागू है और शराब का निर्माण, भंडारण, बिक्री या सेवन करना एक गंभीर कानूनी अपराध है। अधिकारियों ने चेतावनी देते हुए बताया कि शराब के साथ पकड़े जाने पर दोषी को 10 साल तक की जेल हो सकती है। इसके साथ ही स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए बताया गया कि जहरीली शराब के सेवन से अंधापन, गंभीर बीमारियां और यहां तक कि मौत भी हो सकती है। विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने में मदद करें। यदि कहीं भी शराब का निर्माण या बिक्री हो रही है, तो तुरंत टोल फ्री नंबर 15545 या 18003456268 पर सूचना दें। विभाग ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी। अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि होली के दौरान यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।

### अब बिहारशरीफ में ही निखरेगी नाक की बनावट, नाक की सर्जरी के लिए नहीं जाना होगा बड़े शहर

**नालंदा।** चिकित्सा के क्षेत्र में नित नई प्रगति कर रहे बिहारशरीफ शहर में अब सौंदर्य और स्वास्थ्य का एक अनूठा संगम देखने को मिलेगा। शहर के डॉक्टर्स कॉलोनी स्थित अश्विनी कॉस्मेटिक एंड ईएनटी हॉस्पिटल में अब राइनोप्लास्टी (नाक की प्लास्टिक सर्जरी) की आधुनिक सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। आज आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान देश के ख्याति प्राप्त सर्जनों और अस्पताल के विशेषज्ञों ने इस उन्नत चिकित्सा पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। अस्पताल के संचालक डॉ. अश्विनी कुमार वर्मा, डॉ. अचला वर्मा और डॉ. अभिनव ने बताया कि अब तक राइनोप्लास्टी जैसी जटिल सर्जरी के लिए नालंदा के मरीजों को दिल्ली या मुंबई जैसे महानगरों की दौड़ लगानी पड़ती थी। लेकिन अब यह सुविधा बिहारशरीफ में ही अपेक्षाकृत कम बजट में उपलब्ध है। इससे न केवल मरीजों के समय की बचत होगी, बल्कि आर्थिक रूप से भी उन्हें काफी राहत मिलेगी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए देश के जाने-माने सर्जन डॉ. विकास कुलकर्णी ने स्पष्ट किया कि राइनोप्लास्टी को अक्सर केवल सौंदर्य सुधार (Cosmetic Surgery) से जोड़कर देखा जाता है, जबकि इसका महत्व इससे कहीं अधिक है। यह सर्जरी श्वास संबंधी समस्याओं, टेढ़ी नाक (डेविएटेड सेप्टम) को सीधा करने या किसी दुर्घटना के कारण आई नाक की विकृति को ठीक करने में भी अत्यंत सहायक है। आधुनिक सुरक्षित प्रक्रियाओं के माध्यम से अब इसके परिणाम काफी सटीक और बेहतर प्राप्त किए जा सकते हैं। सर्जरी की बारीकियों पर चर्चा करते हुए डॉ. अचला ने बताया कि अस्पताल में 'ओपन' एवं 'क्लोज़्ड' दोनों ही तकनीकों से सर्जरी करने की व्यवस्था है।


### सोन वर्षा वाणी (हिन्दी दैनिक)
फार्म - IV
(नियम 8 देखिये)

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन स्थान | : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) |
| 2. प्रकाशन अवधि | : दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : श्रीराम अम्बष्ट |
| (क्या भारत के नागरिक हैं) | : भारतीय |
| (यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : X |
| पता | : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) |
| 4. प्रकाशक का नाम | : श्रीराम अम्बष्ट |
| (क्या भारत के नागरिक हैं) | : भारतीय |
| (यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : X |
| पता | : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) |
| 5. संपादक का नाम | : श्रीराम अम्बष्ट |
| (क्या भारत के नागरिक हैं) | : भारतीय |
| (यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : X |
| पता | : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते तथा जो समाचार पत्र के स्वामी हों जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : श्रीराम अम्बष्ट<br>: सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) |

मैं श्रीराम अम्बष्ट एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार उपर दिये गये विवरण सत्य हैं।

दिनांक : 01.03.2026

श्रीराम अम्बष्ट
प्रकाशक के हस्ताक्षर

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बेटी की रिस्ता तय कर लौट रहे पिता की सड़क दुर्घटना में हुई मौत, बेटी जख्मी

**बिक्रमगंज /रोहतास।** सासाराम पथ पर शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के सोनफुला पेट्रोल पंप के पास दो बाइक की टक्कर में संझोली थाना क्षेत्र के गरुड़ा निवासी 62 वर्षीय जोखन सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनकी 20 वर्षीय पुत्री सरीता कुमारी बुरी तरह से जख्मी हो गई है। जिसका इलाज बनारस में चल रहा है। एक अन्य युवक के जख्मी होने की सूचना है। जख्मी युवक संझोली थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया निवासी बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृतक अपनी बेटी की शादी के सिलसिले में लड़की दिखाने के कार्यक्रम में अपनी पुत्री को लेकर बिक्रमगंज गए थे। कार्यक्रम के समापन के बाद बाइक से अपने गांव गरुड़ा लौट रहे थे। बाइक राजपुर थाना क्षेत्र के जनेरिया का उनका भतीजा चला रहा था। मानी गांव के समीप स्थित सोनफुला पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने के लिए जैसे हीं वह दाहिने मुड़ा। पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक टक्कर मार दी। जिसमें एक बाइक पर सवार गरुड़ा निवासी जोखन सिंह और उनकी पुत्री तथा दूसरे बाइक पर सवार एक युवक जख्मी है गया। जोखन सिंह और उनकी पुत्री को सदर अस्पताल सासाराम में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात जोखन सिंह की मौत हो गई। जबकि पुत्री को चिकित्सकों ने बनारस रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। अन्य बाइक पर सवार मिश्रवलिया के एक युवक के जख्मी होने की सूचना है, लेकिन उसके संबंध में विशेष जानकारी नहीं मिल सकी है। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौप दिया गया है। एक बाइक जब्त कर ली गई है, जबकि दूसरे बाइक को लेकर लोग फरार हो गए है।

### काराकाट पुलिस की कार्रवाई : देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार,पूर्व केस में दूसरा भी दबोचा गया

**काराकाट / रोहतास।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब के विरुद्ध अभियान चलाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है । थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मूंजी निवासी स्वर्गीय सरोज कुमार के पुत्र छोटू कुमार को पुलिस ने 02 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है । पुलिस ने मौके पर शराब जब्त करते हुए उसे हिरासत में ले लिया । वहीं दूसरी ओर पूर्व से दर्ज शराब मामले में थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी स्वर्गीय वृद्धा पासी के पुत्र दिनेश पासी को भी गिरफ्तार किया गया है । इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा । गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया ।

### कूड़ा बेचने वाले 45 वर्षीय व्यक्ति का सोन नदी में डूब कर हुई मौत

**डेहरी /रोहतास।** थाना क्षेत्र के मकराइन पुल के पास से कूड़ा बेचने वाले एक व्यक्ति का शव बराबर किया गया है। लोगों ने बताया कि संभवत कूड़ा बेचने वाला व्यक्ति सौच करने के बाद पानी छूने के दौरान सोन नदी स्थित पानी में चला गया होगा। थाना अध्यक्ष रवि रंजन गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम जख्वी बीघा निवासी सुदामा भुइया उम्र 45 वर्ष का शव मकराइन पुल के पास से बरामद किया गया है। बताया कि उक्त व्यक्ति कूड़ा बेचने का काम करता है। पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराकर मृतक के पुत्र शिवकुमार भुइया को सौंप दिया गया।

### मीटर बाईपास कर बिजली चोरी मामले में तीन पर जुर्माना व प्राथमिकी दर्ज

**दिनारा /रोहतास।** प्रखंड दिनारा क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत बिजली चोरी के तीन मामलों में जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच के दौरान मीटर से पहले सर्विस तार में कटिंग कर अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा था। इस क्रम में नटवार थाना क्षेत्र के विशम्भरपुर निवासी सीधी साह पिता-नारायण साह पर 90037, विंध्याचल ठाकुर पिता-मसाली ठाकुर पर 7898 तथा हरेराम सिंह पिता-शिवपुजन सिंह पर 9416 राजस्व क्षति आंकलित करते हुए दंडात्मक राशि लगाई गई है। तीनों मामलों में मीटर बाईपास के कारण वास्तविक मीटर रीडिंग बाधित हो रही थी, जिससे विभाग को राजस्व हानि हो रही थी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए विशेष दस्ता दल गठित कर बिजली बिल वसूली अभियान तेज कर दिया गया है। नियमित रूप से बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन ऑन-स्पॉट काटे जा रहे हैं। बिना बकाया राशि जमा किए अथवा रिकनेक्शन आदेश के बिना बिजली उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जुर्माना लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिजली चोरी के विरुद्ध विशेष अभियान निरंतर जारी है। उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग और समय पर भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत फरवरी माह में अब तक 53 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिन पर कुल 26.78 लाख का जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

### अंजबित सिंह महाविद्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित



**बिक्रमगंज रोहतास :** नगर के अंजबित सिंह महाविद्यालय में शनिवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० डॉ० ओम प्रकाश राम ने की । इस अवसर पर प्रो०डॉ०ओम प्रकाश राम ने सभी शिक्षकों,शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली प्रेम,सद्भाव एवं सामाजिक समरसता का पर्व है । यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करने की प्रेरणा देता है । समारोह के दौरान शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं । कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई तथा सभी ने पारंपरिक गीत-संगीत और मिठाइयों के साथ उत्सव का आनंद लिया । कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे । अंत में सौहार्दपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

### काराकाट में लगा जनता दरबार, अधिकांश मामलों का त्वरित निपटारा



**काराकाट / रोहतास।** शनिवार को काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी स्थित सामुदायिक भवन के सभागार में सीओ डॉ. रितेश कुमार तथा थानाध्यक्ष विवेक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया । खबर लिखे जाने तक जनता दरबार में कुल सात मामले आए थे । अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए छह मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया, जबकि शेष एक मामले की सुनवाई प्रक्रिया जारी है । खबर लिखे जाने तक जनता दरबार की कार्रवाई चल रही थी । सीओ डॉ. रितेश कुमार ने बताया कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है । इसी उद्देश्य से नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किया जा रहा है । मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी,फरियादी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# होली सौहार्द के साथ मनाएं,गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

## अश्लील गाना डीजे पर रहेगी पैनी नजर, बीडीओ व थानाध्यक्ष

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट रोहतास :** काराकाट थाना परिसर में शनिवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक की संयुक्त अध्यक्षता बीडीओ राहुल कुमार सिंह एवं थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने की । इस दौरान स्थानीय मीडिया प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि,पीस कमेटी के सदस्य, पुलिस पदाधिकारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे । बैठक में उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में होली शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर अपने-अपने सुझाव एवं समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं । अधिकारियों ने सभी की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और प्रशासन की तैयारियों की जानकारी साझा की । बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने कहा कि होली रंगों के साथ- साथ आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक पर्व है। इसे शांति,प्रेम और आपसी सद्भाव के साथ मनाना हम सबकी जिम्मेदारी है । उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें । उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन पर्व को लेकर पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है । थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि होली के दौरान क्षेत्र में विशेष पुलिस गश्ती की व्यवस्था की जाएगी तथा संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी । उन्होंने चेतावनी दी कि हुड़दंग,जबरन रंग लगाने,डीजे के दुरुपयोग या शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी । साथ ही उन्होंने युवाओं से संयम और जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाने की अपील की । बैठक के अंत में अधिकारियों,स्थानीय मीडिया कर्मियों एवं उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया ।

## कस्तर महादेव मंदिर में होली महोत्सव पर होली गायन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास।** प्रखंड क्षेत्र के कस्तर में स्थित प्राचीन कस्तर महादेव मंदिर के प्रांगण में इंद्रार्थ खुर्द के गायन मंडली के तत्वावधान में शनिवार को होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंगल पाठ में कस्तर महादेव के महिला सहित अन्य पहलुओं पर व्याख्यान किया गया। मंगल पाठ में मंगल भवन अमंगल हारी महादेव तेरो नाम सुहानी........ से मंदिर परिसर गूंजायमान होता रहा। इस दौरान हर हर महादेव के नारों से गुंजायमान होता रहा। कार्यक्रम के दौरान व्यास बिहारी तिवारी, गोलू मिश्रा, ढोलक पर नरेंद्र मिश्रा तथा संगत में कमल नारायण मिश्रा उर्फ झूनझून मिश्रा, अरूण मिश्रा, शालीक मिश्रा, कन्हैया मिश्रा, धिरेंद्र मिश्रा, श्रीभगवान, रामदान, सुधन साधु आदि के द्वारा फागुन के भजन तुम झोली भर लो भक्तों काजु बादाम से होली खेलगा गिरघर गौपाल स .......होली खेलांग फागुन का दिन सांवरिया......... खर्चो भेज दे सांवरिया फागुन को मेलो आयो........ हो रही बाबा की नगरी में केसर चंदन को छिड़काव तथा देना है तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ जैसे भजनों पर श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। कार्यक्रम के उपरांत गुलाल, अबीर फूलों की होली खेली गयी।

## मजदूरों के हक के लिए GMU-B ने करगहर में रोड रैली निकाली, सरकार को चेतावनी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**करगहर(रोहतास)।** पानीपत रिफाइनरी के आंदोलनरत मजदूरों की मांगों के समर्थन में ग्रामीण मजदूर यूनियन, बिहार ने शनिवार को करगहर प्रखंड मुख्यालय से करगहर बाजार तक रोड रैली निकाली और करगहर थाना मोड़ पर सभा आयोजित की। सभा की अध्यक्षता यूनियन नेता अशोक सिंह ने की। यूनियन ने कहा कि यह संघर्ष केवल एक प्रतिष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे मजदूर वर्ग के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई है। सरकार और प्रबंधन को चेतावनी दी गई कि मजदूरों की सभी मांगें तुरंत स्वीकार की जाएं और उनके खिलाफ कोई दमनात्मक कार्रवाई न की जाए।

**सभा में नेताओं ने जोरदार संबोधन दिए:** अशोक सिंह (प्रखंड अध्यक्ष): "मजदूरों के अधिकारों पर कोई समझौता नहीं होगा। आठ घंटे का कार्यदिवस, वेतन और मूलभूत सुविधाएं लागू हों। मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज होगा।"

भोला शंकर: "आंदोलनरत मजदूरों पर की गई एफआईआर तुरंत वापस ली जाए। ठेका और स्थायी मजदूरों में भेदभाव बंद होना चाहिए। समान काम के लिए समान वेतन हमारा हक है।"

फूलवंती: "मजदूरों की ताकत उनकी एकता में है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा। हम पीछे नहीं हटेंगे।"

सभा के अंत में मजदूरों ने अपनी एकजुटता का संकल्प लिया और जरूरत पड़ने पर आंदोलन को और व्यापक बनाने की चेतावनी दी।

## काराकाट नगर पंचायत (गोड़ारी) में धूमधाम से मना होली मिलन समारोह,कलाकारों ने बांधा समां

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट /रोहतास ।** काराकाट नगर पंचायत (गोड़ारी) के उप-मुख्य पार्षद रविश रंजन के नेतृत्व में गोड़ारी स्थित उनके निजी आवास पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि,स्थानीय मीडिया कर्मी, कलाकार एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे । समारोह के दौरान श्री रंजन ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह,थानाध्यक्ष विवेक कुमार,स्थानीय मीडिया प्रतिनिधियों, भोजपुरी कलाकारों एवं अन्य गणमान्य लोगों को रंग-अबीर लगाकर गले मिलते हुए अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर आपसी सौहार्द और भाईचारे का अद्भुत दृश्य देखने को मिला ।कार्यक्रम की शुरुआत भोजपुरी कलाकार बिट्टू बिहारी द्वारा देवी गीत प्रस्तुत कर की गई,वहीं रानी सिंह ने सरस्वती वंदना गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया ।

इसके बाद दोनों कलाकारों ने पारंपरिक होली फाग गीतों की शानदार प्रस्तुति दी, जिससे उपस्थित लोग भावविभोर हो उठे । अन्य कलाकारों में धर्मेंद्र धाकड़,प्रकाश सोनी सहित कई कलाकारों ने एक से बढ़कर एक पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग जमा दिया । कार्यक्रम का सफल संचालन आकाश बाबा ने किया । समारोह के अंत में श्री रंजन की ओर से प्रीतिभोज का आयोजन भी किया गया,जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने सहभागिता की । मौके पर अशोक तिवारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे ।

पूरे कार्यक्रम में सामाजिक समरसता,सांस्कृतिक विरासत और आपसी भाईचारे की मिसाल देखने को मिली । होली मिलन समारोह ने क्षेत्र में सकारात्मक संदेश देते हुए लोगों को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया ।

## विद्यालय में संस्कृति कार्यक्रम का हुआ आयोजन, बच्चो ने मचाया धमाल




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** स्थानीय प्राथमिक व मध्यविद्यालय के वार्षिक महोत्सव पर बच्चो के द्वारा शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें बच्चों ने कला प्रस्तुति कर धमाल मचा दिया,जिसे देखकर श्रोता मन्त्रमुग्ध हो गये। बच्चों ने नृत्य व संगीत के माध्यम से नशामुक्त समाज बनाना, बाल विवाह जैसे कुरुतियों के प्रति जागरूक संदेश दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक शेषनाथ कुमार व संचालन महेंद्र गुप्ता एवं मुकेश कुमार रंजन ने संयुक्त रूप से किया।अतिथियों का स्वागत प्राथमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षक सुनील ने किया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन परसथुआ थानाध्यक्ष रामचंद्र चौपाल, कथराई पंचायत की मुखिया निर्मला कुमारी व सामाजिक कार्यकर्त्ता राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम को जिला पार्षद विनय पाल, जयशंकर प्रसाद,धनंजय शर्मा,टेट स्टेट शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनय पाण्डेय, अलोक सिंह समेत अन्य ने सम्बोधित किया।मौके पर बीरेंद्र सिंह, घूरफेकन चौधरी,पूर्व प्रमुख रामाशीष पासवान, सीताराम सिंह,रामविश्वास सिंह, शिक्षिका सुनीता कुमारी, इंद्री कुमारी, बबिता कुमारी समेत अन्य काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

## छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक परिभ्रमण दल हुआ रवाना



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** कोचस प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के छात्र छात्राओ का शैक्षणिक परिभ्रमण दल शनिवार को रवाना हुआ। इस दौरान मध्यविद्यालय सरेयां के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार तिवारी व वरीय शिक्षक सुधीर चौधरी एवं शिक्षिका प्रियंका तिवारी व अमिता कुमारी के नेतृत्व में बच्चे दुर्गावती डैम, मां मुंडेशवरी पर्यटन स्थल एवं वन्य क्षेत्र से रूबरू हुए। मध्यविद्यालय सावनडिहरी के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, चंद्रभूषण गुप्ता के नेतृत्व में ढाई दर्जन बच्चे परिभ्रमण पर गये। वहीं मध्यविद्यालय कथराई के बच्चे प्रधानाध्यापक निर्भय कुमार के नेतृत्व में शेरशाह के मकबरा, गीताघाट आश्रम, दुर्गावती जलाशय के बारे में जानकारी हासिल किए।शिक्षकों ने बताया कि बच्चे पर्यावरण के साथ साथ ऐतिहासिक जगहों, महापुरुषों एवं पर्यटन स्थलों के बारे में विधिवत जानकारी हासिल कर अपने साथियों के बीच जानकारी देंगे।

### होलिका दहन बिजली के तारों, खंभों और ट्रांसफार्मरों से सुरक्षित दूरी बनाकर ही करें : विद्युत अधीक्षण अभियंता

**सासाराम /रोहतास।** विद्युत विभाग ने होली के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति करने और सुरक्षित त्योहार मनाना सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। विद्युत अधीक्षण अभियंता सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बिजली के खंभों-लाइनों या ट्रांसफ़ॉर्मरों के पास होलिका दहन न करने की सलाह दी गई है। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं और आम नागरिकों से अपील की है कि वे बिजली के खंभों, ट्रांसफार्मरों और लाइनों के नीचे या आसपास होलिका दहन न करें। आग की लपटों से तारों और बिजली के केबलों के जलने या टूटने की स्थिति में गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं और त्योहार का रंग फीका हो सकता है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य है कि विद्युत आपूर्ति अंचल सासाराम अंतर्गत त्योहार के दौरान किसी भी तरह की असुविधा न हो। विशेष स्थिति में टोल फ्री नम्बर 1912 या नज़दीकी फ्यूज कॉल सेंटर में कॉल करें। बिजली उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि होलिका दहन बिजली की लाइनों और उपकरणों से सुरक्षित दूरी पर करें। विद्युत विभाग इस त्योहार को सुरक्षित और खुशहाल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी तरह की असुविधा होने पर टोल फ्री नंबर 1912 या नज़दीकी फ्यूज कॉल सेंटर के नंबर पर कॉल किया जा सकता है। विद्युत अधीक्षण अभियंता ने विभागीय अधिकारियों तथा अभियंताओं को निर्देश दिया कि किसी भी सूरत में होली के दौरान बिजली कटौती न हो और सुरक्षा मानकों का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। बता दें की सुरक्षित होली मनाने की अपील के साथ-साथ बिजली बिल की समय पर अदायगी और बकाया वसूली पर भी जोर दिया गया है। उपभोक्ताओं से बिजली बिल समय पर जमा करने की भी अपील की गयी है साथ हीं कहा गया है कि बिजली विभाग के कर्मचारी और मानवबल बकायेदार उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर बकाया बिल जमा करने का अनुरोध कर रहे हैं। बिल जमा न करने की स्थिति में कनेक्शन काटे भी जा सकते है। समय पर बिल भुगतान से न केवल उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि बिजली विभाग की कार्यदक्षता भी बढ़ेगी।

#### होली-रमजान को लेकर मसौढ़ी थाना में शांति समिति की बैठक

### लोगों से सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील



**मसौढ़ी !** थाना परिसर में होली व रमजान त्यौहार को लेकर शनिवार को शांति समिति का बैठक आयोजित की गयी. बैठक में राजनीतिक, समाजिक नेताओं ने भाग लिया.होली व रमजान त्यौहार को शांति सौहार्द से मनाने को लेकर विचार विर्मश किया गया.उपस्थित लोगों ने त्यौहार में शांति व्यवस्था को लेकर विचारों को रखा. लोगों ने कहा गया कि रंगों का त्यौहार होली आपसी प्रेम भाईचारा के साथ मनाने से खुशियां बढ़ती है.रमजान को सभी धर्म वर्ग के लोग सोहार्द पूर्वक मनाने का कार्य करते आये है.इस साल भी दोनों त्यौहारों को प्रेम भाईचारे से मनाने का कार्य करें. अपर थानाध्यक्ष कृष्णा सिंह ने कहा कि हुड़दंगियों व असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी.उपद्रव करने वाले को बक्सा नहीं जायेगा. पुलिस त्यौहार पर गहन गश्ती कर चौकसी बरतेगी.उन्होंने यह भी बताया कि शराब माफियाओं पर लगातार नजर रखी जा रही है और इसके लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को देने का आग्रह किया।इस मौके पर नगर अध्यक्ष आशीष देव रेड क्रॉस प्रभारी विश्वरंजन सिंह युवा वार्ड पार्षद उज्ज्वल कुमार लाल मोहन सिंह कृष्णा सर नवल भारती नरेश सिंह छोटेलाल ठाकुर आशुतोष कुमार शहजाद आलम सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## करगहर पुलिस का 'ऑपरेशन मुस्कान', चार गुम मोबाइल फोन अपने मालिकों के पास लौटाए

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**करगहर/रोहतासः** करगहर पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत थाना क्षेत्र में गुम हुए चार मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को वापस सौंपकर आमजन के बीच पुलिस की सक्रियता और विश्वास को बढ़ाया। यह अभियान थाना क्षेत्र में खोई वस्तुओं की सुरक्षा और बरामदगी के लिए चलाया जा रहा है। थाने में दर्ज शिकायतों के अनुसार, मोबाइल फोन थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से गुम हो गए थे। शिकायत मिलने के तुरंत बाद पुलिस ने तकनीकी मदद और ट्रैकिंग प्रणाली का उपयोग कर मोबाइल फोन खोजने की कार्रवाई शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम सभी चार मोबाइल फोन बरामद करने में सफल रही।

बरामद मोबाइल फोन हृदय सरेयां के अंगद कुमार, कल्याणपुर के रविंद्र चौबे, बसडीहां की मनिषा कुमार शर्मा और जितेंद्र कुमार सिंह को उनके असली मालिकों को सौंपा गया। मोबाइल वापस मिलने के बाद मालिकों ने खुशी व्यक्त की और पुलिस प्रशासन की सराहना की। थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने बताया कि 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत गुम हुई वस्तुओं की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल से आमजन में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ा है और पुलिस की सक्रियता की सराहना हो रही है। उन्होंने आगे बताया कि अभियान के दौरान हर मोबाइल की लोकेशन का पूरा रिकॉर्ड रखा गया और तकनीकी उपकरणों के माध्यम से उसे उसके असली मालिक तक सुरक्षित पहुंचाया गया। इस अभियान को स्थानीय लोगों ने भी सराहा और इसे आमजन की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की कि यदि किसी को अपने मोबाइल या अन्य महत्वपूर्ण वस्तुएँ खो जाती हैं तो तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत उन्हें वापस दिलाया जा सके।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**भागलपुर**। भागलपुर में देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया। इन्होंने राजेंद्र प्रसाद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का आयोजन भागलपुर के पूर्व विधायक अजीत शर्मा के आवास स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय में किया गया। सभा की शुरुआत डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई।



उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. प्रसाद का जीवन सादगी, ईमानदारी और समर्पण की मिसाल है। आजादी की लड़ाई में उनकी सक्रिय भूमिका और स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में उनकी जिम्मेदारियों का निर्वहन देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता अभय आनंद झा ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद केवल एक संवैधानिक पदाधिकारी नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूत नींव रखने वाले व्यक्तित्व थे।

**लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए:** वर्तमान पीढ़ी को उनके आदर्शों को आत्मसात कर सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि बिहार की धरती ने देश को कई महापुरुष दिए हैं, जिनमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उनके सिद्धांतों पर चलकर ही समाज और राष्ट्र को मजबूत किया जा सकता है। श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस कार्यकर्ता अभय आनंद झा, सोइन अंसारी, चिक्कू सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने संगठन को मजबूत करने और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### प्रपत्र जमा करने के बावजूद प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में नाम नहीं आने के खिलाफ कांग्रेस का धरना

**अररिया**। फारबिसगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर में कांग्रेस की ओर से शनिवार को कोशी स्नातक निर्वाचन को लेकर मतदाता सूची में शामिल करने के लिए प्रपत्र जमा करने के बावजूद अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में नाम नहीं आने के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। धरना के बाद पूर्णिया प्रमंडलीय आयुक्त सह कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी के नाम एक ज्ञापन अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा गया।कांग्रेस के धरना प्रदर्शन को एनसीपी सहित अन्य सामाजिक संगठनों का भी समर्थन रहा। धरना प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शाद अहमद और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मनोज कुमार जायसवाल ने बताया कि कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता बनने के लिए चुनाव आयोग द्वारा निर्देशित कागजातों के साथ प्रपत्र 18 भरने के बावजूद सैकड़ों मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल नहीं किया गया है,जो एक बड़ा षड्यंत्र को बताता है।नेता द्वय ने बताया कि मतदाता बनने के लिए फारबिसगंज नगर परिषद कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी के समक्ष चुनाव आयोग के निर्देशित कागजातों के साथ जमा प्रपत्र 18 आवेदनकर्ताओं में से एक का भी नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया गया। फारबिसगंज प्रखंड सहित जिले के अन्य प्रखंडों के बीईओ कार्यालय में प्रथम चरण और द्वितीय चरण में स्थानीय योग्य स्नातकधारियों के द्वारा आवेदन किया गया था।जिसमें बड़ी संख्या में ऑफलाइन आवेदन करने वाले थे और ऑफलाइन आवेदनकर्ता में से किसी का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होना,बहुत बड़ी लापरवाही है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि नगर परिषद और बीईओ कार्यालय में जमा किए गए फॉर्म आखिर कहां गए।एक तरफ चुनाव आयोग कहती है कि जो भी योग्य व्यक्ति मतदाता बनने के लिए आवेदन करते हैं तो उसे मतदाता बनने से वंचित नहीं किया जा सकता।दूसरी तरफ उनके अधिकारियों की लापरवाही और असंवेदनशीलता न केवल षडयंत्र बल्कि लापरवाह होने को भी दर्शाता है।प्रदर्शनकारियों ने मामले की जांच कर अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ तत्काल चुनाव पर रोक लगाने की मांग की। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष शाद अहमद,कंचन विश्वास,दिलीप पासवान,एनसीपी के प्रदेश सचिव मनोज कुमार जायसवाल,प्रदीप कुमार कर्ण,टनटन गुप्ता,विनोद मंडल,ग़ालिब आजाद,शेख तालिब,नन्हे सम्राट,कुंदन जायसवाल,कामरान आलम,लुकमान अंसारी,बमबम झा,भूषण सिंह,सुमन मिश्रा,कुंदन सिंह,राजेश झा,आदेश कुमार पासवान,प्रकाश कुमार, सत्यम झा,सुमन झा,भोला झा,रूपेश झा, सितेश झा,ब्रह्मदेव झा,देव नयन,प्रकाश कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे

### एमपीएल सीजन तीन के सेमीफाइनल में सनहार्ट इलेवन और जेएमडी इलेवन ने दर्ज की जीत

**अररिया**। फारबिसगंज मारवाड़ी युवा मंच की ओर से आयोजित एमपीएल सीजन तीन क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में सनहार्ट इलेवन और जेएमडी इलेवन ने जीत दर्ज की। सेमीफाइनल का दोनों मुकाबला रोमांच से भरा रहा।कड़े संघर्ष और शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शनों के बदौलत सनहार्ट इलेवन और जेएमडी इलेवन की टीम फाइनल में अपनी जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में सनहार्ट इलेवन का सामना पिछले वर्ष की चैंपियन टीम विक्ट्री वाइपर्स से हुआ। टॉस जीतकर विक्ट्री वाइपर्स ने पहले गेंदबाज़ी करने का फैसला लिया।पहले खेलते हुए सनहार्ट इलेवन ने 12 ओवर में 138 रन ही बना सकी। टीम की ओर से जागृत बैद ने 32 गेंदों पर 74 रनों की तूफानी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विक्ट्री वाइपर्स की टीम 12 ओवर में 116 रन ही बना सकी। सनहार्ट की ओर से कप्तान मयंक सोनावट ने 2 ओवर में 12 रन देकर 1 विकेट लिया, जबकि जितेश माहेश्वरी ने 2 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट चटकाए। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए जागृत बैद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला जेएमडी इलेवन और अल्फा फोर्ब्स के बीच खेला गया, जो आख़िरी गेंद तक सांसें थामने वाला रहा। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए जेएमडी इलेवन ने आक्रामक शुरुआत की और 12 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाए। टीम की ओर से अमित केडिया ने मात्र 14 गेंदों पर 44 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि सचिन शर्मा ने 23 गेंदों पर 40 रनों का अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अल्फा फोर्ब्स की टीम ने भी ज़बरदस्त बल्लेबाज़ी की और अंतिम गेंद तक मुकाबले में बनी रही, लेकिन टीम 1 रन से मुकाबला हार गई। अल्फा फोर्ब्स की ओर से सौरव शर्मा ने 24 गेंदों पर 50 रन बनाया। अपनी तूफानी बल्लेबाज़ी के लिए अमित केडिया को मैन ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल में सनहार्ट इलेवन और जेएमडी इलेवन आमने-सामने है।

### कुलपति के नाम तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन छात्र संघ अध्यक्ष ने प्रधानाचार्य को सौंपा

**अररिया**। फारबिसगंज कॉलेज छात्र संघ के अध्यक्ष सूरज कुमार चौधरी ने पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम तीन सूत्री मांगों को लेकर शनिवार को एक ज्ञापन कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार यादव को सौंपा। मौके पर छात्रसंघ अध्यक्ष सूरज चौधरी ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन से तीन सूत्री प्रमुख मांग है,जिसमें सत्र 2025 -29 के छात्रों का सेशन काफी लेट हो रहा है।जल्द परीक्षा फॉर्म की तिथि जारी कर परीक्षा आयोजित कराई जाय। सत्र 2018-21 के सभी छात्रों का पार्ट वन का मार्कशीट एवं मूल प्रमाण पत्र कॉलेज में जल्द उपलब्ध कराई जाए तथा सेमेस्टर से पूर्व तीन साल ईयर वाले स्नातक के ऐसे कई छात्र हैं, जिन्होंने स्पेशल पार्ट वन एवं पार्ट टू की परीक्षा दी। परंतु उनका अब तक पार्ट थर्ड का परीक्षा नहीं लिया जा रहा है, जल्द परीक्षा आयोजन किया जाय। उन्होंने कहा की छात्रों की समस्या को देखते हुए प्रधानाचार्य के माध्यम से कुलपति से आग्रह है कि जल्द हम छात्रों की मांग को ध्यान में रख कर छात्रों की समस्या का समाधान किया जाय।

# बच्चों के बीच स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय**। बेगूसराय डीएम के मार्गदर्शन में नीति आयोग की ओर से संचालित संपूर्णता अभियान के तहत आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पीएमश्री विद्यालय कैलाशपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विज्ञान को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रखकर उसे जन-स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण से जोड़ने की अनूठी पहल की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तीन स्तंभों स्वच्छ पेयजल, हाइजीन मैनेजमेंट और पोषण जागरूकता पर केंद्रित गतिविधियां आयोजित की गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से बताया कि कैसे सूक्ष्म विज्ञान हमारे दैनिक स्वच्छता व्यवहार को प्रभावित करता है। संतुलित आहार कैसे बीमारियों के खिलाफ सुरक्षा कवच का काम करता है। बच्चों को पानी को शुद्ध रखने के वैज्ञानिक तरीकों और जलजनित रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से हाथ धोने के सही चरणों और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व को समझाया गया। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मौसमी फलों और सब्जियों में मौजूद पोषक तत्वों की पहचान कर कुपोषण मुक्त समाज बनाने पर बल दिया गया।

**बच्चों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन:** बच्चों के बीच अलग-अलग प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज, चित्रकारी और विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। चित्रकला में प्रथम स्थान अनुष्का कुमारी, द्वितीय स्वीटी कुमारी एवं तृतीय संध्या कुमारी ने हासिल किया। क्विज में प्रथम स्थान बंटी कुमार, प्रिय रानी, द्वितीय सुमित और तृतीय आयुषी कुमारी व बेहतरी साफ सफ़ाई में आनंद कुमार, लक्ष्मी कुमारी, पल्लवी कुमारी और ब्यूटी कुमारी को मिला। हेड मास्टर श्रीकृष्ण दास ने कहा कि आज का विज्ञान प्रयोगशालाओं से निकलकर जीवन की गुणवत्ता को सुधारने का माध्यम बन चुका है। नीति आयोग के संपूर्णता अभियान का लक्ष्य हर बच्चे को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। शिक्षक उपेन्द्र चौधरी ने कहा कि बच्चों को रमन प्रभाव के साथ-साथ सूक्ष्म जीव विज्ञान और स्वच्छता के अंतर्संबंधों को समझा रहे हैं। जिससे वे स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें। पिरामल के दीपक मिश्रा ने कहा कि हमारा लक्ष्य स्वास्थ्य और पोषण के प्रमुख संकेतकों में जमीनी स्तर पर सुधार लाना है। विद्यालयी स्तर पर किए जा रहे ये प्रयास एक सशक्त और स्वस्थ बेगुसराय की नींव रखेंगे मौके पर पिरामल के आरती शर्मा, माया कौशल्या के रोशन कुमार, शिक्षक सज्जन कुमार शर्मा, प्रेम कुमार, राजकिशोर कुमार, शिक्षिका दीपा भारती एवं कामिनी आदि उपस्थित थे।

## बच्चा चोरी के शक पर लोगों ने महिला को पकड़ा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर में महाविष्णु यज्ञ के दौरान बच्चा चोरी के शक में ग्रामीणों ने ने एक महिला को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। तलाशी के दौरान महिला के पास कुछ नहीं मिला। घटना नाथनगर थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर गांव की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला पूर्व मुखिया के घर के पीछे घूमते हुई दिखी थी। शक के आधार पर लोगों ने उसे पकड़ लिया। हालांकि मौके पर न तो कोई बच्चा लापता मिला और न ही महिला के पास से कुछ बरामद हुआ। इसके बावजूद अफवाहों के कारण हालात तनावपूर्ण हो गए।

**सरपंच के हस्तेक्ष से मामला शांत हुआ:** इस बीच रत्तीपुर बैरिया पंचायत के सरपंच आशुतोष कुमार यादव उर्फ रंजीत यादव मौके पर पहुंचे। आक्रोशित भीड़ को शांत कराया और महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। सरपंच ने स्पष्ट किया कि महिला के पास से कोई बच्चा बरामद नहीं हुआ है और उसे केवल संदेह के आधार पर पकड़ा गया था। महिला को सुरक्षित नाथनगर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## मामूली विवाद में हिंसक झड़प

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर के मनियारपुर गांव में मामूली विवाद ने उग्र रूप ले लिया। देखते ही देखते दो गांवों के लोग आमने-सामने आ गए। लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। मारपीट में दोनों पक्ष से करीब 10 लोग घायल हो गए। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। घटना मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के बेलखोरिया पंचायत की है। पहले पक्ष के राजीव कुमार ने बताया कि गांव में नाश्ते की दुकान पर कुछ लोग जबरन शराब पीने आते हैं। पैसा मांगने पर गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। दुकान संचालक के विरोध करने पर अपने गांव के लोगों को बुला लिया और सुनियोजित तरीके से हमला कर दिया। किशोर पासवान समेत तीन-चार लोगों ने कुछ दिन पहले दुकानदार गुंजन कुमार सिंह से 50 हजार की रंगदारी मांगी थी। रकम नहीं देने पर 25 फरवरी को मारपीट की गई थी। इस संबंध में थाने में आवेदन दिया गया था, लेकिन पुलिस जांच के लिए नहीं पहुंची। पुलिस की निष्क्रियता से आरोपियों का मनोबल बढ़ा और फिर से विवाद भड़क गया।

**इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट:** शुक्रवार को मारपीट में एक पक्ष के अजीत कुमार सिंह का सिर फट गया, जबकि संजीव कुमार, सतीश कुमार सिंह और अक्षय कुमार को मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुलेखा देवी, सुगंधा देवी, रुपेश और संतोष को भी आंशिक चोटें आई हैं।

**शराब के कारोबार का विरोध करने पर मारा:** वहीं, दूसरे पक्ष के किशोर पासवान और विकास कुमार भी घायल हुए हैं। उनका आरोप है कि पहले पक्ष की ओर से अवैध शराब और नशीले पदार्थों का कारोबार किया जाता है। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन पर हमला कर दिया। दोनों पक्षों ने स्थानीय पुलिस पर नियमित गश्ती न करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस सक्रिय रहे तो अवैध गतिविधियां बंद होंगी और गांव में शांति कायम होगी। नशे की हालत में युवक स्थानीय लड़कियों पर फब्तियां कसते हैं, जिससे गांव में तनाव बढ़ता है।

**जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई:** वहीं, इस संबंध में मधुसूदनपुर थानाध्यक्ष सफदर अली ने बताया कि शुक्रवार देर शाम एक पक्ष की महिला ने थाने में आवेदन दिया है। दूसरे पक्ष से अब तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल गांव में तनाव का माहौल है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

## रेवेन्यू डिपार्टमेंट की हाईलेवल रिव्यु मीटिंग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मुंगेर**। मुंगेर प्रेक्षागृह में 'राजस्व प्रशासन आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शनिवार को एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बिहार सरकार के प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान पटना से राजस्व विभाग के सचिव, निदेशक सहित कई बड़े अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मुंगेर प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, निखिल धनराज और सैयद इमरान मसूद सहित जिले के संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य भूमि विवाद, दाखिल-खारिज (नामांतरण), सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई और भूमि सर्वेक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन समीक्षा करना था।

**अद्यतन स्थिति पर विशेष रूप से विचार-विमर्श:** समीक्षा के दौरान 'परिमार्जन प्लस' की प्रगति, दाखिल-खारिज एवं नामांतरण वादों की स्थिति, लंबित भूमि विवादों के निष्पादन, डीसीएलआर न्यायालयों में लंबित मामलों, भूमि मापी की प्रगति तथा राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली की अद्यतन स्थिति पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, राज्य में संचालित भूमि सर्वेक्षण कार्य की प्रगति का भी आकलन किया गया।

**जमीन से संबंधित कई लंबित मामले का जल्द निपटारा के निर्देश:** प्रधान सचिव के अलावा राजस्व विभाग के सचिव ने जिला अंतर्गत 9 प्रखंडों - सदर मुंगेर, जमालपुर, बरियारपुर, हवेली खड़गपुर, धरहरा, टेटिया बंबर, संग्रामपुर, तारापुर और असरगंज - के राजस्व विभाग के सीओ, डीसीएलआर सहित अन्य कर्मियों के साथ बारी-बारी से समीक्षा की। बैठक में उन प्रखंडों को निर्देश दिए गए, जहां जमीन से संबंधित कई मामले लंबित हैं, कि उनका जल्द से जल्द निपटारा किया जाए।

## संदिग्ध हालत में मिली युवक की लाश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय**। बेगूसराय में संदिग्ध हालत में एक युवक की मौत हो गई। शुक्रवार दोपहर से लापता था। बॉडी के ऊपर ही बाइक गिरा हुआ था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पसपुरा गांव के पास की है। मृतक की पहचान फुलवरिया के बरौनी बिचला टोला वार्ड नंबर-10 मोहम्मद हारुण के पुत्र मोहम्मद मासूम उर्फ पांवरोटी (20) के तौर पर हुई है। मासूम आपराधिक प्रकृति का था। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष दिवाकर कुमार और इंस्पेक्टर अरविंद कुमार गौतम मौके पर पहुंचे। सिर में गहरा जख्म है। इससे हत्या और हादसा, दोनों की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है।

**महिला धमकी देती थी:** मृतक के पिता मोहम्मद हारुण ने बताया अलग-अलग मामलों में मासूम 5-6 बार जेल जा चुका है। करीब 10 महीना पहले जेल से निकलने के बाद शांतिपूर्वक अपने गांव में ही रह रहा था। 17 जनवरी को कुछ युवकों ने इसके साथ मारपीट और जानलेवा हमला किया था। जिसको लेकर फुलवरिया थाना में मामला दर्ज कराया था। उन लोगों ने बदला लेने की धमकी दी थी। शुक्रवार को भी एक महिला ने मेरे घर पर आकर मासूम को मार देने की धमकी दी थी। मासूम दोपहर में करीब 1:00 बजे दूसरे की बाइक लेकर घर से निकला। कहा था कि ननिहाल पसपुरा जा रहे हैं, शाम 6:00 बजे बात हुई तो 8:00 बजे तक घर पहुंचने की बात कहा था। लेकिन घर नहीं पहुंचा। उसका फोन भी बंद था। पूरी रात हम लोग परेशान रहे। साजिश के तहत उसे बुलाकर मार डाला।

**भांजे की हत्या हुई है:** मृतक की मामी समीना ने बताया कि घर से करीब 300 मीटर दूर बेटे की लाश पड़ी थी। उस समय हम लोग पहचान नहीं सके, पुलिस ने जब लाश उठाया तो पहचान हुआ कि हमारा भांजा मासूम है। मासूम शराब का धंधा करता था। जिसके कारण 6 महीने से हम लोग अपने घर पर आने नहीं देते थे। उसके आने पर लोग तरह-तरह की बात करते थे। पता नहीं कल कैसे क्या हुआ कि यहां आ रहा था। गले में गमछा से फंदा लगाकर उसकी हत्या की गई है।

**घर से निकलने के बाद बात नहीं हुई:** मृतक की बहन ने बताया कि बरौनी के ही अपराधु तूफानी के बेटा ने मेरे भाई को बुलाया था। घर से निकलने के बाद उससे बात नहीं हो पाई। आज सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने सड़क किनारे शव देखा। प्लानिंग करके भाई को मारा गया है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज:** सूत्रों के अनुसार मासूम नशा खुरानी गिरोह का सक्रिय सदस्य था और बरौनी जंक्शन एरिया में सक्रिय था। आशंका जताई जा रही है गिरोह के सदस्यों ने ही उसे मारा है। हत्या का हादसा का रूप देने के लिए शव को सड़क किनारे फेंक दिया। हालांकि पुलिस जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा

## दुर्गा स्थान में फाल्गुन महोत्सव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**मुंगेर**। मुंगेर में शनिवार को मारवाड़ी युवा मंच द्वारा रामलीला मैदान दुर्गा स्थान में फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। महोत्सव के तहत सबसे पहले मंदिर परिसर से एक निशान शोभा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में 175 पुरुष और महिला श्रद्धालु हाथों में श्याम की झंडा लिए शामिल हुए। यह यात्रा बेकापुर, बाजा पट्टी, गांधी चौक और मुख्य बाजार से होते हुए वापस रामलीला मैदान दुर्गा स्थान पर समाप्त हुई।

**लस्सी और पानी-शरबत की व्यवस्था की गई:** शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान श्याम महाराज का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। एक रथ पर भगवान श्याम की प्रतिमा स्थापित थी, जिसकी जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए लस्सी और पानी-शरबत की व्यवस्था की गई थी।

**मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा:** फाल्गुन महोत्सव के अवसर पर जमकर रंग-गुलाल उड़ाया गया। निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों पर झूमते हुए महोत्सव का आनंद लिया। देर शाम मंदिर परिसर में बाहर से आए कलाकारों द्वारा झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। फाल्गुन महोत्सव के लिए मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था।

## ट्रक ने पीछे से ऑटो को मारी टक्कर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका**। बांका जीले के रजौन थाना क्षेत्र में शुक्रवार की संध्या भागलपुर-हंसडीहा मुख्य सड़क मार्ग पर धौनी रेलवे स्टेशन मोड़ के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में ऑटो पर सवार नौ कीर्तन मंडली के सदस्य घायल हो गए, जिनमें दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार बांका के देबता निवासी उमेश पंडित, डमरूधर राउत तथा रजौन थाना क्षेत्र के नयाडीह निवासी शालिग्राम यादव, अजय यादव, कांग्रेस ठाकुर, प्रहलाद, राजकुमार पंडित और दुर्योधन यादव सबौर से अखंड कीर्तन कर बांका अखंड कीर्तन में भाग लेने जा रहे थे।

**ट्रक ने पीछे से ऑटो में मारी टक्कर:** सभी लोग एक ऑटो में सवार थे, जिसे चालक पिंटू यादव चला रहा था। जैसे ही ऑटो धौनी रेलवे स्टेशन मोड़ के पास पहुंचा, पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उसमें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो फुटबॉल की तरह उछलते हुए सड़क किनारे खाई में जा गिरा।

**घायलों की किसी ने नहीं की मदद:** ऑटो में सवार सभी लोग दूर-दूर तक जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि वे सहम गए। हैरानी की बात यह रही कि हादसे के बाद काफी देर तक गुजरने वाले किसी भी वाहन ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए मदद नहीं की।

**2 घायल को मायागंज अस्पताल किया रेफर:** सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त ऑटो को जब्त कर थाने ले गई। बाद में स्थानीय पत्रकारों की पहल पर एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उमेश पंडित और डमरूधर राउत की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। अन्य घायलों को मामूली चोटें आई हैं। गनीमत रही कि दुर्घटना भीषण होने के बावजूद कोई जानमाल की बड़ी क्षति नहीं हुई। थानाध्यक्ष राज रतन ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बनगांव में सीताराम विवाह महोत्सव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका**। बांका के रजौन प्रखंड स्थित शुक्रवार की रात श्रीमन्नारायण धाम बनगांव में नौ दिवसीय श्री सीताराम विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तिमय वातावरण में धार्मिक लीलाओं का भव्य मंचन हुआ। शुक्रवार देर रात तक चले सुदामा चरित्र और सीताराम विवाह संवाद की मनोहारी लीलाओं ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वृंदावन से आई एक संस्था ने सुदामा चरित्र का प्रभावशाली मंचन किया, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की निष्काम मित्रता को दर्शाया गया। झांकी और संवादों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सच्ची मित्रता हर परिस्थिति में साथ निभाने से पहचानी जाती है। इस प्रस्तुति को देखकर दर्शक भावुक हो उठे।

**सीताराम विवाह लीला का भी मंचन हुआ:** महोत्सव के दौरान सीताराम विवाह लीला का भी मंचन हुआ। सीता स्वयंवर के लिए सुसज्जित मंच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कथा के अनुसार, जब अन्य राजा शिव धनुष उठाने में असफल रहे, तब भगवान श्रीराम ने सहज भाव से धनुष तोड़ दिया। इसके बाद सीता ने श्रीराम को वरमाला पहनाई, जिससे पूरा परिसर जयघोष से गूंज उठा। धनुष यज्ञ लीला में कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**भव्य राम बारात भी निकाली गई:** शुक्रवार की रात को एक भव्य राम बारात भी निकाली गई। ढोल-नगाड़ों की धुन पर भक्त थिरकते हुए चल रहे थे। गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से निकली इस बारात को देखने के लिए देर रात तक सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। सीताराम विवाह महोत्सव और मेले में भी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। मुख्य आयोजक डॉक्टर महेशानंद महाराज ने बताया कि श्री सीताराम विवाह महोत्सव हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## बिना लाइसेंस के मीट-मछली की दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई

**आरा**। नगर निगम क्षेत्र में शनिवार से अवैध मीट और मछली दुकानों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। नगर निगम प्रशासन की टीम द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी कर बिना लाइसेंस संचालित दुकानों को हटाया जाएगा। अभियान के दौरान कई स्थानों पर सड़क किनारे और सार्वजनिक जगहों पर लगाई गई अवैध दुकानों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम के कर दरोगा मुकेश कुमार ने बताया कि विभाग के निर्देश के बाद यह अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के मीट और मछली की दुकान लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शनिवार को इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। नगर निगम की टीम दुकानों की जांच कर, बिना लाइसेंस दुकान लगाने वालों को हटाएगी और नियम अनुकूल कार्रवाई करेगी।

**स्वच्छता मानकों का पालन करने का निर्देशः** दरोगा ने बताया कि कई जगहों पर मीट और मछली की दुकानें बिना लाइसेंस के संचालित हो रही हैं, जिससे गंदगी फैलती है और स्वास्थ्य संबंधी खतरा बना रहता है। दुकानदारों को लाइसेंस लेने और स्वच्छता मानकों का पालन करने का निर्देश दिया गया है। नगर निगम प्रशासन ने दुकानदारों से कहा है कि वे निर्धारित स्थानों पर लाइसेंस लेकर ही दुकान लगाएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जुर्माना और दुकान बंद कराने की कार्रवाई की जाएगी।

## माउंट लिट्रा जी विद्यालय में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**आरा**। माउंट लिट्रा जी विद्यालय, बामपाली में महान वैज्ञानिक सीवी रमन को समर्पित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम हुआ। विद्यालय के निदेशक श्रेयांश जैन, उपाध्यक्षा सुचिता जैन, प्राचार्या डॉ. सहाया मेरी, उप-प्राचार्य विजय कुमार, प्रधानाचार्य रत्नेश चौबे, प्रधानाध्यापिका सोनी चौधरी और जूनियर कॉर्डिनेटर प्रियंका दत्ता सहित समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में अंतर-सदनीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में रेड हाउस ने प्रथम, ब्लू हाउस ने द्वितीय तथा येलो हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## सीबीआई और ईडी का दुरुपयोग कर रही केंद्र की सरकार

**बक्सर**। बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने कहा कि दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को न्यायालय द्वारा शराब घोटाले में बरी कर दिया गया। इससे देश में यह साबित हो गया कि केन्द्र में बैठी एनडीए की सरकार केवल झूठे आरोप में फंसा कर सीबीआई और ईडी को तोता-मैना कि तरह प्रयोग कर रही है। देश कि जनता यह सब जान चुकी है। उन्होंने बड़ा सवाल उठाते हुए कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को भी उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने गलत मुकदमे में साजिश करके फंसाई है। पूरा देश यह समझ रहा है कि माघ मेले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को स्नान नहीं करने देने का यह निर्णय है। उत्तर प्रदेश के सारे ब्राह्मण समुदाय व सनातनी इस घिनौने हरकत के विरोध में एक प्लेटफार्म पर खड़े हो गए हैं। इसका जवाब अगले उत्तर प्रदेश के चुनाव में देने के लिए जनता तैयार है। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार झूठे मुकदमे में फंसाने में माहिर है।

## सीनियर हेमंत ट्रॉफी के लिए टीम घोषित, निखिल बने कप्तान

**बक्सर**। शाहाबाद जोन में आयोजित सीनियर पुरुष वर्ग की हेमंत ट्राफी के अंतर्गत 1 मार्च एवं 2 मार्च को आरा के सदीशोपुर स्टेडियम में दो मुकाबले होंगे। 1 मार्च को बक्सर का पहला मुकाबला रोहतास के विरुद्ध होगा, जबकि 2 मार्च को भोजपुर की टीम से दूसरा मैच खेला जाएगा। इन दोनों मैचों के लिए बक्सर जिला टीम की आधिकारिक सूची जारी कर दी गई है। निखिल कात्यायन को बक्सर टीम का कप्तान बनाया गया है। वहीं सचिन गुप्ता, अरुण यादव, सूर्यप्रताप सिंह, आशीष प्रकाश, ऋषभ सिंह, रजेश यादव, अभिषेक ओझा, रोहित गुप्ता, गौरव कुमार, सन्नी राय, प्रकाश कुमार, अभिषेक मिश्रा, एमडी अर्मान, कनहैया सिंह का चयन खिलाड़ी के रूप में किया गया है। फरान अंसारी कोच और टीम मैनेजर का दायित्व आदित्य उपाध्याय को सौंपा गया है। बीडीसीएकी अध्यक्ष ने कहा कि हमारी टीम निरंतर बेहतर प्रदर्शन की ओर अग्रसर है। खिलाड़ियों ने हाल के मुकाबलों में अनुशासन, संघर्ष और आत्मविश्वास का परिचय दिया है।

## खेल, उमंग और रंगों से सराबोर रहा लोयोला स्कूल

**बक्सर**। नगर के पांडेय पट्टी स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान लोयोला स्कूल में आयोजित दो दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स मीट खेल, उत्साह और रंगों की मस्ती के साथ संपन्न हो गया. शुक्रवार को रंगोत्सव कार्यक्रम के साथ इस आयोजन का समापन हुआ, जहां बच्चों की प्रतिभा, ऊर्जा और सामूहिकता की भावना खुलकर सामने आई। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत बीते गुरुवार को प्राचार्य समीक्षा तिवारी और निदेशक चन्द्र कान्त निराला ने शिक्षकों के साथ गुब्बारे उड़ाकर की। इसके बाद मैदान में खेल प्रतियोगिताओं का रोमांच शुरू हुआ। नीडल-थ्रेड रेस में बच्चों ने संतुलन और एकाग्रता दिखाई, तो म्यूजिकल चेयर में फुर्ती और सतर्कता का प्रदर्शन किया। जंपिंग रेस, बैक रेस और फ्रॉग रेस में नन्हे प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। टेन राउंड रेस, 5 राउंड रेस और मैथमेटिक्स रेस ने बच्चों की शारीरिक क्षमता के साथ-साथ बौद्धिक कौशल को भी परखा। टगिंग रोप प्रतियोगिता में टीम भावना और सामूहिक शक्ति का शानदार प्रदर्शन हुआ। शुक्रवार को विजयी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आलोक कुमार ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का आधार है और ऐसे आयोजन आत्मविश्वास को मजबूत करते हैं। अन्य वक्ताओं ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय स्तर से ही खेल संस्कृति को बढ़ावा देना आवश्यक है। हार-जीत से बढ़कर भागीदारी का जज्बा महत्वपूर्ण होता है और आज बच्चों ने यह साबित कर दिया। पुरस्कार वितरण के बाद रंगोत्सव कार्यक्रम का आगाज हुआ। सबसे पहले बच्चों और अतिथियों ने फूड स्टॉल पर लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। प्राचार्य समीक्षा तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की छिपी प्रतिभाएं निखरती हैं। साथ ही एकल परिवार में रहने वाले बच्चों को मिलजुल कर त्योहार मनाने का अवसर मिलता है, जिससे उनमें सामाजिक समरसता की भावना विकसित होती है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में लोयोला स्कूल के जूनियर विंग आई प्ले आई लर्न, स्वीट किड्स केयर स्कूल के बच्चों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नंदिनी उपाध्याय, अमृत ठाकुर, रोशनी पाठक, पूजा गुप्ता, जितेंद्र कुमार समेत सभी ने आयोजन को यादगार बनाने में योगदान दिया।

## सीडब्ल्यूई नाइट इवेंट में बक्सर के पहलवान चैंपियन

**बक्सर**। पंजाब के जालंधर में आयोजित कॉन्टिनेंटल रेसलिंग एंटरटेनमेंट के नाइट इवेंट में इतिहास रचते हुए बिहार के बक्सर जिले के युवा पहलवान ने वर्ल्ड हैवीवेट टैग टीम चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। यह भव्य आयोजन भारतीय रेसलिंग जगत के दिग्गज द ग्रेट खली द्वारा आयोजित कराया गया था, जिसमें देश-विदेश के रेसलर्स ने भाग लिया। सीडब्ल्यूई के वर्ल्ड हैवीवेट टैग टीम चैंपियनशिप के लिए खेले गए इस मुकाबले की खासियत यह रही कि एक ही मैच में 6 रेसलर्स ने खिताब के लिए एक-दूसरे को चुनौती दी। भारतीय रेसलिंग इतिहास में यह पहला अवसर माना जा रहा है, जब इतने बड़े स्तर पर मल्टी-मैन हार्डकोर टैग मुकाबला आयोजित हुआ। मुकाबला बेहद रोमांचक और हार्डकोर रहा, जिसमें हर रेसलर ने ताकत और तकनीक का शानदार प्रदर्शन किया। कड़े संघर्ष के बाद बक्सर जिले के रूद्र राहुल कुशवाहा और प्रमोद यादव की जोड़ी ने शानदार तालमेल दिखाते हुए प्रतिद्वंद्वियों को मात दी और नया इतिहास रच दिया।

# राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। राजस्थान के अजमेर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 से 14 साल तक की लड़कियों के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की। 'स्वस्थ नारी' के विजन के तहत शुरू किया गया यह अभियान सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के साथ-साथ बालिकाओं के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य को सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर आरा सदर अस्पताल की गहन शिशु इकाई में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में तीन बच्चियों को एचपीवी टीका लगाया गया। टीकाकरण के बाद उन्हें डॉक्टकों की निगरानी में रखा गया। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन शैलेंद्र कुमार सिन्हा, हेल्थ मैनेजर शशिकांत कुमार समेत कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

**टीका निशुल्क उपलब्धः** सिविल सर्जन शैलेंद्र कुमार ने बताया कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य की बुनियाद में रोकथाम, सुरक्षा और समानता सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार की



प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह कार्यक्रम हर वर्ष देश भर में करीब 1.15 करोड़ बालिकाओं(14 साल) को लक्षित करेगा। सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों जैसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उप-जिला अस्पताल, जिला अस्पताल तथा सरकारी मेडिकल कॉलेज में यह टीका पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

**हर साल1.20 लाख से अधिक नए मामले सामने आते हैंः** एचपीवी टीका सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी माना जाता है। GLOBOCAN 2022 के अनुसार भारत में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर दूसरा सबसे आम कैंसर है, जिसमें हर वर्ष 1.20 लाख से अधिक नए मामले सामने आते हैं और लगभग 80 हजार महिलाओं की मौत हो जाती है। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि सर्वाइकल कैंसर के अधिकांश मामले एचपीवी के उच्च जोखिम वाले टाइप विशेष रूप से टाइप 16 और 18 के कारण होते हैं। राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत इस्तेमाल होने वाला गार्डासिल वैक्सीन इन खतरनाक प्रकारों के साथ-साथ टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा प्रदान करता है।

**टीकाकरण और जागरूकता से मामलों में आएगी कमीः** स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार एचपीवी वैक्सीन दुनिया की सबसे अधिक शोधित और सुरक्षित वैक्सीनों में शामिल है, जिसकी 2006 से अब तक 50 करोड़ से अधिक डोज दी जा चुकी हैं। यह वैक्सीन एचपीवी से जुड़े सर्वाइकल कैंसर को रोकने में 93 से 100 प्रतिशत तक प्रभावी पाई गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के विशेषज्ञ समूह ने बताया है कि 9 से 20 वर्ष की बालिकाओं के लिए सिंगल-डोज शेड्यूल भी उतना ही प्रभावी है, जितना दो डोज का शेड्यूल। जिससे कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर लागू करना आसान होगा। आरा सदर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम ने इस राष्ट्रीय पहल को स्थानीय स्तर पर मजबूती दी है।

# बंद घर से 20 लाख की चोरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। आरा में बंद घर से करीब 20 लाख की चोरी हुई है। देर रात ताला तोड़कर चोर घर के अंदर घुसे, गहने और कैश लेकर फरार हो गए। घटना टाउन थाना क्षेत्र के मछुआ टोली वार्ड संख्या-25 की है। पीड़ित की पहचान इमामबाड़ा रोड निवासी मो. असरफ के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को अपनी बेटी के ससुराल भभुआ गए थे। इसी दौरान रात के अंधेरे में चोरों ने उनके घर को निशाना बना लिया। चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। कमरे में रखी अलमारी और बक्से को खंगाल डाला। 50 हजार कैश, सोने का हार, चेन और अंगूठी समेत अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। हैरानी की बात यह रही कि आसपास के लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। भाई मो. सरफुद्दीन से चोरी की जानकारी मिली। जिसके बाद मौके पर पहुंचा। दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। इसके बाद टाउन थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिसः** पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। शहर में लगातार हो रही इन घटनाओं से स्थानीय लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। पुलिस से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग कर रहे हैं।



♦ ताला तोड़कर 50 हजार कैश और सोने-चांदी के जेवरात ले उड़े, चोरों की पहचान के लिए सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

# मवेशी से टकराने के बाद कार पलटी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। गजराजगंज ओपी की गश्ती पुलिस ने बिना देर किए गाड़ी में फंसे सभी घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद अस्पताल पहुंचाया। चार घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद चारों को डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया। घटना कटेया मोड़ स्थित टाटा शोरूम के पास की है। घायलों में बक्सर जिला के सिविल लाइन निवासी विकास कुमार(40), उनकी पत्नी पूजा देवी(34), बेटा ईशान कुमार(5), बेटी शानवी कुमारी(4) और बहन श्वेता कुमारी(28) शामिल है। वर्तमान में सभी पटना जिला के दानापुर थाना क्षेत्र के सगुना मोड़ में रहते हैं। जख्मी विकास पटना में लोको पायलट के पद पर कार्यरत हैं।

**होली पर घर लौट रहे थे सभीः** श्वेता ने बताया की होली की छुट्टी पर सभी लोग कार से अपने घर बक्सर लौट रहे थे। रास्ते में मवेशी से उनकी कार टकरा गई। जिससे सभी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पुलिस ने सभी को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया। भैया-भाभी और बच्चों को पटना रेफर किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# धूमधाम से मना होली मिलन समारोह

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में आज होली के शुभ अवसर पर जिला मुख्यालय आरा शहर के अहिरपुरवा स्थित माउंट लिटेरा जी स्कूल में रंग–गुलाल और उत्साह के बीच होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान पीजी से लेकर कक्षा पांचवीं तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक-दूसरे को हर्बल अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने अपने शिक्षकों को अबीर–गुलाल लगाकर की, जिसके बाद पूरा परिसर होली के पारंपरिक गीतों और बच्चों की खुशियों से गूंज उठा। नर्सरी कक्षा के छात्र अवयुक्त आर्या, आदित्य, शारदा, आद्या और वैदेही समेत अन्य बच्चों ने रंगों के इस पर्व का भरपूर आनंद लिया। बच्चों ने रंगों के साथ-साथ नृत्य और गीतों के माध्यम से अपनी प्रतिभा भी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान पूरा विद्यालय रंगों और उत्साह के माहौल में सराबोर नजर आया। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल प्रीति सिंह, शिक्षिका निकिता, निशा, प्रियांशु सिंह, ज्योति



कुमारी, खुशी भट्टा, अमृता कुमारी, विकास सिंह, अंजनी समेत अन्य शिक्षक–शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। सभी शिक्षकों ने बच्चों के साथ मिलकर होली खेली और उन्हें सुरक्षित व पर्यावरण अनुकूल तरीके से पर्व मनाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की प्रिंसिपल प्रीति सिंह ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश देने वाला पर्व है। बच्चों को शुरू से ही सुरक्षित और सकारात्मक माहौल में त्योहार मनाने की शिक्षा देना बेहद जरूरी है। इसीलिए

♦ बच्चों ने हर्बल गुलाल से दिया सद्भाव का संदेश, गाने-डांस से गूंजा परिसर

विद्यालय में हर्बल अबीर–गुलाल का उपयोग कर बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में सामाजिक समरसता, टीम भावना और आपसी सम्मान की भावना विकसित होती है। आगे कहा कि विद्यालय का उद्देश्य सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन भी आवश्यक है। होली मिलन समारोह के माध्यम से बच्चों ने न केवल उत्सव का आनंद लिया, बल्कि अच्छे संस्कारों और परंपराओं को भी सीखा। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने एक-दूसरे को होली की बधाई देते हुए खुशियों के इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

# 5 घंटे तक बिजली की सप्लाई बाधित रहेगी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। आरा शहर के पुरानी पुलिस लाइन GIS और जापानी PSS से आज (28 फरवरी 2026) पांच घंटे तक बिजली कटेगी। सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। शटडाउन के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का मेंटेनेंस किया जाएगा। इसके अलावा मेन लाइन से सट रहे पेड़ की टहनियों की छंटाई की जाएगी। विभाग के मुताबिक मेंटेनेंस वर्क को लेकर धरहरा PSS और पूर्वी गुमटी PSS से भी सुबह 11 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक शटडाउन रहेगा। साथ ही क्षेत्र के सभी पोल और जर्जर तार की भी मरम्मती की जाएगी। ताकि उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न न हो। यह मेंटनेंस कार्य नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। उपभोक्ताओं के लिए अलर्ट जारी किया गया है। बिजली से जुड़ा कार्य समय से निपटा लें। पानी स्टोर करके रख लें। मेंटेनेंस वर्क पूरा होते ही सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

**इन इलाकों में असरः** सिंडिकेट



फीडर के पुरानी पुलिस लाइन, नाला मोड़, चौधरियाना, सिंडिकेट, तरी मुहल्ला, आम्रपाली मार्केट, आर्य समाज और एमपीबाग। टाउन थाना फीडर के डीईओ ऑफिस, एसपी ऑफिस, नगर निगम, सिविल कोर्ट, एमपीबाग, बाबू बाजार, टाउन थाना, शाहिद भवन, महावीर टोला, पार्क-भय्यू। पकड़ी फीडर के डॉ. ईशा, मदन जी के हाता, मालती हॉस्पिटल, सदर एसडीओ आवास। मौलाबाग फीडर के गायत्री मंदिर, एस. बी. कॉलेज, कब्रिस्तान, व्यास केशव प्रेस, शांति नगर, न्याय नगर। मझौवां फीडर के अफीमी कोठी, मझौवां, महिला थाना, कृष्णा नगर बांध के आसपास के क्षेत्र। आरा शहरी फीडर-3 के संकट मोचन नगर, चंदवा मोड़, मौलाबाग, न्यू पुलिस लाइन के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। आरा शहरी फीडर-4 के हरी जी के हाता, जज कोठी मोड़, केजीरोड, क्लब रोड, बीडीओ. ब्लॉक और बजाज शो रूम के आस पास बिजली गुल रहेगी। आरा शहरी फीडर-5 के पकड़ी चौक, गैस एजेंसी, ट्रैफिक पुलिस, डॉ. ओपी राजेंद्र, मौलाबाग। आरा शहरी फीडर-6 महाराणा प्रताप नगर, कतीरा, तिलक नगर, गांधी नगर, जैन कॉलेज पूर्वी-पश्चिमी क्षेत्र, महाराजा हाता, जैन कॉलेज स्टेशन आईबी के आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सुबह 11:00 बजे से दोपहर 03.30 बजे तक इन इलाकों में गुल रहेगी बिजली मोती टोला, बलुआही, कसाब टोला, दूध कटोरा, हनुमान टोला, वालीगंज चिकटोली, रामगढ़िया, काजी टोला, कबीरगंज, अबरपुल, मिल्की मोहल्ला, विश्राम नगर, इब्राहीम नगर, धनुपरा आरा पटना बाई पास रोड, मिराचक, बेगमपुर, भलुहीपुर, अरण्य देवी, मीरगंज डोमटोली, भलुहीपुर कब्रिस्तान, भलुहीपुर बम पुलि, सिंडिगेट, शीशमहल चौक।

# सम्राट चौधरी ने अपराधियों को चेतावनी दी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बक्सर के डुमरांव अनुमंडल अंतर्गत नावानगर में कोका-कोला बॉटलिंग प्लांट के उद्घाटन समारोह में अपराधियों को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने मंच से कहा कि बिहार में कानून का राज है और जो भी अपराध करेगा, उसके लिए दो ही जगह हैं—या तो जेल या फिर बगल में बह रही गंगा नदी। नावानगर के विशेष आर्थिक क्षेत्र में स्थापित इस अत्याधुनिक प्लांट का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने रिमोट से बटन दबाकर किया। एसएलएमजी बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगभग 1235 करोड़ रुपये के निवेश से तैयार यह प्लांट बियाडा की 65 एकड़ भूमि पर स्थापित है और अब उत्पादन के लिए पूरी तरह तैयार है।

**बिहार सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धः**



अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य में निवेश करने वाले उद्यमियों को हर संभव सुरक्षा दी जाएगी। उन्होंने उपस्थित व्यवसायियों और निवेशकों से कहा कि बिहार अब बदल चुका है, जहां सड़क, बिजली और पानी की बेहतर व्यवस्था के साथ कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है। सरकार चाहती है कि अधिक से अधिक उद्योगपति बिहार आएं और निवेश करें, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले और पलायन रुके।

**''अपराधियों के लिए बिहार में कोई जगह नहीं'':** सम्राट चौधरी ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति उद्योग या व्यापार में बाधा डालने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में दोहराया कि अपराधियों के लिए बिहार में कोई जगह नहीं है।

**''आने वाले वर्षों में बिहार में उद्योगों का जाल बिछाया जाएगा'':** उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने भी कहा कि आने वाले वर्षों में बिहार में उद्योगों का जाल बिछाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह प्लांट न सिर्फ बक्सर बल्कि पूरे शाहाबाद क्षेत्र के लिए आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने निवेशकों से अपील की कि वे बिहार की नई औद्योगिक नीति का लाभ उठाएं और राज्य के विकास में भागीदार बनें। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। लोगों को उम्मीद है कि इस कोका-कोला बॉटलिंग प्लांट से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा।

# धनसोई को प्रखंड बनाने की मांग तेज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर के धनसोई को प्रखंड बनाने की दो दशक पुरानी मांग एक बार फिर विधानसभा में उठाई गई है। राजपुर विधानसभा क्षेत्र के जदयू विधायक संतोष निराला ने सदन में यह मुद्दा उठाया और विधानसभा अध्यक्ष को लोगों की परेशानियों से अवगत कराया। धनसोई को प्रखंड बनाने की यह मांग लंबे समय से चली आ रही है। स्थानीय लोगों को वर्तमान में अपने प्रशासनिक कार्यों के लिए लगभग 25 किलोमीटर दूर राजपुर प्रखंड जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी असुविधा होती है। यह मांग 1995 से लंबित है, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने इटाढ़ी उच्च विद्यालय के मैदान में एक जनसभा में धनसोई को प्रखंड बनाने का वादा किया था। उन्होंने वर्ष 2000 की चुनावी सभा में भी इस वादे को दोहराया था।

**CM ने धनसोई को प्रखंड बनाने का दिया था आश्वासनः** इसके बाद, 2005 के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान रामविलास पासवान, सुशील कुमार मोदी और सुषमा



स्वराज ने भी धनसोई को प्रखंड का दर्जा दिलाने की वकालत की थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी पिछले विधानसभा चुनाव के समय तियरा और धनसोई के कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभाओं में धनसोई को प्रखंड बनाने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा था कि वे जो कहते हैं, उसे करके दिखाते हैं। इसके बाद जिला प्रशासन से इस संबंध में प्रस्ताव भी मांगा गया था। राजपुर विधानसभा के पूर्व विधायक विश्वनाथ राम ने भी नवंबर 2024 में विधानसभा में धनसोई बाजार को प्रखंड बनाने की मांग की थी। उस समय उन्होंने बताया था कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा के बाद प्रखंड कार्यालय के लिए जमीन की मापी भी की गई थी, लेकिन आज तक धनसोई को प्रखंड नहीं बनाया जा सका है। उन्होंने जल्द से जल्द धनसोई को प्रखंड बनाने का अनुरोध किया था।

**प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद होगी कार्रवाईः** उस समय उनको जबाब में मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बक्सर जिला अंतर्गत राजपुर प्रखंड के धनसोई बजार को नया प्रखंड का दर्जा दिए जाने के संबंध में जिला पदाधिकारी बक्सर द्वारा प्रतिवेदन प्रमंडलीय आयुक्त को भेजा गया है। प्रमंडलीय आयुक्त के माध्यम से बोर्ड को प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार करवाई की जाएगी। वहीं इस बार भी जब वर्तमान विधायक संतोष निराला द्वारा धनसोई को प्रखंड बनाने की मांग की गई तो कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार ने इस बार भी वही जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि बक्सर के जिलाधिकारी से प्रखंड बनाने के लिए स्पष्ट मनतब के साथ विहिप प्रपत्र में प्रमंडलीय आयुक्त के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराने की मांग की गई है। उसके बाद ही इसपर आगे की करवाई की जाएगी ।

# नागरी प्रचारिणी में होली मिलन सह वस्त्र वितरण




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। रानी सती परिवार एवं प्रभा सेवा संस्थान द्वारा नागरी प्रचारिणी सभागार में होली मिलन सह वस्त्र वितरण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू व्यवसायी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजय महासेठ ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ कलाकारों द्वारा होली गीत एवं नृत्य प्रस्तुति के साथ हुआ। कलाकारों ने हिंदी और भोजपुरी होली गीतों पर गोधूलि नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को उत्सवी बना दिया। उपस्थित लोगों ने रंगों के पर्व होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। अध्यक्षता कर रहे संजय महासेठ ने कहा कि होली मिलन का त्योहार है, जो समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम लोगों को जोड़ने का काम करते हैं। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र का वितरण भी किया गया। मौके पर जदयू नेता राकेश रंजन उर्फ पुतुल, समाजसेवी दीपक कुमार अकेला, वार्ड पार्षद सीता देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन आपसी होली मिलन और शुभकामनाओं के साथ हुआ।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### मसौढ़ी में पुलिस ने बिना लाइसेंस वाले दो डीजे किया जब्त


**मसौढ़ी**। नगर में होली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। पुलिस अधीक्षक ने जिले में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं।पुलिस ने आम लोगों से शांति और आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की है। शनिवार को मसौढ़ी पुलिस ने नगर क्षेत्र के संघतपर मुहल्ले से छापेमारी कर एक डीजे सेट को जब्त किया है।अपर थानाध्यक्ष कृष्णा सिंह ने बताया कि बताया कि डीजे पर अक्सर अश्लील या भड़काऊ गीत बजने से सामाजिक और सांप्रदायिक माहौल प्रभावित होता है। इसी कारण इस पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। न मानने वालों की खैर नहीं। पाबंदी के बावजूद कई स्थानों पर डीजे बजाया जा रहा था।सूचना पर छापेमारी की गई।यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। गांव कस्बों में अनावश्यक लाउडस्पीकर बजाते पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पटना कैंसर सेंटर ने हिंदुस्तान डबलोथॉन में दिया स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश



**पटना**। शहर में आयोजित हिंदुस्तान डबलोथॉन कार्यक्रम के दौरान पटना कैंसर सेंटर की ओर से स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर विशेष पहल की गई। कार्यक्रम का प्रायोजन पटना कैंसर सेंटर द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लेकर फिटनेस और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस अवसर पर पटना कैंसर सेंटर के डॉ. नवीन कुमार ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और समय पर स्वास्थ्य जांच स्वस्थ जीवन की कुंजी है। उन्होंने लोगों को दैनिक जीवन में शारीरिक गतिविधियों को शामिल करने तथा नशा और अनियमित खानपान से दूर रहने की सलाह दी। डॉ. कुमार ने कहा कि "रोकथाम ही कैंसर के विरुद्ध सबसे बड़ा हथियार है। समय पर जांच और जागरूकता से इस गंभीर बीमारी पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।" उन्होंने बताया कि प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की पहचान होने पर उपचार की सफलता की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों को फिटनेस के प्रति प्रेरित किया गया तथा कैंसर से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए उपयोगी बताया। डबलोथॉन में दौड़ और साइक्लिंग जैसी गतिविधियों के जरिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। पटना कैंसर सेंटर की इस पहल को लोगों ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक सकारात्मक कदम बताया

### मानवीय संबंधों और यथार्थ की परतें खोलता नाटक "द सिडक्शन"



**पटना**। नाट्य संस्था विश्वा, पटना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव 'विश्वोत्सव 2025-26' के दूसरे दिन शुक्रवार की संध्या रंगमंच प्रेमियों के लिए यादगार बन गई। 27 फरवरी 2026 को शाम 6:30 बजे कंकड़बाग स्थित इमेजिनेशन स्कूल ऑफ ड्रामा एंड फिल्म मेकिंग के सभागार में विश्वप्रसिद्ध रूसी साहित्यकार Anton Chekhov द्वारा लिखित नाटक "द सिडक्शन" का प्रभावशाली मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन राजेश नाथ राम ने किया। पिछले 15 वर्षों से रंगकर्म के क्षेत्र में सक्रिय संस्था विश्वा ने इस प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों को मानवीय भावनाओं, लालच और यथार्थ के टकराव से रूबरू कराया। ग्रामीण परिवेश में रचा-बसा यह नाटक पात्रों के आपसी संवादों के जरिए समाज की जटिलताओं और मानवीय कमजोरियों को उजागर करता है। नाटक का केंद्रीय पात्र एक चतुर और प्रभावशाली पुरुष है, जो अपनी वाकपटुता और व्यवहार-कौशल से लोगों—विशेषकर महिलाओं—को प्रभावित करता है और अपने स्वार्थ की पूर्ति करता है। लेकिन चेखव की विशिष्ट शैली के अनुरूप कहानी केवल घटनाओं तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पात्रों की मानसिक उलझनों, भावनात्मक संघर्षों और उनके निर्णयों के पीछे छिपी मनःस्थिति को गहराई से परखती है। "द सिडक्शन" हास्य, व्यंग्य और त्रासदी का संतुलित मिश्रण है। यह नाटक दर्शकों को यह सोचने पर विवश करता है कि किस प्रकार मानवीय संबंधों में स्वार्थ, आकर्षण और भ्रम की परतें जुड़ी होती हैं। साधारण दिखने वाले प्रसंगों के माध्यम से जीवन की असाधारण सच्चाइयों को उजागर करना इस प्रस्तुति की खासियत रही। नाटक का समापन अप्रत्याशित और विचारोत्तेजक रहा, जिसने दर्शकों को रिश्तों की नाजुकता और जीवन की वास्तविकताओं पर आत्ममंथन करने का अवसर दिया। मंच पर रंगोली पाण्डेय, आदिल रशीद और राजेश राजा ने सशक्त अभिनय से पात्रों को जीवंत किया। मंच के पीछे पार्श्व ध्वनि की जिम्मेदारी राहुल आर्यन ने संभाली, जबकि प्रकाश संयोजन रेयाज़ अहमद का रहा। रूप-सज्जा तन्नु आश्मी, वस्त्र विन्यास आदित्य, मंच निर्माण सुनील जी ने किया। पूर्वाभ्यास प्रभारी के रूप में शशांक शेखर और अभिषेक मेहता ने योगदान दिया। प्रस्तुति विश्वा, पटना की ओर से की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए इमेजिनेशन पटना एवं कुंदन कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस प्रस्तुति ने एक बार फिर साबित किया कि सशक्त रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और जीवन की गहन सच्चाइयों को समझने का सशक्त जरिया भी है।

### आर.पी.एस. महिला कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली मिलन समारोह



**पटना**। शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आर.पी.एस. महिला कॉलेज में शनिवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्राचार्या विनीता के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पूरे परिसर को रंगोत्सव की उमंग से सराबोर कर दिया। समारोह की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई। छात्राओं ने अपने शिक्षकों को अबीर-गुलाल लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया और आपसी सौहार्द, प्रेम एवं एकता का संदेश दिया। वातावरण में उल्लास, संगीत और हंसी-खुशी की गूंज सुनाई दे रही थी। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि होली मिलन समारोह की सजावट पूरी तरह से छात्राओं द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित क्राफ्ट से की गई थी। रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक वॉल-हैंगिंग, पेपर आर्ट और पारंपरिक डिजाइन से सजे सभागार ने सभी का मन मोह लिया। यह पहल न केवल छात्राओं की रचनात्मकता और प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि आत्मनिर्भरता और सामूहिक सहयोग की भावना को भी मजबूत करती है। प्राचार्या विनीता ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और सामाजिक समरसता को भी प्रोत्साहित करते हैं। पूरे समारोह में अनुशासन, उत्साह और आपसी सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया।

# देशरत्न राजेंद्र प्रसाद स्मृति समारोह में शामिल हुए नीतीश कुमार, विकास कार्यों की प्रगति पर की समीक्षा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता






**पटना**। राजधानी में आयोजित देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नेताओं और गणमान्य लोगों ने देशरत्न को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया।

**निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरा करने के निर्देशः** स्मृति समारोह के बाद मुख्यमंत्री ने पटना में चल रही कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बांस घाट स्थित विद्युत शवदाह गृह, मंदिरी नाला निर्माण कार्य तथा नए बांस घाट में बन रहे विद्युत शवदाह गृह का जायजा लिया। अधिकारियों से कार्य प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर और बेहतर गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि आम लोगों को सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

**आधुनिक सुविधाओं पर विशेष जोरः** निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, जल निकासी व्यवस्था और अत्याधुनिक सुविधाओं पर विशेष बल दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और कार्यों की निरंतर समीक्षा की जाए।

**औद्योगिक विकास पर उपमुख्यमंत्री का बयानः** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बिहार में औद्योगिक निवेश तेजी से बढ़ रहा है। राज्य में कई बोतल भराई संयंत्रों का काम शुरू हो चुका है और एक प्रमुख संयंत्र का उद्घाटन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली जेके सीमेंट फैक्ट्री का भी उद्घाटन किया जाएगा। इससे राज्य में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री को कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन व्यस्तता के कारण वे स्वयं उद्घाटन समारोह में जा रहे हैं। इस अवसर पर एक ओर जहां देशरत्न को श्रद्धांजलि दी गई, वहीं दूसरी ओर विकास कार्यों की समीक्षा और नए निवेश की पहल ने राज्य में प्रगति का संदेश भी दिया।

# होली पर ससुराल जाने को लेकर विवाद, नर्स की पीट-पीटकर हत्या

## दानापुर में पति गिरफ्तार, ऑनलाइन गेम में पैसे हारने का भी आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। दानापुर थाना क्षेत्र के पूर्वी गोला रोड स्थित एक मकान में शुक्रवार देर रात दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। होली पर ससुराल जाने को लेकर हुए विवाद में पति ने अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान पीएमसीएच में हेड नर्स के पद पर कार्यरत चांदनी कुमारी के रूप में हुई है। आरोपी पति सोनू कुमार सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शुक्रवार शाम सोनू ने अपनी पत्नी से होली पर छपरा स्थित ससुराल जाने की बात कही थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोपी ने कथित तौर पर चांदनी को जोरदार थप्पड़ मारा, जिससे उसके कान से खून निकलने लगा। इसके बाद उसने गला दबाया और सीने पर वार कर दिया। गंभीर चोटों के कारण चांदनी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद सोनू अपने दो वर्षीय बेटे को लेकर छपरा स्थित अपने पैतृक घर गया और बच्चे को वहां छोड़कर देर रात दानापुर लौटा। इसके बाद उसने डायल 112 पर फोन कर हत्या की सूचना खुद पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को घर से हिरासत में ले लिया।



चांदनी के साथ आरोपी पति की फाइल फोटो।



मृतका की बहन ब्यूटी कुमारी ने आरोप लगाया कि सोनू ऑनलाइन गेम में करीब चार लाख रुपये हार चुका था, जो चांदनी ने उसे दिए थे। उन्होंने बताया कि 6 फरवरी 2023 को चांदनी की शादी सोनू से हुई थी और उनका एक दो साल का बेटा है। परिजनों का आरोप है कि रुपये और संपत्ति को लेकर ससुराल पक्ष अक्सर चांदनी को प्रताड़ित करता था।

बताया गया कि चांदनी ने हाल ही में एक जमीन खरीदी थी और शुक्रवार दोपहर उसने वह जमीन सोनू को दिखाई थी। इसी के बाद दोनों के बीच तनाव और बढ़ गया। परिजनों का कहना है कि मृतका के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं, जो लंबे समय से हो रही प्रताड़ना की ओर संकेत करते हैं।

मृतका के बहनोई कृष्णा सिंह के अनुसार, शुक्रवार रात करीब दो बजे सोनू ने फोन कर बताया कि चांदनी की हत्या हो गई है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि घर में पुलिस मौजूद थी और चांदनी का शव खून से लथपथ पड़ा था। आरोपी पति वहीं बैठा हुआ था, जिसे पुलिस अपने साथ थाना ले गई। दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि मामले की जांच जारी है। परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शनिवार सुबह अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और बाद में परिजनों को सौंप दिया।

### नौबतपुर में प्रखंड कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक, विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नौबतपुर, पटना**। नौबतपुर में शनिवार को प्रखंड कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष शंकर शर्मा ने की। इसमें विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं की प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में उपाध्यक्ष श्रवण कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, अंचलाधिकारी सुमित कुमार आशीष, पिपलावां थाना के अपर थानाध्यक्ष संजय कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शैल कुमारी सिन्हा, रेफरल अस्पताल की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रीना कुमारी, आपूर्ति पदाधिकारी विनोद कुमार राम और सहकारिता पदाधिकारी रमन राय सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान मनरेगा, जनवितरण प्रणाली, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व और सहकारिता विभाग की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता बरतने और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

बैठक में कुछ विभागों के प्रतिनिधियों के बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहने का मामला भी सामने आया। इस पर नाराजगी जताते हुए संबंधित विभागों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। स्पष्ट किया गया कि समीक्षा बैठक में लापरवाही या अनुपस्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अंचलाधिकारी ने भूमि विवाद, दाखिल-खारिज और राजस्व मामलों की स्थिति की जानकारी देते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया। वहीं शिक्षा विभाग की ओर से विद्यालयों में नामांकन, उपस्थिति और मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा की गई। अध्यक्ष शंकर शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक के अंत में प्रखंड के समग्र विकास और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

### पटना सिटी में घर में घुसकर महिला डीलर की हत्या, चाकू से गोदकर बदमाश फरार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**फुलवारीशरीफ, पटना**। पटना सिटी में शनिवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे एक महिला की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। घटना आलमगंज थाना क्षेत्र के दादर मंडी इलाके की है। मृतका की पहचान 45 वर्षीय सुलेखा देवी के रूप में हुई है, जो जन वितरण प्रणाली (PDS) डीलर थीं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अज्ञात बदमाश घर में घुसे और धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। महिला के गर्दन, गला और दोनों हाथ पर चाकू के वार के पांच निशान मिले हैं। वारदात के समय उनका बेटा घर के ऊपरी कमरे में सो रहा था, जबकि सास बाजार गई थीं और पति ऑफिस में थे। हत्या के बाद अपराधी फरार हो गए। जब बेटा नीचे आया तो उसने मां को खून से लथपथ हालत में देखा। सूचना मिलते ही आसपास के लोग जुट गए। मृतका के पति मंटू कुमार, जो कोर्ट में एडवोकेट क्लर्क हैं, ने बताया कि वे कोर्ट में थे। इसी दौरान सहयोगी को फोन पर सूचना मिली कि घर में उनकी मां गिर गई हैं। जब वे घर पहुंचे तो पत्नी को गंभीर हालत में पाया। आनन-फानन में उन्हें नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि तेज धारदार हथियार से हमला किया गया है। सूचना पर आलमगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। एएसपी राज किशोरी सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मसौढ़ी नगर परिषद का 138 करोड़ से अधिक का बजट पेश, विकास कार्यों पर रहेगा खास जोर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मसौढ़ी**। नगर परिषद, मसौढ़ी के सभागार में शनिवार को दोपहर करीब 2 बजे सामान्य बोर्ड की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने की।इस दौरान आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट प्रस्तुत कर उस पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से पारित किया गया।बैठक का संचालन कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन ने किया।इस अवसर पर उपमुख्य पार्षद चंद्रकांत कुमार एवं सशक्त स्थायी समिति के सदस्य,वार्ड पार्षद और नगर परिषद के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।बैठक में प्रस्तुत बजट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल अनुमानित आय 138 करोड़ 67 लाख रुपये निर्धारित की गई है,जबकि कुल अनुमानित व्यय 133 करोड़ 84 लाख रुपये रखा गया है।इस प्रकार नगर परिषद को 4 करोड़ 83 लाख रुपये के अनुमानित लाभ का लक्ष्य रखा गया है। बजट में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए शहर के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।

बजट के प्रमुख बिंदुओं में बताया गया कि केंद्र एवं राज्य सरकार से लगभग 91 करोड़ 56 लाख रुपये की प्राप्ति का अनुमान है।वहीं आगामी वित्तीय वर्ष में संपत्ति कर वसूली का लक्ष्य 1 करोड़ 50 लाख रुपये निर्धारित किया गया है।नगर परिषद ने राजस्व बढ़ाने और वित्तीय स्थिति मजबूत करने की दिशा में विशेष रणनीति बनाने का भी निर्णय लिया है। विकास योजनाओं पर लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत नगर परिषद के लिए नई भूमि क्रय हेतु 7 करोड़ रुपये, मार्केट कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपये, सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपये तथा शवदाह गृह के लिए 1 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इसके अलावा शहरी गरीबों के कल्याण और वेंडर जोन के विकास के लिए लगभग 2 करोड़ रुपये, पुस्तकालय निर्माण के लिए 50 लाख रुपये, सड़क एवं नाला निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपये तथा जलापूर्ति प्रणाली और जल जीवन हरियाली योजना के लिए 7 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सफाई उपकरण और वाहन क्रय मद में 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्य पार्षद बीबी पिंकी देवी ने कहा कि यह बजट शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, नागरिक सुविधाओं में सुधार लाने और पारदर्शी विकास सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी पार्षदों से विकास कार्यों में सहयोग की अपील की।

# महाप्रबंधक ने मधुविहार कॉलोनी एवं जगजीवन स्टेडियम का किया निरीक्षण

♦ **32 करोड रुपए की लागत से जगजीवन स्टेडियम का किया जाएगा जीर्णोद्धार एवं विस्तारीकरण**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा दानापुर स्थित मधु विहार रेलवे कॉलोनी एवं जगजीवन स्टेडियम को निरीक्षण किया गया । इस क्रम में महाप्रबंधक ने रेलवे कॉलोनी में साफ़-सफाई, रेलकर्मियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं आदि का जायज़ा लिया तथा कॉलोनी के साफ-सफाई से संतुष्ट दिखे। उन्होंने रेल आवासों में रह रहे रेलकर्मियों हेतु कम्यूनिटी हॉल के निर्माण, बच्चों के खेलकूद के लिए पार्क विकसित करने जैसे सुविधाओं को उपलब्ध कराने के दिशा में हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिए । इस दौरान महाप्रबंधक महोदय ने जगजीवन स्टेडियम का 32 करोड़ की लागत से किये जाने वाले जीर्णोद्वार एवं विस्तीकरण के ड्राइंग का अवलोकन किया और अधिकारियों से चर्चा की । इस योजना के तहत स्टेडियम में हॉस्टल एवं पैविलियन इत्यादि का सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी । महाप्रबंधक महोदय ने उपस्थित अधिकारियों को स्टेडियम निर्माण में गुणवत्तापूर्ण सुनिश्चित करने एवं यथाशीघ्र निर्माण हेतु निर्देश दिए ।

महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि जगजीवन स्टेडियम के जीर्णोद्वार एवं विस्तीकरण से रेलवे कर्मचारियों, उनके परिवारों एवं स्थानीय युवाओं को उत्कृष्ट खेल सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। स्टेडियम के निर्माण से खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा । भारतीय रेल केवल यातायात सेवा ही नहीं, बल्कि सामाजिक एवं मानवीय विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। खेल गतिविधियाँ कर्मचारियों में टीम भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करती हैं। स्टेडियम के विकास से खेल प्रतिभाओं को निखारने हेतु एक मंच उपलब्ध हो सकेगा ।

विदित हो पिछले दिनों हाजीपुर स्थित कोनहाराघाट रेलवे कॉलोनी में रुपए 7.14 करोड़ की लागत से अमृत भारत रेलवे स्टेडियम का निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है। स्टेडियम में क्रिकेट एवं फुटबॉल के लिए आधुनिक एवं भव्य मैदान विकसित किए जाएंगे, जिससे रेलवे कर्मचारियों, उनके परिवारों एवं स्थानीय युवाओं को उत्कृष्ट खेल सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इस अवसर पर दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विनोद कुमार सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त समाचार

### बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन करें किसान : शिल्पी नेहा तिर्की



**रांची।** झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य के किसानों को बाजार की मांग के अनुरूप अपने उत्पाद तैयार करने की आवश्यकता है। सरकार किसानों को इस दिशा में हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री शनिवार को रांची स्थित पलाश सभागार में सिद्धको फेड द्वारा लघु वनोत्पादों के संग्रहण एवं मूल्य संवर्धन विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। अपने संबोधन के दौरान मंत्री ने वनोपज को बढ़ावा देने, उचित मूल्य निर्धारण तथा किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तीन महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाने की जानकारी दी। इनमें सिद्धको फेड और आईसीएआर-राष्ट्रीय महत्वपूर्ण कीट संसाधन ब्यूरो (आईसीएआर-एनआईएसए) के बीच ब्रूड बैंक स्थापना को लेकर समझौता, झासको लैंप एवं लखीश्वरी लाह उद्योग के साथ सहयोग समझौता तथा वाइल्ड हार्वेस्ट वेंचर प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू शामिल है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वनोपज को बढ़ावा देकर किसानों को उसका उचित मूल्य दिलाने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि झारखंड की लगभग 29 प्रतिशत भूमि वन क्षेत्र से आच्छादित है, जिसे संरक्षित रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। कृषि मंत्री उन्होंने कहा कि राज्य की बड़ी आबादी वनोपज पर निर्भर है और सरकार इसे आर्थिक रूप से मजबूत करने की योजना बना रही है। सिद्धको फेड की पहल पर टरबीबा फाउंडेशन द्वारा किसानों से 47 रुपये प्रति किलो की दर से करंज की खरीद की गई है। वहीं मडुआ की खेती का रकबा 20 हजार हेक्टेयर से बढ़कर एक लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। कार्यशाला में पीसीसीएफ रांची संजीव कुमार सिंह, आईसीएआर-निसा के निदेशक डॉ. अभिजीत कर, सिद्धको फेड के सीईओ शशि रंजन, गिरिडीह के डीएफओ मनीष तिवारी सहित राज्यभर से आए किसान उपस्थित रहे।

### होली से पहले एचईसी कर्मचारियों को मिलेगा एक माह का वेतन : लीलाधर सिंह




**रांची।** रांची स्थित हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) के कर्मचारियों को होली के अवसर पर आगामी 2 मार्च 2026 को एक माह का वेतन भुगतान किया जाएगा। यह जानकारी हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (इंटक) के महामंत्री सह इंटक के राष्ट्रीय संगठन सचिव लीलाधर सिंह ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि वित्तीय संकट के बावजूद यूनियन के आग्रह तथा होली और रमजान पर्व को ध्यान में रखते हुए प्रबंधन ने कर्मचारियों को एक माह का वेतन देने का निर्णय लिया है। भारत सरकार से आर्थिक सहयोग और बैंक गारंटी नहीं मिलने के बावजूद लिया गया यह फैसला सराहनीय है। लीलाधर सिंह ने कहा कि पिछले कई महीनों से कर्मचारियों को केवल आधे माह का वेतन मिल रहा था, जबकि करीब 26 माह का वेतन अब भी बकाया है। इसके बावजूद कर्मचारी लगातार उत्पादन कार्य में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उद्योग बंद नहीं होना चाहिए और अधिकांश कर्मचारी इसके संचालन के पक्ष में हैं। लगभग 70 वर्ष पुराने मशीनों पर आज भी गुणवत्तापूर्ण उत्पादन किया जा रहा है। यूनियन की मांग पर रमजान के दौरान मुस्लिम कर्मचारियों को इफ्तार के लिए आधा घंटा पहले घर जाने की अनुमति भी प्रबंधन ने दे दी है। यूनियन ने कर्मचारियों से वित्तीय वर्ष 2025-26 की अंतिम तिमाही में उत्पादन कार्य सुचारु रूप से जारी रखने की अपील की है।

### बिरसा कॉलेज के नव नियुक्त कोषाध्यक्ष को एबीवीपी ने दी बधाई



**खूंटी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की बिरसा कॉलेज इकाई की ओर से शनिवार को बिरसा कॉलेज, खूंटी के नव नियुक्त कोषाध्यक्ष (बर्सर) तारीफ लुगुन को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित करते हुए बधाई दी गई। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि तारीफ लुगुन की कार्यनिष्ठा, पारदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता महाविद्यालय की वित्तीय व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। परिषद पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं विकासात्मक कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान एबीवीपी प्रतिनिधियों ने महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर एबीवीपी के प्रदेश मंत्री प्रकाश टूटी, मधुवा मुंडा, सुखराम हेमरोम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पिकअप वैन ने दंपत्ति को मारी टक्कर, गंभीर




**पूर्वी सिंहभूम।** साकची थाना क्षेत्र सागर होटल के पास शनिवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार पिकअप वैन ने स्कूटी सवार दंपत्ति को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर दूर तक घिसटते चले गए। हादसे के तुरंत बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दंपत्ति स्कूटी से सब्जी खरीदकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रही पिकअप वैन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस की व्यवस्था की और दोनों को तत्काल टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) पहुंचाया। यहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद पिकअप वैन का चालक मौके से फरार होने का प्रयास कर रहा था, लेकिन आसपास मौजूद लोगों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। इस दौरान लोगों ने चालक की पिटाई कर दी।सूचना मिलते ही साकची थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पिकअप वैन को जब्त कर लिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# रांची में भाजपा समर्थित रोशनी खलखो मेयर बनीं, कांग्रेस समर्थित रमा खलखो को 14,363 मतों से हराया

**एजेंसी । रांची**





झारखंड की राजधानी रांची में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थित उम्मीदवार रोशनी खलखो मेयर बन गई हैं। उन्होंने शुक्रवार को कांग्रेस समर्थित रमा खलखो को 14,363 वोटों से हराया। रोशनी को 1,57,669 वोट मिले, जबकि रमा को 1,43,306 वोट मिले। पांच राउंड में हुई मतगणना का परिणाम रात 12 बजे घोषित किया गया। रोशनी ने पहले राउंड से ही बढ़त हासिल की और यह अंत तक बनी रही। मेयर पद के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में थे, लेकिन मुख्य मुकाबला रोशनी-रमा के बीच रहा। अन्य नौ प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई है। रोशनी खलखो ने जीत के बाद कहा कि यह जनता की जीत है। पिछले तीन साल से चुनाव नहीं होने से लोग निराश थे और अफसरशाही हावी थी। उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं था। इसलिए यह जीत आम लोगों की जीत है। अब जनता को ऐसी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। जनता की समस्याओं का सीधा समाधान कैसे हो, यह हमारा पहला काम होगा। इसके लिए पूरा रोडमैप तैयार है। जल्द यह साकार होता दिखेगा। हजारीबाग नगर निगम के नए मेयर अरविंद कुमार राणा चुने गए हैं। अरविंद राणा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता और पत्रकार भी रहे हैं। पहली बार हुए मानगो नगर निगम चुनाव में मेयर पद के लिए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी सुधा गुप्ता ने भाजपा समर्थित संध्या सिंह को हराया। आदित्यपुर नगर निगम में भाजपा समर्थित संजय सरदार जीते। देवघर नगर निगम चुनाव के नए मेयर झामुमो समर्थित उम्मीदवार रवि रावत चुने गए। धनबाद में संजीव सिंह आगे चल रहे हैं। वहीं, मेदिनीनगर में भाजपा समर्थित अरुणा शंकर ने कड़ी टक्कर में कांग्रेस समर्थित नम्रता त्रिपाठी को 3122 वोटों से हराया। चास में भोलू पासवान आगे चल रहे हैं। वहीं, नगर पंचायत में भाजपा समर्थित 8 प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। बिना समर्थन वाले प्रत्याशियों ने नगर निगम के साथ-साथ नगर परिषद में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। 23 फरवरी को झारखंड के 48 नगर निकाय में चुनाव हुआ था। वहीं, बुंडू नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में जीतेंद्र उरांव ने शानदार जीत दर्ज की है। आधिकारिक परिणामों के अनुसार, उन्हें कुल 4007 मत प्राप्त हुए। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजेश उरांव को 3198 मत मिले। इस प्रकार जीतेंद्र उरांव ने 809 मतों के अंतर से जीत हासिल की। नगर परिषद के विजयी प्रत्याशी पाकुड़ से शबरी पाल, गोड्डा से सुशील रमानी, गुमला से शकुंतला उरांव, लोहरदगा अनिल उरांव, मिहिजाम से जय श्री देवी, जुगसलाई से नौशीन खान, चाईबासा से नितिन प्रकाश, गढ़वा से आशीष सोनी, बिश्रामपुर गीता देवी, चक्रधरपुर शनि उरांव, चतरा अताउर रहमान, रामगढ़ कुसुम लता देवी, फुसरो निर्मला देवी, साहिबगंज रामनाथ पासवान, चिरकुंडा सुनीता देवी, झुमरी तिलैया रमेश हर्षधर, कपाली परवेज आलम शामिल हैं। नगर पंचायत से विजय प्रत्याशी बुंडू जितेंद्र उरांव, डोमचांच उमेश वर्मा, चाकुलिया सोमवारी सोरेन, जामताड़ा आशा गुप्ता, महागामा प्रबोध सोरेन, लातेहार महेश सिंह, बासुकीनाथ बीना देवी, खूंटी रानी टूटी, छतरपुर अरविंद गुप्ता, बंशीधर नगर साधना देवी , मझिआंव सुमित्रा देवी, हरिहरगंज शीला चौधरी, हुसैनाबाद अजय भारती, धनवार विनय संथालिया, बड़की सरैया शोभा देवी,राजमहल केतुबद्दीन शेख, बरहरवा अर्पिता दास, कोडरमा साजिद हुसैन और सरायकेला मनोज चौधरी हैं।

## रांची सिविल कोर्ट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी । रांची**




राजधानी रांची स्थित सिविल अदालत को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से प्रशासनिक और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। शनिवार को ई-मेल के माध्यम से भेजे गए धमकी भरे संदेश में इस बार आरडीएक्स से विस्फोट करने की बात कही गई है। धमकी मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट मोड में आ गईं। सूचना के बाद पुलिस टीम ने अदालत परिसर में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा के मद्देनजर डॉग स्क्वायड और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम को भी मौके पर बुलाया गया। एहतियातन अदालत के मुख्य प्रवेश द्वार को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया, जबकि अन्य गेटों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की गई। परिसर में आने-जाने वाले लोगों की गहन जांच की गई। कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) प्रकाश सोय ने बताया कि धमकी भरे ई-मेल के स्रोत का पता लगाने के लिए तकनीकी जांच की जा रही है। साथ ही पूरे अदालत परिसर की सुरक्षा जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी 6 फरवरी को रांची सिविल अदालत को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। लगातार मिल रही धमकियों को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी पहलुओं की जांच कर रही हैं।

## दुष्कर्म की कोशिश नाकाम होने पर बच्चे की पत्थर से मारकर हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम**



पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में चार वर्षीय बच्चे निर्मल हेम्ब्रम की अपहरण के बाद हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने इस अपराध में शामिल एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। खूंटपानी गांव निवासी बालेमा हेम्ब्रम (49 ) ने अपने पुत्र के अचानक लापता होने पर मुफ्फसिल थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में थाना (कांड संख्या 36/2026) दर्ज की गई थी। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित रेणु के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर बहामन टूटी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचना के आधार पर जांच को आगे बढ़ाते हुए चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के इचींडा टोला उलीडीह निवासी देवेन्द्र बोदरा (31)को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपित ने स्वीकार किया कि उसने बच्चे के साथ दुष्कर्म की कोशिश की। जब मासूम ने विरोध किया तो उसने पत्थर से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने चुईगुटू पहाड़ क्षेत्र से बच्चे के शव को बरामद कर लिया। घटना में प्रयुक्त पत्थर को भी जब्त किया गया है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपित का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है।

### झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पोते के निधन पर सुदेश महतो ने जताई संवेदना



**एजेंसी । रांची**

ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा (पूर्वी सिंहभूम) पहुंचे और उनके पोते वीर सोरेन के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान सुदेश महतो ने दिवंगत वीर सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाया और अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने कहा कि वीर सोरेन का असमय निधन अत्यंत दुखद एवं अपूरणीय क्षति है, जिससे न केवल परिवार बल्कि पूरा प्रदेश मर्माहत है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो, जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार ने मानगो नगर पालिका चुनाव जीता

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर स्थित मानगो नगर निगम के मेयर पद के चुनाव परिणाम ने शहर की राजनीति में बड़ा संदेश दिया है। कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी सुधा गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्णायक जीत हासिल की। उन्होंने 42,022 मत प्राप्त कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थित प्रत्याशी संध्या सिंह को भारी अंतर से पराजित किया। संध्या सिंह को कुल 23,421 वोट मिले। करीब 18 हजार से अधिक मतों के अंतर ने चुनाव को एकतरफा बना दिया। मानगो क्षेत्र को लंबे समय से भाजपा का मजबूत प्रभाव क्षेत्र माना जाता रहा है। ऐसे में भाजपा समर्थित प्रत्याशी की हार ने पार्टी संगठन और स्थानीय नेतृत्व की रणनीति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चुनाव से पूर्व टिकट वितरण को लेकर पार्टी के भीतर असंतोष खुलकर सामने आया था। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव द्वारा अपनी पत्नी को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद पार्टी से इस्तीफा देने की घटना ने कार्यकर्ताओं के बीच भ्रम की स्थिति पैदा कर दी। वहीं उनके समर्थकों तथा पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह के विरोध में उतरने से संगठनात्मक एकजुटता कमजोर पड़ गई। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इसी अंदरूनी खींचतान के कारण भाजपा का पारंपरिक वोट बैंक विभाजित हो गया। इस चुनाव परिणाम के बाद मानगो क्षेत्र के विधायक सरयू राय की राजनीतिक प्रभावशीलता भी चर्चा का विषय बन गई है। वर्ष 2024 के जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा चुनाव में प्रभावशाली जीत दर्ज करने वाले सरयू राय से भाजपा प्रत्याशी को मजबूत समर्थन मिलने की उम्मीद थी, लेकिन निकाय चुनाव में वह पूरी तरह नजर नहीं आया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विधानसभा और नगर निकाय चुनावों के राजनीतिक समीकरण अलग होते हैं, जहां स्थानीय मुद्दे और उम्मीदवार की व्यक्तिगत स्वीकार्यता अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार की जीत के पीछे पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता की सक्रिय भूमिका को अहम माना जा रहा है। उन्होंने इस चुनाव को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाते हुए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। बूथ प्रबंधन, महिला मतदाताओं तक पहुंच और स्थानीय समस्याओं को चुनावी मुद्दा बनाने की रणनीति कांग्रेस के पक्ष में गई। परिणामस्वरूप यह जीत केवल चुनावी सफलता तक सीमित नहीं रही, बल्कि कांग्रेस के लिए राजनीतिक मनोबल बढ़ाने वाला संदेश भी बन गई।

## पार्क में होली मिलन समारोह आयोजित

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**

बिष्टुपुर स्थित निक्को पार्क में शनिवार को महानगरों के तर्ज पर एक दम अनोखे अंदाज में रंगों, संगीत और उत्साह से सराबोर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन तुषार इवेंट की ओर से किया गया, जिसमें शहर भर से बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। आयोजकों के अनुसार लगभग सात सौ से अधिक जेन जी युवा इस उत्सव में शामिल हुए, जिनमें युवतियों की भागीदारी विशेष रूप से अधिक रही। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। प्रवेश द्वार से लेकर मुख्य मंच तक रंग-बिरंगी सजावट, फूलों की झालरें और होली थीम आधारित सेल्फी प्वाइंट बनाए गए थे, जहां युवाओं ने जमकर तस्वीरें खिंचवाईं। जैसे ही डीजे ने फिल्मी और होली के लोकप्रिय गीतों की धुनें बजानी शुरू कीं, पूरा माहौल उत्साह से भर उठा। युवाओं ने रंग-गुलाल उड़ाते हुए जमकर ठुमके लगाए और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया था। प्रवेश पर रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था थी तथा रंगों के लिए ऑर्गेनिक गुलाल उपलब्ध कराया गया। आयोजकों की ओर से ठंडाई, स्नैक्स और पानी की भी समुचित व्यवस्था की गई थी, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। रंगों से सराबोर युवा समूहों में नृत्य करते नजर आए। कई युवाओं ने पारंपरिक सफेद परिधान के अलावा आधुनिक वस्त्र पहनकर उत्सव की शोभा बढ़ाई।

**कार्यालय-झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (GeM)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना, परिषद, राँची के पत्रांक–5063 दिनांक–26.11.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में गढ़वा जिले के 26 PM SHRI विद्यालयों में निम्नलिखित सामग्रियों एवं सेवा उपलब्ध कराने हेतु GeM पोर्टल पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| Sl | Item Name/Service | GeM BID No |
|---|---|---|
| 1 | Herbal/Medicinal Garden | GEM/2026/B/7292461 |
| 2 | Colourful Dustbins painted With interesting characters for waste segregation | GEM/2026/B/7292078 |
| 3 | Activity Promoting Green School | GEM/2026/B/7288834 |
| 4 | Enhancement of School Aesthetics | GEM/2026/B/7292678 |
| 5 | PM SHRI Logo for All Students (Like Badge) | GEM/2026/B/7288981 |
| 6 | ID Cards (Students) | GEM/2026/B/7283800 |
| 7 | Sports Equipment | GEM/2026/B/7292856 |
| 8 | Band Uniform | GEM/2026/B/7292905 |

इच्छुक निविदादाता GeM पोर्टल पर निर्धारित शर्तों के अनुसार ऑनलाईन बिड प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र कंडिका–3(C) का उपकंडिका–03 में समर्पित किये जाने वाले दूसरा लिफाफा वित्तीय बिड में अंकित किये जाने वाला दर सभी सामग्रियों/सेवाओं का अलग–अलग दर अंकित करते हुए जमा करेंगें। विस्तृत शर्तें एवं विवरण GeM पोर्टल एवं जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

क्रय समिति द्वारा दिनांक– 07.03.2026 एवं 09.03.2026 के पूर्वाह्न 11:30 बजे समाहरणालय सभागार, गढ़वा में निविदा खोली जायेगी। निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन अथवा रद्द करने का अधिकार जिला क्रय समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 373836 Human Resource Developement (25-26)_D

**झारखण्ड सरकार**
**कारा निरीक्षणालय**
**कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड**
**कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा**
E-Mail ID:- dj-garhwa@jharkhandmail.gov.in
jailsuperintendent.garhwa@gmail.com
Phone No. 06561-222104

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना**

HJ AND DM/DJ GARHWA/Annual /Q-2/2026/314

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कारा का नाम | मंडल कारा, गढ़वा |
| 02 | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल, एंव चीनी आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण। 1. वार्षिक ई0 निविदा दिनांक–01.04.2026 से 31.03. 2027 तक) तक। 2. द्वितीय त्रैमासिक ई निविदा दिनांक–01.04.2026 से 30.06.2026 तक) |
| 03 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | i. 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र। ii. 10.00 लाख से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र। iii. 50.00 लाख से उपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र। |
| 04 | बेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | दिनांक–14.03.2026, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–20.03.2026 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 05 | निविदा Online Upload करने की तिथि। | दिनांक–14.03.2026, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–20.03.2026 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 06 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | दिनांक–22.03.2026, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से 23. 03.2026 अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 07 | अग्रधन राषि (EMD)(₹ 2500/–.से अधिक होने पर जमा करने की तिथि) | दिनांक–22.03.2026, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से 23. 03.2026 अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 08 | निविदा खुलने की तिथि/समय/ स्थान | दिनांक–26.03.2026, समय–पूर्वाह्न 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपयुर्क्त निविदा झारखांड सरकार की बेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.- 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन
अधीक्षक
मंडल कारा, गढ़वा

PR 373844 (Prison) 25-26 (D)

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### 80 लाख आपत्तियां, वोटर लिस्ट की बड़ी परीक्षा

लोकतंत्र में चुनाव की शुचिता का मूल आधार पारदर्शिता और निष्पक्षता पर टिका होता है। पात्र मतदाता ही चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा बनें, यह सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची में समय-समय पर संशोधन जरूरी होता है।इसी उद्देश्य से निर्वाचन आयोग ने देश के विभिन्न राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू की है, मगर इसमें कई तरह की आशंकाएं और चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। खासकर पश्चिम बंगाल में पुनरीक्षण को लेकर कई मौकों पर निर्वाचन आयोग और राज्य सरकार को आमने-सामने देखा गया है। सवाल और आरोप वही हैं कि राज्य में इस प्रक्रिया का राजनीतिकरण किया जा रहा है।पहले नागरिकता प्रमाण पत्रों को लेकर विवाद उठा, फिर बूथ स्तरीय अधिकारियों पर काम के बोझ का मुद्दा सुर्खियों में आया और अब तार्किक विसंगतियों से संबंधित दावों और आपत्तियों के पारदर्शी तरीके से समय पर निपटारे का मसला सामने आया है।सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले सप्ताह इस कार्य में सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का निर्देश दिया था और अब राज्य के दीवानी न्यायाधीशों की तैनाती तथा पड़ोसी राज्यों झारखंड और ओड़ीशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की अनुमति भी दे दी है।गौरतलब है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत बिहार से हुई थी और तब से लेकर यह प्रक्रिया विवादों में है। शुरू में चुनाव आयोग की ओर से आधार कार्ड को पहचान पत्र के दस्तावेज में शामिल नहीं करने का मुद्दा प्रमुखता से उठा था, मगर बाद में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इसे पहचान के दस्तावेज में शामिल कर लिया गया।मगर पश्चिम बंगाल में आधार कार्ड को लेकर चुनाव आयोग की आशंकाएं अभी भी बरकरार हैं। शीर्ष अदालत में मंगलवार को आयोग की तरफ से दलील दी गई कि देश भर में फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर हो रहा है और बंगाल में ऐसे मामलों की संख्या सर्वाधिक है। इस पर अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में गहन जांच की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन यह समय इसके लिए उपयुक्त नहीं है।

### एक पदयात्रा और पूरा शहर ठप, बेपटरी हुई ट्रैफिक व्यवस्था?

चंडीगढ़ में यातायात अवरुद्ध होने की घटना और उस पर उच्च न्यायालय की ओर से लिए गए तत्काल संज्ञान को व्यवस्था में सुधार की लिहाज से अहम माना जा रहा है। महानगरों से लेकर छोटे कस्बों तक यातायात प्रबंधन में हर स्तर पर अक्सर लापरवाही साफ नजर आती है। खास तौर से उन जगहों पर जहां सड़क संकेतक काम नहीं कर रहे होते या यातायात पुलिस कर्मी तैनात नहीं होते। वाहन चालकों के एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ से भी जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। हद तो तब हो जाती है, जब रैलियों, पदयात्रा और विरोध प्रदर्शन के दौरान सड़कें अवरुद्ध हो जाती हैं और वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। ऐसा लगता है कि यातायात नियम भीड़ में शामिल लोगों के लिए बने ही नहीं हैं! यहां तक कि एंबुलेंस और दमकल वाहनों को भी रास्ता देने की जरूरत नहीं समझी जाती। ऐसी ही एक घटना चंडीगढ़ में मंगलवार को देखने को मिली, जब विपक्षी दलों की पदयात्रा के दौरान यातायात जाम होने से पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के वाहन फंस गए। इसके बाद उच्च न्यायालय ने कड़ा संज्ञान लेते हुए चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक को तलब कर यातायात व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए।इसमें दोराय नहीं कि राष्ट्रीय राजमार्ग से लेकर संपर्क मार्गों तक यातायात जाम की समस्या अब आम बात हो गई है। यातायात नियमों की हर स्तर पर अनदेखी की जाती है। अक्सर यह देखा जाता है कि विभिन्न स्थानों पर लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं, जिससे न केवल उनका कीमती समय बर्बाद हो जाता है, बल्कि उन्हें कई तरह की परेशानियों से भी दो-चार होना पड़ता है। आए दिन इस तरह के मामले भी सामने आते रहते हैं कि यातायात जाम की वजह से एंबुलेंस को रास्ता नहीं मिला और उसमें ले जाए जा रहे मरीज को समय पर उपचार नहीं मिलने से उसकी मौत हो गई।चंडीगढ़ में यातायात अवरुद्ध होने की घटना और उस पर उच्च न्यायालय की ओर से लिए गए।

*नागरिकों को भी यह ठानना होगा कि वे तात्कालिक प्रलोभनों के बजाय दीर्घकालिक विकास को प्राथमिकता देंगे। लोकतंत्र की सुदृढ़ता तभी सुनिश्चित होगी जब शासन और जनता दोनों अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। निस्संदेह, चुनावी निष्पक्षता के लिये यह आवश्यक हो गया है कि चुनाव से पहले घोषित की गई या लागू की गई लोकलुभावनी नीतियों व योजनाओं की गहन पड़ताल की जाए।*

## मुफ्त रेवड़ी संस्कृति जीवंत लोकतंत्र के लिये घातक

**(ललित गर्ग)**

लोकतंत्र का मूल उद्देश्य जनकल्याण है। राज्य का दायित्व है कि वह गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों को सहारा दे। सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं, न्यूनतम जीवन स्तर की गारंटी-ये सब कल्याणकारी राज्य की पहचान हैं। लेकिन जब जनहित और चुनावी लाभ के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है, तब समस्या जन्म लेती है। भारतीय लोकतंत्र की विडंबना यह है कि चुनाव आते ही जनसेवा का स्वरूप बदलकर जनलुभावन राजनीति में परिवर्तित हो जाता है। राजनीतिक दलों ने मुफ्त की योजनाओं को चुनावी सफलता का शॉर्टकट बना लिया है। मतदाताओं को तात्कालिक आर्थिक लाभ देकर वोट हासिल करने की प्रवृत्ति लगातार मजबूत हो रही है। आगामी तीन-चार माह में विधानसभा चुनाव होने है, इसी संदर्भ में जब असम, पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हुई, तब इस संस्कृति का प्रभाव और स्पष्ट दिखाई देने लगा। इसी पृष्ठभूमि में देश की शीर्ष अदालत, सर्वोच्च न्यायालय, ने मुफ्त की योजनाओं के अनियंत्रित विस्तार पर गंभीर टिप्पणी की। यह टिप्पणी केवल कानूनी दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को लेकर एक चेतावनी है। लोकतंत्र का मूल उद्देश्य जनकल्याण है। राज्य का दायित्व है कि वह गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों को सहारा दे। सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं, न्यूनतम जीवन स्तर की गारंटी-ये सब कल्याणकारी राज्य की पहचान हैं। लेकिन जब जनहित और चुनावी लाभ के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है, तब समस्या जन्म लेती है। लक्षित समर्थन और अतिरेक उदारता में अंतर है। एक ओर ऐसी योजनाएं हैं जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती हैं, दूसरी ओर ऐसी घोषणाएं हैं जो केवल मतदाता को तात्कालिक राहत देकर उसे निर्भरता की आदत सिखाती हैं। जब राजस्व घाटे से जूझ रहे राज्य मुफ्त बिजली, मुफ्त यात्रा या नकद वितरण की घोषणाएं करते हैं, तो प्रश्न उठता है कि यह संसाधन कहां से आएंगे और इसकी कीमत कौन चुकाएगा? राजकोषीय अनुशासन किसी भी राज्य की आर्थिक सेहत का आधार है। यदि राज्य अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए खजाने को खाली करता है, तो दीर्घकालिक विकास प्रभावित होता है। जो धन बुनियादी ढांचे के निर्माण, अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण, विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार और रोजगार सृजन में लगना चाहिए, वह वोटों की फसल काटने में खर्च हो जाता है। यह प्रवृत्ति केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी चिंताजनक है। लोकतंत्र में मतदाता की स्वतंत्रता सर्वोपरि मानी जाती है। यदि मतदाता को परोक्ष रूप से आर्थिक प्रलोभन देकर प्रभावित किया जाता है, तो यह स्वतंत्र निर्णय की भावना को कमजोर करता है। सर्वोच्च न्यायालय ने तार्किक प्रश्न उठाया कि राज्य रोजगार सृजन और कौशल विकास पर अधिक ध्यान क्यों नहीं देते? वास्तव में रोजगार ही स्थायी सशक्तीकरण का माध्यम है। जब व्यक्ति अपने श्रम और कौशल से आय अर्जित करता है, तब उसमें आत्मसम्मान और आत्मविश्वास दोनों विकसित होते हैं। इसके विपरीत, निरंतर मुफ्त सुविधाएं व्यक्ति को निर्भर बनाती हैं। धीरे-धीरे परिश्रम की संस्कृति कमजोर पड़ती है और समाज में अकर्मण्यता की मानसिकता पनपने लगती है। यह स्थिति लोकतंत्र की सुदृढ़ता के लिए खतरनाक है, क्योंकि लोकतंत्र केवल वोट डालने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि सक्रिय और जिम्मेदार नागरिकता का नाम है। चुनाव पूर्व घोषित योजनाओं की निष्पक्षता भी प्रश्नों के घेरे में है। जब आचार संहिता लागू रहने के दौरान बड़े पैमाने पर आर्थिक वितरण होता है, तो विपक्षी दल इसे असमान प्रतिस्पर्धा मानते हैं। ऐसे मामलों में निष्पक्ष निगरानी की जिम्मेदारी भारत का निर्वाचन आयोग पर आती है। निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी दल मतदाताओं को अप्रत्यक्ष रिश्वत देकर चुनावी लाभ न ले। आचार संहिता का उल्लंघन केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादा का हनन है। यदि इस पर कठोर कार्रवाई नहीं होती, तो भविष्य में यह प्रवृत्ति और गहरी जड़ें जमा सकती है।

निस्संदेह, इस बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती है कि राज्यों का यह प्राथमिक कर्तव्य है कि वे विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों की खास तौर से देखभाल करें। हालांकि, जब राजस्व घाटे वाले राज्य मुफ्त की योजनाओं पर बड़ी रकम खर्च करते हैं, तो सरकारी खजाने पर दबाव और अधिक बढ़ जाता है। विडंबना यह है कि जिस धनराशि का इस्तेमाल बुनियादी ढांचे में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं को सक्षम बनाने और शिक्षा की सुविधा को समृद्ध करने के लिये किया जाना चाहिए, वो राशि अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिये खर्च कर दी जाती है। जरूरत इस बात की है कि कौशल विकास के जरिये लोगों को इस तरह सक्षम बनाया जाए जिससे उन्हें दीर्घकालिक व स्थायी लाभ मिल सकें। यह भी समझना होगा कि मुफ्त योजनाओं का हर स्वरूप गलत नहीं है। आपातकालीन परिस्थितियों में राहत देना, महामारी या प्राकृतिक आपदा के समय सहायता पहुंचाना, सामाजिक न्याय के तहत वंचित वर्गों को अवसर देना-ये सब राज्य की जिम्मेदारी है। परंतु चुनावी मौसम में अचानक घोषणाओं की बाढ़ आ जाना और दीर्घकालिक वित्तीय परिणामों की अनदेखी करना लोकतांत्रिक परिपक्वता का संकेत नहीं है। यह राजनीतिक दलों के वैचारिक दिवालियेपन को दर्शाता है, जहां दूरदृष्टि की जगह तात्कालिक लाभ को प्राथमिकता दी जाती है। लोकतंत्र की मजबूती केवल संस्थाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों की सजगता से भी आती है। यदि मतदाता केवल तात्कालिक लाभ देखकर मतदान करता है, तो वह अनजाने में ऐसी संस्कृति को प्रोत्साहित करता है जो अंततः उसी के भविष्य को प्रभावित करती है। परिपक्व मतदाता वही है जो घोषणाओं के पीछे की मंशा और आर्थिक व्यवहार्यता को समझे। वह यह पूछे कि पांच साल बाद राज्य की आर्थिक स्थिति क्या होगी, विकास की दिशा क्या होगी और रोजगार के अवसर कितने बढ़ेंगे। लोकतंत्र में वोट केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। आज भारत स्वयं को वैश्विक मंच पर एक सशक्त लोकतंत्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। हम विश्वगुरु बनने का संकल्प लेते हैं, लेकिन यदि हमारी राजनीति लोकलुभावनवाद के जाल में उलझी रहेगी, तो यह संकल्प खोखला सिद्ध होगा। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने का गौरव तभी सार्थक है जब हमारी नीतियां दूरदर्शी, संतुलित और टिकाऊ हों। मुफ्त की संस्कृति से बाहर निकलकर उत्पादकता, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना ही वास्तविक प्रगति का मार्ग है। यह समय आत्ममंथन का है। राजनीतिक दलों को समझना होगा कि जनता को सशक्त बनाना केवल धन बांटने से संभव नहीं है। शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और रोजगार-ये चार स्तंभ किसी भी राष्ट्र की मजबूती तय करते हैं।

## हेक्सागन गठबंधन के अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक मायने समझिए

**(कमलेश पांडे)**

देखा जाए तो हेक्सागन गठबंधन की भावी योजनाओं से चीन के बीआरआई जैसे प्रयासों को चुनौती मिल सकती है। इसका अपेक्षित प्रभाव यह होगा कि एक 'नई वैश्विक धुरी' बनाने का जो नेतन्याहू का विजन है, वो विकास-समर्थक राष्ट्रों को शांति और समृद्धि के लिए एकजुट करने वाला है। इसलिए भारत इसमें प्रमुख भूमिका निभा सकता है। इजरायल द्वारा प्रस्तावित हेक्सागन गठबंधन के अंतर्राष्ट्रीय मायने बेहद दिलचस्प हैं। यह अतिवादी ताकतों के विरूद्ध शक्ति संतुलन स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वास्तव में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा प्रस्तावित यह गठबंधन एक ऐसा कूटनीतिक समूह है, जिसमें भारत, अरब देश, अफ्रीकी राष्ट्र, ग्रीस, साइप्रस और अन्य एशियाई देश शामिल होंगे। समझा जाता है कि भले ही इस गठबंधन का मुख्य उद्देश्य कट्टरपंथी शिया और सुन्नी ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर सुरक्षा, स्थिरता और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है, लेकिन इसके उन वैश्विक कूटनीतिक निहितार्थों से भी इंकार नहीं किया जा सकता, जो अमेरिका, चीन और रूस जैसे तीनों अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के कान खड़े करने वाले साबित हो सकते हैं। ऐसा इसलिए कि इस गठबंधन में विश्व की चौथी बड़ी शक्ति भारत बेहद मजबूत और नेतृत्वकारी स्थिति में रहेगा। लिहाजा इसका स्वरूप तय हो जाने के बाद अरब और खाड़ी के इस्लामिक देशों पर वर्चस्व की जो होड़ वैश्विक महाशक्तियों के बीच मची रहती है, उस पर एक हद तक अल्पविराम भी लगेगा। दरअसल, हेक्सागन गठबंधन छह-पक्षीय (हेक्सागन) धुरी है जो पश्चिम एशिया में नई वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगी, क्योंकि भारतीय उपमहाद्वीप से भी इसे पूरी ताकत मिलेगी। यह भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे से भी जुड़ी हुई है। वहीं इस बेमिसाल गठबंधन में भारत को प्रमुख भूमिका दी गई है, जिसमें एआई क्वांटम कंप्यूटिंग और सुरक्षा सहयोग पर फोकस होगा। जहां तक भारत की भागीदारी की बात है तो भारत अभी आधिकारिक रूप से इसमें शामिल नहीं हुआ है, लेकिन पीएम मोदी की 25-26 फरवरी 2026 को होने वाली इजरायल यात्रा के दौरान इस पर चर्चा और समझौते होने की संभावना बलवती है। समझा जाता है कि यह 2017 के बाद पीएम मोदी की यह दूसरी बड़ी यात्रा होगी, जो पारस्परिक संबंधों को और अधिक मजबूत करेगी। वहीं नेतन्याहू ने इसे कट्टरपंथ विरोधी नई धुरी बताया है। उल्लेखनीय है कि हेक्सागन गठबंधन अभी औपचारिक रूप से अस्तित्व में नहीं आया है, लेकिन इसमें शामिल होने वाले प्रमुख देशों या समूहों में इजरायल, भारत, ग्रीस, साइप्रस, कुछ अरब राष्ट्र और अफ्रीकी देश शामिल बताए गए हैं। इस गठबंधन का मुख्य देश इजरायल है जो गठबंधन का प्रस्तावक और केंद्र बिंदु है। जबकि भारत इसके प्रमुख भागीदार के रूप में देखा जा रहा है, खासकर सुरक्षा और तकनीकी सहयोग के लिए। वहीं ग्रीस और साइप्रस इसके भूमध्यसागरीय रणनीतिक साझेदार देश हैं। जबकि अरब के कतिपय देश विकास और शांति समर्थक राष्ट्र के तौर पर रहेंगे। वहीं अफ्रीकी देश क्षेत्रीय स्थिरता के लिए इसमें शामिल होंगे। जबकि अन्य एशियाई देश इसमें भारत और उस जैसे सहयोगी की भूमिका में शामिल किए जाएंगे। जहां तक हेक्सागन गठबंधन के उद्देश्य की बात है तो यह गठबंधन कट्टरपंथी शिया-सुन्नी ताकतों के खिलाफ एकजुटता का प्रयास है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6018

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 3 | | 1 | 6 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | 4 | | | | | | |
| | | | 4 | 6 | | | 7 | 2 |
| | 7 | | | 3 | | | 5 | |
| 4 | 3 | | | 5 | 2 | | | |
| | | | | | | 1 | 8 | 5 |
| | 8 | | | | | 7 | 4 | |
| | | | 1 | 7 | | 2 | | 3 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6017

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

### वर्ग पहेली 6018



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 4 जुलाई 1898 को भारत के पहले कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने जन्म लिया था (8)
6. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
7. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)
9. आगमन होना, एक प्राचीन सिक्का (2)
10. मेरा या मेरी (2)
12. जलती हुई वस्तु को ठंडा करना, पहेली हल करना (3)
14. लालू यादव की राजनीतिक पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
15. एक प्रशंसा सूचक शब्द (2)
16. अपवित्र, अशुद्ध, अशुचि (3)
18. व्यक्ति कीभावी गतिविधि आदि के लक्षण, निशान, शत्रु को घेरकर किया जाने वाला हमला, मेघमाला (3)
19. आसान, सुगम, सरल (3)
20. ठंडी और मृदुल हवा, मृदुल समीर, दिलीप कुमार की अभिनेत्री सास जिनका जन्म 4 जुलाई 1916 को हुआ था (3)

**ऊपर से नीचे**(2)

1. फलों के समान रंग वाला, अत्यंत सुंदर (4)
2. येन मुद्रा इस देश में प्रचलित है (3)
3. इस अभिनेत्री ने पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर मोहसिन खान से विवाह किया था (सिर्फ नाम)(2)
4. झगड़ा कराके सुलह कराना (6)
5. दायक, देने वाला (2)
6. जो राह भटक गया हो, पथभ्रष्ट, भटका हुआ (उर्दू) (4)
11. पाठशाला, विद्यालय (उर्दू)(4)
13. वृथा, व्यर्थ, बेमतलब (3)
15. लौटा हुआ, केश हुआ (3)
17. फारस (आधुनिक ईरान) देश से संबंध रखने वाला या इस देश का निवासी (3)
18. वर्तमान दिन, जो दिन बीत रहा है, इस दिन (2)

### वर्ग पहेली 6017 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फे | स | बु | क | | फ | री | द |
| फ | ल | क | | म | ल | मा | स |
| ड़ | | से | ह | त | | ला | |
| | जे | ल | | ग | | गू | दा |
| ज | | र | म | ण | | | म |
| य | म | | त | ना | व | | न |
| दे | हा | त | | | क | ल | गी |
| व | न | ज | | रे | | ता | र |

## आज का राशिफल

**मेष**

आज महत्वपूर्ण व्यापारिक निर्णय लेने या नई परियोजनायें आरम्भ करने से बचें। कार्यस्थल पर हो रही राजनीति आपको परेशान कर सकती है। आप को अपने व्यवसाय में अनावश्यक परिवर्तन का सामना करना पड़ सकता है। जो बातें आपने की ही नहीं, उनके लिए आपको दोषी ठहराया जा सकता है। आप तुच्छ मुद्दों पर भी संवेदनशील हो सकते है।

**वृष**

आज कई नए अवसर आँएगें और आप उनका पूरा फायदा उठाने के लिए तत्पर रहेंगें। नौकरी पेशा लोगों के लिए भी अति व्यस्त रहने की संभावना है। आज आप के लिए एक अनुकूल दिन है। फ़िज़ा में रोमांस है और यदि आप अविवाहित हैं, आप में से कुछ लोगों की किसी पुराने दोस्त से मुलाक़ात होगी और आप मिलकर कुछ प्रिय यादें पुनर्जीवित करेंगे।

**मिथुन**

आज कारोबार बहुत लाभदायक रहेगा। निवेश और अचल संपत्ति से आर्थिक लाभ की संभावना है। आप को व्यापर में नए ग्राहक मिलेंगें। आप को अपने बुजुर्गों से महंगे तोहफे प्राप्त होंगें।आपके जीवन साथी आप पर प्रेम, सेवा और स्नेह की बौछार करेंगें।

**तुला**

आप को आज कोई अच्छी खबर मिल सकती है - यह खबर आपकी तरक्की होगी। आप आज व्यवसाय सम्बन्धी आत्मविश्वास से भर जायेंगें। आप अपने सर्वेष्ट रूप में रहेंगें और सभी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। आज सामाजिक मेल मिलाप के लिए अच्छा दिन है। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक**

आज आप बहुत व्यस्त रहेंगें। अचानक उत्पन्न अप्रत्याशित व्यय वित्तीय परेशानी दे सकते है। आप को मित्रों और रिश्तेदारों के साथ गलतफहमी का सामना करना पड़ सकता है। तथ्यों का निरपराध विरूपीकरण व्यक्तिगत संबंधों में अविश्वास और आघात की स्तिथि पैदा कर सकता है। प्रियजनों के साथ अति संवेदनशील होने की कोशिश ना करें। दूसरों के विषय में निर्णायक ना बनें।

**धनु**

आज लोग आपकी प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचा सकते हैं, ऐसे लोगों की संगत से दूर रहें. कार्य सफलता में आने वाली अड़चनों से आप कुछ समय के लिए निराश हो सकते हैं. इस बात की प्रबल संभावना है की आप के आसपास के लोग आपके रिश्ते में मतभेद पैदा करने की कोशिश करेंगे.कदाचित आप अपने साथी में ही नुक्स निकालने लगेंगें।

**कर्क**

आज बेहतर व्यापारिक प्रस्तावों के अवसर मिलने की संभावनाएं प्रबल हैं। वित्तीय दृष्टिकोण से, दिन आप के लिए अनुकूल है। आप को आय के अतिरिक्त स्त्रोत प्राप्त हो सकते हैं। आप आज का दिन अपने पुराने दोस्तों के साथ बिता सकते हैं। अपने प्रियतम के समक्ष प्यार का इज़हार करने के लिए समय उपयुक्त है। आज आप काफी फुर्तीले और आतुर रहेंगें।

**सिंह**

आज आप का आत्मविश्वास उच्च स्तरीय रहेगा और काम में तरक्की के अधिक से अधिक मौके मिलेंगे। जो व्यक्ति नौकरी के साक्षात्कार के परिणामों का इंतजार कर रहे हैं, आज उन्हें अनुकूल परिणाम मिलेंगें। ऋण के लिए आवेदन करने के लिए यह सही समय है। प्रेम प्रस्ताव आज सफल होंगें। आपका जीवन साथी आज आपको कुछ अच्छी खबर देगा।

**कन्या**

आज आपकी कार्यकुशलता और प्रवीणता उपलब्धियों और सफलता में परिवर्तित होंगीं। आप अच्छे मित्रों की संगत का आनंद उठा पाएँगें. आज आप प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगें. आप को जो भी प्राप्त होगा, उसका लाभ और आनंद उठा पाओगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मकर**

आज आप को अनुकूल और लाभदायक परिणाम प्राप्त होंगें। विवाहित जोड़ें आज प्रणय-सुख का अनुभव करेंगें। यह समय अपने आप को तनावों से मुक्त करने और मित्रों के साथ पागल पंथी करने के लिए उत्तम है। यदि आप अपनी पुरानी उम्मीदों को छोड़ देने और भविष्य को गले लगाने के लिए तैयार हैं, तो आज आप को आश्चर्यजनक खुशी प्राप्त हो सकती है। आप अच्छे स्वास्थ्य का आनंद उठा पायेंगें।

**कुंभ**

आज अपनी संगठनात्मक क्षमता और शांत मानसिक प्रक्रिया की सहायता से आप अपने कार्य सफलतापूर्वक पूरे कर पाएंगें। पारिवारिक जीवन संतोषजनक रहेगा और आपका जीवन साथी आपका सहायक सिद्ध होगा। आपका वैवाहिक जीवन कुछ चिरस्थायी प्यार के क्षणों के साथ एक खूबसूरत मोड़ ले लेगा। दोस्तों के साथ रुचि, अनुभव और विचार बांटने से आपका उत्साह बढ़ेगा।

**मीन**

आज आप अपनी तर्क क्षमता से आप अपने नैसर्गिक संगठनात्मक कौशल को बढ़ा पायेंगें। इसमें कोई शक नहीं कि आप अपने सभी प्रयासों में सफल होंगें। एक ऋण मंजूर होने की सम्भावना है - वह भी आपकी अपनी शर्तों पर। रोमांस के अवसर स्पष्ट रूप से मिलेंगें, लेकिन ये प्रणय के क्षण अल्पजीवी होंगें।। अपने प्रिय के साथ कठोर शब्दों का प्रयोग ना करें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

**मुंबई क्रिकेट का बड़ा ऐलान**

## वानखेड़े में रवि शास्त्री के नाम होगा स्टैंड



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने मुंबई और भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों को सम्मानित करने का बड़ा फैसला लिया है। मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में एक स्टैंड का नाम पूर्व भारतीय ऑलराउंडर रवि शास्त्री के नाम पर रखा जाएगा। इसके साथ ही स्टेडियम के तीन गेट भी शहर के महान क्रिकेटरों के नाम पर समर्पित किए जाएंगे।

**लेवल-1 स्टैंड अब होगा रवि शास्त्री के नाम** – एमसीए ने पुष्टि की है कि प्रेस बॉक्स के नीचे स्थित लेवल-1 स्टैंड का नाम रवि शास्त्री के नाम पर रखा जाएगा। यह फैसला मुंबई में हुई एपेक्स काउंसिल की बैठक में लिया गया। शास्त्री को यह सम्मान उनके खिलाड़ी, कप्तान, कोच और कमेंटेटर के रूप में भारतीय क्रिकेट में दिए गए योगदान के लिए दिया जा रहा है।

### इन दिग्गजों के नाम होंगे स्टेडियम के गेट

रवि शास्त्री के अलावा, तीन अन्य महान खिलाड़ियों को भी विशेष सम्मान दिया जाएगा-

- गेट नंबर 3 का नाम दिलीप सरदेसाई के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने 30 टेस्ट मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 1960-61 से 1972-73 के बीच 179 फर्स्ट क्लास मुकाबले खेले।
- गेट नंबर 5 समर्पित होगा दीना ईदुल्जी को, जो भारतीय महिला क्रिकेट की अग्रणी खिलाड़ियों में से एक रहीं। उन्होंने 20 टेस्ट और 34 वनडे मैच खेले।
- गेट नंबर 6 का नाम एकनाथ सोलकर के नाम पर रखा जाएगा, जो अपने दौर के बेहतरीन ऑलराउंडर और क्लोज-इन फील्डर माने जाते थे। उन्होंने भारत के लिए 27 टेस्ट और 7 वनडे खेले।

**एमसीए अध्यक्ष का बयान** – एमसीए अध्यक्ष अजींक्य नाइक ने कहा कि मुंबई क्रिकेट इन दिग्गजों की मजबूत नींव पर खड़ा है। उन्होंने कहा, मुंबई क्रिकेट हमारे महान खिलाड़ियों की विरासत पर आधारित है। शहर और देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करना हमारी जिम्मेदारी है। रवि शास्त्री के नाम पर स्टैंड रखना उनके विशाल योगदान को श्रद्धांजलि है। इसी तरह सरदेसाई, सोलकर और एडुल्जी के नाम पर गेट समर्पित करने से हर दर्शक को स्टेडियम में प्रवेश करते समय हमारी गौरवशाली क्रिकेट विरासत की याद आएगी। यह फैसला हमारे अतीत को सम्मान देने और भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरित करने की दिशा में एक कदम है।

## आईपीएल का शेड्यूल चुनाव के चलते बदल सकता है

**26 की जगह 28 मार्च को पहला मैच संभव, बंगाल-तमिलनाडु समेत 5 राज्यों में चुनाव**




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** विधानसभा चुनावों की वजह से आईपीएल 2026 का शेड्यूल बदल सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक टूर्नामेंट का आगाज अब 26 मार्च की जगह 28 मार्च को हो सकता है। हालांकि, बीसीसीआई ने अभी तक नई तारीख पर अंतिम फैसला नहीं लिया है। तमिलनाडु, केरल, असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में होने वाले चुनाव कार्यक्रम के चलते कुछ शहरों में सुरक्षा और बाकी इंतजामों की चुनौती खड़ी हो सकती है। इसी संभावित टकराव को देखते हुए बोर्ड शुरुआती मैचों की तारीख आगे बढ़ाने पर विचार कर रहा है।

**चेपॉक, ईडन गार्डन्स में होते हैं मैच** – विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में तीन ऐसे प्रमुख स्टेडियम हैं जो आईपीएल वेन्यू के रूप में इस्तेमाल होते रहे हैं। तमिलनाडु के चेन्नई स्थित एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) चेन्नई सुपर किंग्स का होम ग्राउंड है।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित ईडन गार्डन्स कोलकाता नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान है, जबकि असम के गुवाहाटी में बना बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स का सेकेंड होम वेन्यू रहा है।

# आज भारत-वेस्टइंडीज के बीच मुकाबला

**● मौसम बड़े मुकाबले में खलल डाल सकती है ● जो जीता वो सेमीफाइनल में**

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच 1 मार्च को कोलकाता में होने वाला मुकाबला सेमीफाइनल की दृष्टि से बेहद अहम है। यह मैच किसी क्वार्टरफाइनल से कम नहीं माना जा रहा। दोनों टीमों के लिए जीत जरूरी है, लेकिन फैंस के मन में एक सवाल है–क्या बारिश इस बड़े मुकाबले में खलल डाल सकती है? भारत बनाम वेस्टइंडीज मैच रविवार, 1 मार्च को कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन में खेला जाएगा। मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा, जबकि टॉस 6ः30 बजे होगा।

**सेमीफाइनल के लिए 'करो या मरो' मुकाबला-** भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 72 रन से जीत दर्ज कर अपनी उम्मीदें जिंदा रखी हैं। अब टीम इंडिया को शाई होप की अगुवाई वाली वेस्टइंडीज टीम को हराकर सेमीफाइनल का टिकट पक्का करना होगा। वहीं, विंडीज भी जीत के साथ टॉप-4 में जगह बना सकती है। ऐसे में यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 1 मार्च को कोलकाता में बारिश की संभावना नहीं है। मैच के दौरान आसमान साफ रहने की उम्मीद है।दिन में तापमान करीब 34 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, जबकि शाम को यह घटकर 25-26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। फिलहाल मौसम पूरी तरह से क्रिकेट के अनुकूल नजर आ रहा है और फैंस को पूरे 40 ओवर का खेल देखने को मिल सकता है।




### अगर बारिश हुई तो क्या होगा?

हालांकि बारिश की संभावना कम है, लेकिन अगर किसी कारणवश मैच रद्द होता है तो समीकरण बदल जाएंगे। भारत और वेस्टइंडीज दोनों के पास फिलहाल 2-2 अंक हैं। मैच रद्द होने पर दोनों को एक-एक अंक मिलेगा और तीन-तीन अंक हो जाएंगे।ऐसी स्थिति में बेहतर नेट रन रेट के आधार पर वेस्टइंडीज सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकती है।



# 67 साल का इंतजार खत्म

## जम्मू-कश्मीर ने जीता पहला रणजी ट्रॉफी खिताब

*हुबली (एजेंसी)। भारतीय घरेलू क्रिकेट के इतिहास में नया अध्याय जुड़ गया है। जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम ने कर्नाटक के खिलाफ ड्रॉ रहे फाइनल के बाद पहली पारी की बढ़त के आधार पर अपनी पहली रणजी ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया। 67 साल के लंबे इंतजार के बाद टीम ने देश की सबसे प्रतिष्ठित घरेलू ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।*






### कमरान इकबाल और लोटरा की ऐतिहासिक साझेदारी

पांचवें दिन 186/4 से आगे खेलते हुए कमरान इकबाल और साहिल लोटरा ने कर्नाटक की उम्मीदें खत्म कर दीं। कमरान इकबाल ने 160* रन की नाबाद पारी खेली, जबकि साहिल लोटरा ने अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक (101*) जड़ा। दोनों ने मिलकर मैच पूरी तरह जम्मू-कश्मीर की झोली में डाल दिया।

### पूरे सीजन में टीम वर्क का कमाल

यह जीत सिर्फ एक-दो खिलाड़ियों की बदौलत नहीं थी, बल्कि पूरे सीजन की मेहनत का नतीजा थी। कप्तान पारस डोगरा ने इस सीजन में रणजी ट्रॉफी में 10,000 रन पूरे किए। यावर हसन, अब्दुल समद और कनहैया वाधवन ने अहम मौकों पर योगदान दिया। औकिब नबी ने इस सीजन में सातवीं बार एक पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया। सेमीफाइनल में बंगाल के खिलाफ भी नबी की घातक गेंदबाजी ने टीम को फाइनल का टिकट दिलाया था।

### कर्नाटक के हाथ लगी निराशा

नौवीं बार खिताब जीतने के इरादे से उतरी कर्नाटक टीम निर्णायक मौकों पर पिछड़ गई। अंतिम दिन वह एक भी विकेट नहीं ले सकी। करुण नायर और केएल राहुल जैसे पार्ट-टाइम गेंदबाजों को भी आजमाया गया,

### पहली पारी की बढ़त बनी जीत की कुंजी

फाइनल में जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 584 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में कर्नाटक क्रिकेट टीम 293 रन पर सिमट गई। तेज गेंदबाज औकिब नबी ने 54 रन देकर 5 विकेट चटकाए और कर्नाटक को बैकफुट पर धकेल दिया। 291 रन की बढ़त ही अंततः खिताब का आधार बनी। फॉलो-ऑन न देने का फैसला भी टीम के लिए सही साबित हुआ। दूसरी पारी में जम्मू-कश्मीर ने 113 ओवर में 4 विकेट पर 342 रन बनाए और कुल बढ़त 633 रन की हो गई। इसके बाद कप्तान पारस डोगरा ने पारी घोषित कर दी और दोनों टीमों ने मैच ड्रॉ करने पर सहमति जताई।

### जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक जीत पर आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने दी बधाई



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** हुबली में रचे गए ऐतिहासिक अध्याय के बाद जम्मू-कश्मीर की रणजी ट्रॉफी जीत पर दुनियाभर से बधाइयों का सिलसिला जारी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह ने इस उपलब्धि को जज़्बे, संघर्ष और सामूहिक प्रयास की मिसाल बताया।

**जज़्बे और धैर्य की अद्भुत कहानी** – जय शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा- भारत की जम्मू-कश्मीर टीम को जज़्बे और धैर्य की शानदार कहानी लिखने के लिए बधाई। खिलाड़ी निश्चित रूप से सराहना के हकदार हैं, लेकिन कोचिंग स्टाफ, प्रबंधन और प्रशासकों का योगदान भी याद रखना चाहिए, जिन्होंने पर्दे के पीछे कड़ी मेहनत की। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि सामूहिक समर्पण का परिणाम है। पूरे टूर्नामेंट में टीम ने संयम, आत्मविश्वास और संतुलित प्रदर्शन का परिचय दिया, जिसने उन्हें भारतीय घरेलू क्रिकेट के इतिहास में अमर कर दिया।

**युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी जीत** – जय शाह ने इस जीत के व्यापक प्रभाव पर भी जोर दिया। मुझे विश्वास है कि यह जीत क्षेत्र के युवाओं के दिलों में विश्वास जगाएगी और अगली पीढ़ी को बल्ला या गेंद उठाने के लिए प्रेरित करेगी।

# डेरिल मिचेल को मिला आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड

**भारत के खिलाफ दो मैच जिताऊ शतक लगाए थे**



**दुबई (एजेंसी)।** दुबई से आई बड़ी खबर के मुताबिक आईसीसी ने जनवरी महीने के लिए पुरुष और महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ का ऐलान कर दिया है। न्यूजीलैंड के स्टार ऑलराउंडर डेरिल मिचेलऔर बांग्लादेश की बल्लेबाज शोभना मोस्तारी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया।

### डेरिल मिचेल का धमाकेदार प्रदर्शन

मिचेल ने भारत दौरे पर न्यूजीलैंड की वनडे सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई। तीन मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे होने के बाद मिचेल ने लगातार दो शतक जड़कर मैच का रुख पलट दिया।

दूसरे वनडे में 131* रन
तीसरे वनडे में 137 रन

तीसरे मुकाबले में उनके 137 रन की बदौलत न्यूजीलैंड ने 337/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया और सीरीज 2-1 से अपने नाम की। मिचेल ने सीरीज में कुल 352 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुने गए। शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर से नंबर-1 स्थान हासिल किया। टी20 सीरीज में भी उन्होंने 5 मैचों में 125 रन 186.56 की स्ट्राइक रेट से बनाए। इस पुरस्कार की दौड़ में उन्होंने भारत के सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के जो रुट को पीछे छोड़ा।

**शोभना मोस्तारी का ग्लोबल मंच पर जलवा** – महिला वर्ग में बांग्लादेश की शोभना मोस्तारी ने आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप ग्लोबल क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया। पहले छह मैचों में उन्होंने 229 रन बनाए, उनका औसत 45.80 और स्ट्राइक रेट 145.85 रहा। उनकी निरंतरता और आक्रामक अंदाज ने उन्हें आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस और तारा नॉरिस जैसे खिलाड़ियों से आगे कर दिया। मोस्तारी की बल्लेबाजी ने बांग्लादेश को टूर्नामेंट में अजेय रहने में अहम भूमिका निभाई।

# चैंपियंस लीग फुटबॉल- राउंड ऑफ 16 का शेड्यूल

**● 15 बार की विजेता रियल मैड्रिड से भिड़ेगी मैनचेस्टर सिटी ● लिवरपूल-आर्सनल के सामने भी मजबूत चुनौती**

**मैनचेस्टर सिटी (एजेंसी)।** रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के बीच अब तक 15 मैच खेले गए। दोनों को 5-5 में जीत मिली, जबकि 5 मुकाबले ड्रॉ भी रहे।

यूरोप के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट ईएफए चैंपियंस लीग (सीएल) के राउंड-ऑफ-16 के ड्रॉ निकल चुके हैं। इंग्लैंड की मैनचेस्टर सिटी और रिकॉर्ड 15 बार की विजेता रियल मैड्रिड एक बार फिर आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले को टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच भी माना जा रहा है, क्योंकि दोनों ही टीमें टाइटल जीतने की दावेदार हैं।

कोच पेप ग्वार्डिओला की मैनचेस्टर सिटी और कार्लो एंसेलोटी की रियल मैड्रिड के बीच पिछले कुछ सालों में एक नई राइवलरी पैदा हो गई है। पिछले सीजन भी दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए थे। फुटबॉल फैंस भी सोशल मीडिया पर इस मैच को लेकर काफी उत्साहित हैं। सिटी के पास अर्लिंग हालैंड जैसा स्ट्राइकर है, वहीं मैड्रिड के पास विनिशियस जूनियर और जूड बेलिंगम जैसे स्टार प्लेयर्स हैं।




# विल जैक्स ने शेन वॉटसन की बराबरी की

**सबसे ज्यादा 4 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीते, बटलर 10वीं बार शून्य पर आउट**

**कोलंबो (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने 7 विकेट खोकर 159 रन बनाए। इंग्लैंड ने 19.3 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। जीत के हीरो रहे विल जैक्स, जिन्होंने 18 गेंद पर नाबाद 32 रन की तेज पारी खेली और 2 विकेट भी लिए। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। यह उनके वर्ल्ड कप करियर का चौथा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड रहा, इसी के साथ उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन की बराबरी कर ली। दूसरी ओर जोस बटलर टी-20 इंटरनेशनल में 10वीं बार शून्य पर आउट हुए।

**विल जैक्स ने चौथा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीता-** इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में अपना चौथा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीत लिया। इसी के साथ उन्होंने एक ही एडिशन में सबसे ज्यादा अवॉर्ड जीतने के मामले में शेन वॉटसन की बराबरी कर ली, जिन्होंने भी 2012 में 4 अवॉर्ड हासिल किए थे। तब वॉटसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बने थे। वहीं, 2022 में सिकंदर रजा ने तीन बार यह सम्मान पाया था।



**स्पिनर्स ने 31 ओवर्स फेंके-** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में कोलंबो का आर प्रेमदासा स्टेडियम स्पिनर्स के लिए सबसे मददगार साबित हुआ। न्यूजीलैंड-इंग्लैंड मैच में 31 ओवर स्पिनर्स ने फेंके। यह टूर्नामेंट इतिहास के एक मैच में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा रहे। इससे पहले इसी वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले में भी दोनों टीमों के स्पिनर्स ने मिलकर 31 ओवर डाले थे।

**बटलर इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट-** जोस बटलर शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खाता भी नहीं खोल सके। वे इंग्लैंड के लिए टी-20 में सबसे ज्यादा 10 बार शून्य पर आउट हुए हैं। उनके बाद ल्यूक राइट और मोईन अली 9-9 बार डक हुए, जबकि जेसन रॉय 7 बार शून्य पर आउट हुए हैं।

### न्यूजीलैंड के 2 बल्लेबाज स्टंपिंग आउट हुए

न्यूजीलैंड के 2 बल्लेबाज टिम साइफर्ट और मार्क चापमन स्टंपिंग आउट हुए। 7वें ओवर में आदिल रशीद ने टिम साइफर्ट को धीमी गेंद डाली। साइफर्ट बड़ा शॉट खेलने के लिए क्रीज से बाहर निकले, लेकिन गेंद मिस कर गए, इतने में विकेटकीपर जोस बटलर ने स्टंपिंग कर दी। साइफर्ट 35 रन बनाकर आउट हुए। 15वें ओवर में आदिल रशीद ने मार्क चापमन के खिलाफ भी वही रणनीति अपनाई। चापमन लॉन्ग-ऑन के ऊपर शॉट खेलने के लिए आगे बढ़े, लेकिन गेंद की रफ्तार कम थी। शॉट में जल्दबाजी हुई, बैलेंस बिगड़ा और बटलर ने आसान स्टंपिंग कर दी। चापमन 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

## न्यूज बाइट्स

### महफिल-ए-कालीन का होली मिलन समारोह

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** ओबरा (औरंगाबाद)। ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित 'महफिल-ए-कालीन' परिसर में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बुनकरों, प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूनिस सलीम रहे। संस्था की ओर से उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके बाद बीडीओ ने भी उपस्थित बुनकरों को अंगवस्त्र प्रदान कर उनके पारंपरिक कौशल और श्रम की सराहना की। अपने संबोधन में बीडीओ मोहम्मद यूनिस सलीम ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर एकजुटता को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने बुनकरों से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने हुनर को नई पहचान दें और आर्थिक रूप से सशक्त बनें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद कुमार ने की। इस अवसर पर प्रबंधक सचिव राजनंदन प्रसाद, सहायक प्रबंधक विकास रत्नम, वस्त्र अभियंता विवेक रत्नम, बुनकर कपिल भुइयां, राम प्रसाद भुइयां, अनुरोध प्रसाद, जीलेदर पासवान, अनुरुद्ध पासवान, रामाशीष यादव, रघुवंश प्रसाद और कुंदन कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह में होली के पारंपरिक गीत गाए गए और आपसी मिलन के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा। अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा क्षेत्र में शांति, समृद्धि और विकास की कामना की।

### कुटुंबा के छात्र बोधगया—गयाजी भ्रमण पर

**कुटुंबा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के अंतर्गत शनिवार को पीएम श्री मध्य विद्यालय, कुटुंबा के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण दल बोधगया और गयाजी के लिए रवाना हुआ। परिभ्रमण दल को प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहू ने बताया कि कक्षा आठ के 40 विद्यार्थियों को इस शैक्षणिक यात्रा पर भेजा गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने महाबोधि मंदिर सहित बोधगया के विभिन्न बौद्ध स्थलों का अवलोकन किया। बच्चों ने 80 फीट ऊंची बुद्ध प्रतिमा के दर्शन किए और ऐतिहासिक व आध्यात्मिक महत्व से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। ज्ञान और मोक्ष की भूमि बोधगया में विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक धरोहरों को प्रत्यक्ष देखा तथा पवित्र बोधिवृक्ष की छाया में बैठकर शांति और आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। इसके बाद बच्चों ने गयाजी में फल्गु नदी पर निर्मित रबर डैम का अवलोकन किया। उच्च तकनीक से निर्मित इस संरचना को देखकर विद्यार्थी काफी प्रभावित हुए और जल प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। परिभ्रमण दल में शिक्षक सतीश कुमार सिंह और शिक्षिका कुमारी नंदिनी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी शामिल रहीं।

होली को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक, प्रशासन ने दिए कड़े निर्देश

# झुमटा-जुलूस व होली में आपत्तिजनक झांकियों पर रहेगी सख्त रोक, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

होली पर्व के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने संयुक्त रूप से की। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की संभावित समस्याओं और संवेदनशील बिंदुओं से प्रशासन को अवगत कराया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि होली के अवसर पर कुछ शरारती तत्व साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास कर सकते हैं, इसलिए प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि झुमटा, जुलूस और अन्य होली कार्यक्रमों में ऐसी किसी झांकी या प्रस्तुति की अनुमति नहीं दी जाए जिससे किसी सम्प्रदाय, जाति या वर्ग की भावनाएं आहत हों। उन्होंने आपसी समन्वय और सतत निगरानी बनाए रखने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सदस्यों से अपील की कि होली मिलन समारोह, झुमटा और मटका जैसे आयोजनों का रूट एवं समय पूर्व निर्धारित कर प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिया जाए और संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना पुलिस को दी जाए। साथ ही शराब तस्करी और नशे की हालत में हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध सख्त विधिसम्मत कार्रवाई की चेतावनी दी।

जिला पदाधिकारी ने अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी फायर ब्रिगेड वाहनों को पूर्ण रूप से तैयार रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सभी थानों में अग्निशमन की छोटी गाड़ियां उपलब्ध हैं, जिन्हें आपात स्थिति में तुरंत तैनात किया जाएगा। इसके अलावा डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने तथा अश्लील गीत बजाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मोहम्मद सादुल हसन खां, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर एसडीएम अमित राजन, सदर डीएसएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना अध्यक्ष एवं जिला शांति समिति के सदस्य सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

## स्कॉर्पियो, जेवरात व 87,500 रुपये बरामद

- 9 फरवरी की रात दो बंद घरों में ताला तोड़कर करीब 1.30 लाख रुपये व गहनों की चोरी की थी।



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

नगर थाना क्षेत्र में हुए चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा के पदभार ग्रहण करते ही की गई कार्रवाई में वार्ड संख्या-7 स्थित संस्कार कॉलोनी, गली-4 में हुई चोरी का पर्दाफाश हुआ। आरोपियों की निशानदेही पर एक स्कॉर्पियो वाहन, 317.54 ग्राम चांदी, 15.18 ग्राम सोने के गहने, 87,500 रुपये नकद तथा सात मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भोजपुर जिले के बड़हरा निवासी गांधी प्रसाद, अभिषेक सोनी, बिहियां साहेब टोला निवासी रामू कुमार, जज बाजार निवासी अंजनी कुमार, आदर्श विहार कॉलोनी के देव शर्मा, राजा बाजार निवासी सुनील कुमार तथा पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के सुबीर ओरेल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, 9 फरवरी की रात कर्मा रोड स्थित संस्कार कॉलोनी में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया था। गृहस्वामी शंकर दयाल सिंह और उनके भाई का परिवार घर में ताला बंद कर देवरिया कला स्थित पैतृक गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। इसी दौरान अपराधियों ने बारी-बारी से दोनों घरों का ताला तोड़कर अलमारी में रखे करीब 1.30 लाख रुपये नकद एवं आभूषण चुरा लिए। सुबह पड़ोसियों से घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल के निर्देश पर सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण, मानव खुफिया तंत्र और अन्य सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरोह का भंडाफोड़ किया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि गिरोह के सदस्य दिन में बंद पड़े घरों की रेकी करते थे और रात में ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। गिरोह सिवान, बक्सर, नवादा समेत झारखंड के कई शहरों में भी चोरी की घटनाओं में संलिप्त रहा है। पुलिस के अनुसार, गिरोह के सदस्य अवैध शराब कारोबार से भी जुड़े हुए हैं। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि सभी आरोपियों से पूछताछ के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें न्यायिक रिमांड के लिए न्यायालय भेज दिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# विवेकानंद वीआईपी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह आयोजित

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




शहर के विवेकानंद वीआईपी स्कूल परिवार की ओर से शनिवार को विद्यालय परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रबंधन समिति के सदस्यों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक डॉ. शंभू शरण सिंह ने सभी विद्यार्थियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली केवल पारंपरिक उत्सव नहीं, बल्कि इसका वैज्ञानिक महत्व भी है। उन्होंने कहा कि भारत विविध सभ्यता और संस्कृति का अनुपम संगम है, जहां प्रत्येक पर्व सामाजिक एकता और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करता है।

उन्होंने महान भौतिक वैज्ञानिक सी वी रमन को स्मरण करते हुए कहा कि उनकी खोजों के सम्मान में देश आज का दिन विज्ञान दिवस के रूप में मनाता है। वैज्ञानिक अनुसंधान और खोज का ही परिणाम है कि मानव पाषाण युग से निकलकर अंतरिक्ष तक पहुंच सका है। डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आज के युवाओं को नवोन्मेषी और तर्कशील सोच विकसित करनी होगी। हर विषय पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर ही भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में अग्रणी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि होली हमें समानता, प्रेम और सामाजिक समरसता का संदेश देती है, इसलिए हमें समाज के हर वर्ग के साथ मिलजुलकर रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और सांस्कृतिक सौहार्द का वातावरण बनाया।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन मनीष वत्स और उपप्राचार्या सूची कुमारी ने भी सभी को होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व सम्पूर्ण मानवता की खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी पर विशेष ध्यान देने की सलाह देते हुए कहा कि वे उत्साह के साथ पर्व भी मनाएं और एकाग्रता के साथ अध्ययन कर सफलता प्राप्त करें।

# किसानों का धरना 413वें दिन भी जारी होली मिलन कर दिखाई एकजुटता



**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

रफीगंज प्रखंड परिसर में किसान मजदूर मोर्चा मगध के बैनर तले किसानों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शनिवार को 413वें दिन भी जारी रहा। लंबे समय से चल रहे इस आंदोलन के बीच किसानों ने होली मिलन समारोह का आयोजन कर अपनी एकजुटता और जागरूकता का परिचय दिया। धरने की अध्यक्षता लडू खां ने की, जबकि संचालन सिद्धी यादव और भोला वर्मा ने किया। समारोह के दौरान किसानों ने कोयल नहर और कृषि समस्याओं से जुड़े गीत प्रस्तुत किए, जिससे धरना स्थल पर उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे डॉ. तुलसी यादव, डॉ. शिवनंदन यादव और संतोष गिरी ने बताया कि यह महाधरना उत्तर कोयल नहर परियोजना के कुट-कुट डैम में फाटक लगाने तथा अंगरा, कोटवारा एवं चेई नवादा शाखा नहर के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने की मांग को लेकर जारी है। किसानों का कहना है कि सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ नहीं होने से खेती बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय से वे ठंड, गर्मी और बरसात के बीच धरना स्थल पर डटे हुए हैं और होली-दशहरा जैसे पर्व भी वहीं मनाकर अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर रहे हैं।

# गरमा महोत्सव सह किसान गोष्ठी, उन्नत खेती व योजनाओं की दी गई जानकारी



**निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)**

कृषि विभाग की आत्मा योजना के तहत दाउदनगर अनुमंडल कार्यालय परिसर में प्रखंड स्तरीय गरमा महोत्सव सह किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को गरमा फसलों की उन्नत खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रजनीकांत भारती, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दीपक पटेल, आत्मा अध्यक्ष नीरज कुमार, कृषि वैज्ञानिक डॉ. आशुतोष कुमार सहित कई अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। अपने संबोधन में एसडीओ अमित राजन ने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों पर अत्यधिक निर्भरता मिट्टी की सेहत के लिए हानिकारक है। यदि किसान जैविक और प्राकृतिक तरीकों को बढ़ावा देंगे तो न केवल भूमि की उर्वरता संरक्षित रहेगी, बल्कि उत्पादन लागत में भी कमी आएगी और आय में वृद्धि संभव होगी।

अधिकारियों ने बताया कि गरमा महोत्सव के उपरांत किसानों के बीच मूंग एवं उड़द के बीज का वितरण किया जाएगा। इससे बेहतर उत्पादन और आय सृजन में मदद मिलेगी। किसानों से बीज योजना सहित कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया गया।

# बोलेरो की टक्कर से ऑटो सवार युवक गंभीर रूप से घायल, रेफर



**निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)**

शनिवार दोपहर लगभग एक बजे बन्देया थाना क्षेत्र के झिकटिया मोड़ के समीप एक सड़क हादसे में ऑटो सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, झिकटिया गांव निवासी 32 वर्षीय संतोष कुमार अपने गांव से गोह बाजार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार और अनियंत्रित बोलेरो ने उनके ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि संतोष कुमार का पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल युवक को तत्काल गोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। स्थिति गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया गया है।

बन्देया थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है। पीड़ित परिवार की ओर से आवेदन मिलने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा नवनिर्मित ज्ञान सरोवर भवन का उद्घाटन



**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**

प्रखंड के खराटी गांव में ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा नवनिर्मित 'ज्ञान सरोवर भवन' का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सजाई गई 12 ज्योतिर्लिंगों की भव्य झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ओबरा थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार, मोतिहार केंद्र की संचालिका मीना दीदी तथा औरंगाबाद केंद्र की संचालिका बीके सविता दीदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। यह भवन ब्रह्माकुमारी संस्थान के तत्वावधान में निर्मित किया गया है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरूकता और राजयोग शिक्षा का प्रसार करना है।

समारोह के दौरान 12 ज्योतिर्लिंगों की झांकी के माध्यम से भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों एवं उनके आध्यात्मिक संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। श्रद्धालुओं ने झांकी का अवलोकन कर आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त की। कार्यक्रम में अम्बा की बेबी बहन, हरिहरगंज की राधा बहन, बारुण की सिंकी बहन, गोह की संगीता दीदी, डेहरी-ऑन-सोन की शोभा दीदी तथा ओबरा संचालिका कल्याणी माता सहित कई गणमान्य बहनों की उपस्थिति रही। आध्यात्मिक सत्रों का संचालन बबली बहन द्वारा किया गया।

# वाहन चोर के घर धनबाद पुलिस ने चस्पाया इश्तिहार गिरफ्तारी से बचने को बदलता था नाम और ठिकाना

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



झारखंड के धनबाद जिले के बरवाअड्डा थाना की पुलिस शनिवार को औरंगाबाद पहुंची और नगर थाना पुलिस के सहयोग से फरार चल रहे शातिर बदमाश रति रंजन कुमार सिंह उर्फ राजू उर्फ रति सिंह के घर पर न्यायालय का इश्तिहार चस्पाया। आरोपी वाहन चोरी के मामले में वांछित है और लंबे समय से फरार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, बरवाअड्डा थाना कांड संख्या 228/2024 और 236/2024 में आरोपी को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) के तहत नामजद किया गया है। उस पर बोलेरो सहित अन्य वाहनों की चोरी में संलिप्त होने का आरोप है। मामला दर्ज होने के बाद से ही वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाना बदल रहा था।

आरोपी औरंगाबाद नगर थाना क्षेत्र के शाहपुर रोड स्थित ठाकुरबाड़ी मोहल्ला निवासी सुरेश सिंह का पुत्र है। वह क्षेत्र में रति रंजन कुमार सिंह, रति सिंह और राजू समेत कई नामों से जाना जाता है। पुलिस के अनुसार, नाम बदलकर वह चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था और पहचान छिपाने की कोशिश करता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए धनबाद न्यायालय ने 9 फरवरी 2026 को आरोपी के विरुद्ध इश्तिहार निर्गत किया था। न्यायालय के आदेश के आलोक में बरवाअड्डा थाना के एएसआई रंजीत साह गोंड के नेतृत्व में पुलिस टीम औरंगाबाद पहुंची। स्थानीय नगर थाना पुलिस के सहयोग से आरोपी के घर के मुख्य दरवाजे पर विधिवत इश्तिहार चस्पाकर तामील की कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूरी प्रक्रिया कानूनी प्रावधानों के अनुरूप संपन्न की गई है। एएसआई रंजीत साह गोंड ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं होता है, तो उसके खिलाफ कुर्की-जब्ती सहित आगे की कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा ने कहा कि वाहन चोरी जैसे मामलों में फरार आरोपितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। पुलिस ने संकेत दिया है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए आगे भी दबिश जारी रहेगी।

# ग्रामीण कार्य विभाग में विनय कुमार सिंह को भावभीनी विदाई, सहकर्मियों ने दी सम्मानपूर्ण शुभकामनाएं

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद में अनुसेवक के पद पर कार्यरत विनय कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर कार्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का माहौल भावनात्मक एवं आत्मीय रहा, जिसमें विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके लंबे सेवाकाल को याद करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति एक निर्धारित प्रक्रिया है। जब कोई कर्मी सेवा में प्रवेश करता है, उसी समय उसकी सेवानिवृत्ति की तिथि भी तय हो जाती है। वर्षों तक साथ काम करने के बाद एक दिन ऐसा आता है जब सहकर्मी अपने पारिवारिक जीवन की नई पारी की शुरुआत करता है। यह क्षण भावुक अवश्य होता है, लेकिन जीवन का स्वाभाविक और गरिमामय चरण भी है। वक्ताओं ने विनय कुमार सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, सरल स्वभाव एवं सहयोगी कर्मी बताया। उन्होंने कहा कि विभाग के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और ईमानदारी सदैव स्मरणीय रहेगी। उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घ जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में ई. सूरज कुमार पाण्डेय, सुरभि चटर्जी, आंतरिक समिति की अध्यक्ष आशा देवी, सदस्य सिम्पी कुमारी, गणेश पद सिंह सरदार, मोहित कुमार मोदक, गौरीशंकर परीक्षा, महादेव कुमार, अनादि प्रमाणिक, महेंद्र प्रसाद, मनोरमा कुमारी, उमा देवी, जांच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला की ज्योति कुमारी तिवारी, अभिषेक कुमार, आरती कुमारी के अलावा निर्भय कुमार सिंह, बबलू कुमार ओझा, भास्कर प्रकाश, कृष्णा राज, सागर सिंह सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे। समारोह के अंत में उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कवि स्पर्श मंच द्वारा 'फागुन श्री सम्मान' से कवियों का अभिनंदन, देशभर के साहित्यकारों ने बिखेरे काव्य-रंग

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय साहित्यिक संस्था राष्ट्रीय कवि स्पर्श मंच द्वारा 'अखिल भारतीय होली मिलन कवि सम्मेलन' का भव्य आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों के रचनाकारों को 'फागुन श्री सम्मान' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देश के उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक के साहित्यकारों ने अपनी सृजनधर्मिता से फागुनी उल्लास, सांस्कृतिक एकता और साहित्यिक समरसता का अद्भुत वातावरण निर्मित किया। संस्था के संस्थापक श्रीराम राय के आह्वान पर आयोजित इस सम्मेलन की अध्यक्षता झांसी के प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. राजेश तिवारी 'मख्खन' ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में होली के आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए साहित्य की लोकमंगलकारी भूमिका को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि के रूप में निवाड़ी (मध्यप्रदेश) के प्रख्यात कवि डॉ. रामनिवास तिवारी 'आशुकवि' उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में औरंगाबाद के साहित्यकार सुरेश विद्यार्थी 'महोत्सव मित्र' ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ वैशाली के डॉ. प्रीतम कुमार झा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इसके उपरांत गोरखपुर की नीलम दुबे 'नीलू' ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को और अधिक सुरम्य बना दिया। सम्मेलन का संचालन श्री राम बहाल सिंह 'बहाल' ने अपने प्रभावी, ऊर्जावान और चुटीले अंदाज में किया, जिससे श्रोता अंत तक कार्यक्रम से जुड़े रहे।

# होली मिलन समारोह में स्वच्छता कर्मियों को किट देकर किया गया सम्मानित



**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

प्रखंड की ग्राम पंचायत बलार में शनिवार को मुखिया अरुण पासवान की अध्यक्षता में स्वच्छता कर्मियों के बीच स्वच्छता किट का वितरण किया गया। होली पर्व के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को होली मिलन समारोह के रूप में मनाया गया, जहां कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया। मुखिया अरुण पासवान ने किट वितरण करते हुए कहा कि स्वच्छता कर्मी पंचायत के "स्वच्छता योद्धा" हैं और गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की अहम जिम्मेदारी उनके कंधों पर है। उन्होंने सभी कर्मियों से अपने दायित्वों का निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ समाज की नींव है और इसमें स्वच्छता कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समारोह का उद्देश्य होली के पावन अवसर पर स्वच्छता कर्मियों के योगदान के प्रति आभार व्यक्त करना और उनका मनोबल बढ़ाना था। कार्यक्रम में स्वच्छता पर्यवेक्षक वीणा कुमारी तथा कोटवारा स्वच्छता पर्यवेक्षक अनिल कुमार भी उपस्थित रहे।